# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-11-2022

# दरवाजे से बाइक चोरी

**फुटहवा ईनार (एसएन)।** चौरीचौरा थानाक्षेत्र के ग्राम सभा बेलवा बाबू निवासी केशव प्रसाद पंकज का रात में दवाले पर खड़ी मोटरसाईकिल चोर उठा ले गये। पीड़ित की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर वाहन की तलाश में जुट गई है।

# वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** कोतवाली पुलिस बड़हलगंज ने वांछित आरोपी थाना क्षेत्र के गहिराघाट निवासी 22 वर्षीय गोविन्द यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी ग्राम गहिराघाट मुअसं- 606/2022 धारा 452, 504, 506 भादवि. व 3(1) द,ध एससी/एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया। कोतवाल मधूपनाथ मिश्र ने बताया कि गहिराघाट गांव निवासी वादी अभिषेक कुमार ने तहरीर मे कहा हैं 11 नवंबर की रात्रि 10 बजे वादी के गांव का गोविंद यादव घर मे घुसकर वादी के छत पर से ताकझांक कर रहा था। जाग होने पर हमलोगों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। पकड़े जाने पर हम लोगों को गाली देने लगा।

# समधान दिवस : भूमि विवाद का गंभीरतापूर्वक करें निस्तारण

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे अपरजिलाधिकारी पुरुषोत्तम दास ने फरियादियो की फरियाद सुनी। एडीएम के समक्ष कुल 19 मामले आए, मौके से मात्र 5 का ही निस्तारण हो सका। एडीएम ने शेष लंबित मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मामलो की जांच कर जल्द से जल्द निस्तारण करने का आदेश दिया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष कार्यवाहक एसएसआई शिवराज सिंह, दिनेश कुमार, अवधेश पाण्डेय, आलोक सिंह, जितेंद्र यादव, सुनिल यादव, चन्दन राय, कानूनगो प्रेमचंद यादव, लेखपाल राकेश दुबे, शैलेश सिंह, अमित, नमन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।







**एसडीएम ने मामलों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश**

**कैम्पियरगंज।** स्थानीय थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी पंकज दीक्षित ने करते हुए राजस्व विभाग एवं पुलिस से संबंधित मामलो को सुना और सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल व थाना प्रभारी को तत्काल मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण तरीके से मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में कुल 14 फरियादियों ने गुहार लगाई जिसमें 13 मामले राजस्व एवं 1 मामला पुलिस विभाग से संबंधित रहा। पुलिस से संबंधित मामलो को थाना प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र कुमार सिंह ने अपने मातहत कर्मियों को मौके पर पहुंच कर समस्या के निस्तारण करने का निर्देश दिये। समाधान दिवस में एसएसआई राकेश कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक विजय कुमार त्रिपाठी, एसआई, सगीर अहमद, मधुरेश त्रिवेदी, अतुल तिवारी, चौकी प्रभारी केके सिंह, प्रभात सिंह, विनय कुमार शुक्ल, राजस्व लेखपाल गिरजा दत्त पाण्डेय, हेमन्त कुमार शुक्ल, संगीता गुप्ता, प्रेमलता, कंचन दूबे, माधवी त्रिपाठी, कांस्टेबल राघवेन्द्र सिंह, रोशनी मौर्य, अनुराधा सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

**बांसगांव में 22 मामलों में दो का निस्तारण**

**बांसगांव।** कोतवाली परिसर में शनिवार को तहसीलदार दीपक गुप्ता की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान उनके समक्ष 22 शिकायती प्रार्थना पत्र जिसमें अधिकांश शिकायती प्रार्थना पत्र राजस्व से सम्बंधित रहे। मौके पर 02 मामले का निस्तारण हुआ। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह, एसएसआई लक्ष्मी नारायण दिवेदी,चौकी इंचार्ज इत्यानन्द पांडेय कानूनगो धीरेन्द्र सिंह,आशीष शाही,विवेक रानू आदि मौजुद रहें।

**हरपुर बुदहट में 13 मामलें में दो का निस्तारण**

**हरपुर-बुदहट।** हरपुर बुदहट थाने पर समाधान दिवस एसडीएम सहजनवां सुरेश राय की अध्यक्षता में किया गया। 13 मामले राजस्व से संबन्धित आए जिसमें 2 का निस्तारण किया गया। पिछ्ले समाधान दिवस का एक प्रार्थनापत्र का आज भी निस्तारित नहीं हुआ। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह, उपनिरीक्षक कादिर खां, राजस्व निरीक्षक प्रसिद्ध नरायन पांडेय, लालबचन यादव, शरतेन्दु, मोहित सहित कानूनगो व हल्का लेखपाल मौजूद रहे।

**उरुवा थाने पर पहुंचे 5 मामले, सभी लम्बित**

**उरुवा बाजार।** शनिवार को थाना समाधान दिवस पर उरुवा थाने पर 5 मामले पहुंचे। किसी मामले का निस्तारण नही हो सका। रौजा दरगाह में जमीन विवाद को लेकर सुराती देवी पहुंची। कोनी खुर्द चन्द्रप्रकाश ने नाली विवाद, उसरी के रामपाल ने जमीनी विवाद, नरायनपुर के सत्यदेव यादव ने चकबन्दी विवाद, बढ़या के कृष्ण कुमार मिश्रा ने चकरोड विवाद, को लेकर थाने पर पहुंचे। लेकिन किसी भी मामले का निस्तारण नही हो सका। थाना दिवस प्रभारी नायब तहसीलदार पंकज गुप्ता ने कहा कि समाधान दिवस पर कई विवाद के मामले आये। जिनके समाधान के लिए सम्बंधित विभाग को निर्देशित कर दिया गया है। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना उरुवा सुनील कुमार निषाद , कानूनगो रमेश पाण्डेय, सुनील शर्मा, सहित आदि लोग उपस्थित थे।

**शाहपुर में सर्वाधिक मामले राजस्व के आए**

**पादरी बाजार।** शाहपुर थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर सीटी मजिस्ट्रेट अंजनी कुमार सिंह व उप जिलाधिकारी (न्यायिक) पवन कुमार की मौजूदगी में राजस्व से संबंधित 12 मामले को निस्तारित किया गया जिसमें दो मामले का निस्तारण मौके पर जाकर सिटी मजिस्ट्रेट और अंजनी कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक शाहपुर रणधीर कुमार मिश्रा ने निस्तारित किया। शाहपुर थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में कुल 20 मामले आए थे जिसमे 18 मामले राजस्व के थे व 2 मामले पुलिस के थे। राजस्व के 12 मामले निस्तारित किए गए जबकि पुलिस संबंधित एक भी मामला निस्तारित नहीं हो पाया। समाधान दिवस पर सीटी मजिस्ट्रेट अंजनी कुमार सिंह उप जिलाधिकारी( न्यायिक) पवन कुमार, अपर नगर मजिस्ट्रेट राजू वर्मा, राजस्व निरीक्षक प्रद्युम्न सिंह, प्रभारी निरीक्षक शाहपुर रणधीर कुमार मिश्रा सहित चौकी प्रभारी पादरी बाजार धर्मवीर सिंह, चौकी प्रभारी हड़हावा फाटक महेश चौबे, चौकी प्रभारी जेल रोड श्रीमती राज कुमारी शुक्ला, उप निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह, लेखपाल गण विजय कुमार गुप्ता, मंजेश कुमार, मनोज चौधरी, धनंजय श्रीवास्तव, राजीव बघेल, राजेश आदि उपस्थित रहे।

# राजमिस्त्री की पिटाई कर रुपये छीनने का आरोप

फुटहवा ईनार(एसएनबी)। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा खैराबाद निवासी राजेन्द्र पासवान पुत्र. स्व श्रीपत पासवान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मैं चौरीचौरा से घर जा रहा था कि रास्ते में बाल खुर्द पुलिया से पूरब बंसहिया रोड पर बाल खुर्द निवासी दो लड़के उसके सामने अपनी मोटर साईकिल से आकर रास्ता रोक दिये और सुर्ती मांगने लगे। राजेन्द्र पासवान का आरोप है कि जब उसने सुर्ती न होने की बात कही तो वे गाली देने के साथ उसे मारने-पीटने लगे। इतना ही नहीं, जेब में रखा एक हजार रूपया निकाल कर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पाकर पुलिस मामले की जांच में जुटी। खबर लिखे जाने तक थाने में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

# महिला सफाईकर्मी ने मारने-पीटने की दी तहरीर

हरपुर बुदहट (एसएनबी)। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटसहरा में तैनात महिला सफाईकर्मी ने सहयोगियों के साथ बीते शुक्रवार को रात में गांव में फागिंग करते समय गांव के ही एक व्यक्ति पर मारने-पीटने तथा गाली गुप्ता देने के संबंध में थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। सहजनवां ब्लाक के ग्राम पंचायत कटसहरा में सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत मीरा ने थाने में दी तहरीर में लिखा है कि बीते 1 नवम्बर को ग्राम पंचायत कटसहरा में फागिंग अपने साथी अजय कुमार के साथ कर रही थी। इसी दौरान गांव के एक व्यक्ति ने गाली देते हुए काम रोकने लगा। जब उन्होंने कारण पूछा तो अजय को धक्का दे दिया, जिससे मशीन में आग लग गई। साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई और गिरने से मेरा चश्मा व और चूड़ी टूट गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह ने बताया कि महिला सफाईकर्मी की तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

पिपरौली (एसएनबी)। पुलिस ने दहेज में नकदी,और बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुराल से भगा दी गई विवाहिता की तहरीर पर पति व ससुर सहित पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। बताते चलें कि शशिलता पुत्री रमाकांत निवासी मरवट थाना बड़हलगंज की शादी 10 जून-2019 को सहजनवां थाना क्षेत्र के भीटहा शाहपुर निवासी अभिमन्यु के साथ हुई थी। शादी में खर्च और उपहार को लेकर करीब 6 लाख खर्च किया। ससुराल आने पर पति और परिजन 5 लाख रुपये और बाइक की मांग करने लगे। इस दौरान दहेज के लिए उत्पीड़न भी करना शुरू कर दिये। लंबे समय से शशिकला उत्पीड़न बर्दास्त करती रही। बावजूद इसके ससुराल वालों ने बीते 16 मार्च को मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति अभिमन्यु ,ससुर रामाशीष, जेठानी विमला,सोहरती व ननद जयन्ती के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# बाजार से घर जा रही किशोरी से छेड़छाड़, चार घंटे बाद छोड़ा

चिलुआताल (एसएनबी)। चिलुआताल थाना क्षेत्र की एक अल्पवयस्क किशोरी शुक्रवार की देर शाम बाजार से टैम्पो पकड़ कर घर जा रही थी। रास्ते में मनबढ़ों द्वारा चार घंटो तक अगवा करने का मामला प्रकाश में आया है। 112 नंबर की सूचना पर हरकत में आई चिलुआताल पुलिस जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### 112 पर सूचना देने पर पहुंची पुलिस, जांच-पड़ताल शुरू

शुक्रवार की देर शाम तक बाजार से घर न पहुंचने पर किशोरी की मां को कुछ अनहोनी की आशंका हुई तो उन्होंने तत्काल 112 नंबर पर डायल कर घटना की सूचना दी। सूचना पर हरकत में आई पीआरवी एवं स्थानिय पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल शुरु कर दी। किशोरी के अनुसार बाजार से घर जाने के लिए उसने टैम्पो पकड़ा। टैम्पो ड्राइबर कुछ दूर जाने के बाद मोबाइल से बात कर पिड़िता के गांव के रहने वाले एक युवक को बताया। कुछ देर बाद ही उक्त युवक तीन साथियों के साथ आकर टैम्पो में बैठ गया। चालाक छामू थान की तरफ लेकर टम्पो को चला गया। करीब चार घंटे के बाद लड़की के अनुनय-विनय के बाद देर रात उसे गांव के किनारे छोड़कर सभी फरार हो गये।

घर पहुंचकर किशोरी ने अपनी आप बीती बताई। शनिवार को किशोरी, मां के साथ चिलुआताल थाने पर पहुंच लिखित तहरीर देकर घटना से अवगत कराया। लड़की की मां द्वारा बताया गया कि छः माह पूर्व भी उक्त युवक उनकी लड़की के साथ गलत हरकत की थी, जिसकी लिखित सूचना उन्होंने चिलुआताल पुलिस को दी थी। परंतु पुलिस ने लीपापोती कर सुलह करा दिया गया था।

# अनियंत्रित ट्रक ने कार को मारी ठोकर, केस दर्ज

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा डुमरी खुर्द गांव के सामने शनिवार को गोरखपुर से देवरिया जाते समय एक कार को ओवरटेक करने के चक्कर में एक ट्रक अनियंत्रित होकर कार में जोरदार ठोकर मार दिया। ट्रक की ठोकर से कार चालक बाल-बाल बच गया,लेकिन कार का अगला हिस्सा टूट कर छतिग्रस्त हो गया। कार चालक ने घटना की सूचना तत्काल 112 नम्बर पर फोन कर पुलिस को दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया। घटना के बाद ट्रक चालक गाडी छोड़ कर मौके से फरार हो गया। कार चालक गृजाशंकर शुक्ला ने मुकामी पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक तथा ट्रक के खिलाफ धारा 279,337 व 427 तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्ययक कार्यवाही में जुट गई है।

## अवैध असलहे से पत्नी पर किया फायर बालबाल बची

**उनवल (एसएनबी)।** खजनी थाना क्षेत्र के महुआडाबर चौकी अंतर्गत ग्राम खोरठा निवासी विजय निषाद पुत्र केदारनाथ ने विवाद होने पर बीते शुक्रवार की रात करीब 12 बजे अवैध असले से पत्नी पर फायर कर दिया। शुक्र रहा कि पत्नी को गोली नहीं लगी और बाल-बाल बच गई।

सूचना पर चौकी प्रभारी महुआडाबर जितेश श्रीवास्तव रात में मय हमराही घटना स्थल पर पहुंचे तो पति फायर करने के बाद मौके से फरार हो गया था। शनिवार की सुबह करीब 11 बजे बाघागाड़ा से चौकी प्रभारी महुआडाबर ने मुखबिर की सूचना पर पति को गिरफ्तार कर लिया तथा पत्नी मीरा देवी की तहरीर पर धारा 323, 504,506, 307, 427 व पच्चीस आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया।

## फर्जी शिक्षिका को कैंपियरगंज पुलिस ने भेजा जेल

**कैंपियरगंज (एसएनबी)।** फर्जी तरीके से दूसरे के नाम से नौकरी कर रही तथाकथित फरार शिक्षिका को कैंपियरगंज पुलिस ने मानीराम क्रासिंग से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



कैंपियरगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जलार में तैनात शिक्षिका, वाराणसी की वंदना पांडेय के नाम पर अर्चना उर्फ ऊषा तिवारी मझवलिया थाना खुखुंदू जनपद देवरिया वर्ष-2010 से नौकरी कर रही थी। विभागीय जांच में वर्ष-2020 में कूट रचना का मामला प्रकाश में आया और तथाकथित शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया। बीएसए ने जनवरी-2021 में कैंपियरगंज थाना में धारा 419, 420, 467, 468 व 471 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कराया। कैंपियरगंज पुलिस ने उक्त मामले में आरोपित तथाकथित शिक्षिका को मानीराम क्रासिंग से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# एडीजी ने त्रिनेत्र योजना के प्रगति की जानकारी ली

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शनिवार को सायं एडीजी अखिल कुमार द्वारा त्रिनेत्र योजना के तहत हर घर में कैमरा के सत्यापन के तहत कैंट थानाक्षेत्र के चौकी इंजीनियरिंग कालेज क्षेत्र में भ्रमण कर स्वयं घरों का सत्यापन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा इस योजना के प्रगति की विस्तृत जानकारी ली गयी। उन्होंने लोगों से वार्ता कर जागरूक किया। इस दौरान एसपी सिटी, इंस्पेक्टर कैंट, चौकी प्रभारी इंजीनियरिंग कालेज व बीट कांस्टेबल उपस्थित रहे।




इंजीनियरिंग कालेज क्षेत्र में भ्रमण कर घर में लगे कैमरे का सत्यापन करते एडीजी अखिल कुमार। फोटो : एसएनबी

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



## ऑपरेशन त्रिनेत्र

एडीजी जोन अखिल कुमार ने शनिवार को कैंट एरिया के दिव्यनगर कॉलोनी में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त दिया. इस दौरान ऑपरेशन त्रिनेत्र के घर हर कैमरा अभियान के तहत लोगों से घरों के आसपास कैमरा लगाने की अपील की. गश्त के दौरान एसपी सिटी व अन्य अफसर भी मौजूद रहे.

# 2 दिवसीय दौरे पर आज आएंगे सीएम योगी

**GORAKHPUR (12 Nov):** सीएम योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर रविवार को गोरखपुर आएंगे. विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद सोमवार को दोपहर बाद लखनऊ रवाना होंगे. प्रशासनिक अधिकारी सीएम के आगमन को लेकर शनिवार को तैयारियों में जुटे रहे. सीएम रविवार को दोपहर बाद करीब दो बजे गोरखपुर पहुंचेंगे. गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी मेला की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे. कुछ दिन पहले ही मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी ने खिचड़ी मेले की तैयारियों को लेकर बैठक की थी. सीएम रविवार को गोरखनाथ मंदिर



में रात्रि विश्राम करेंगे और सोमवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित होने वाली रबी गोष्ठी में शामिल होंगे. गोष्ठी में विभिन्न जिलों के अधिकारी और किसान भी शामिल होंगे.

# पुलिस पिकेट के पास ही घर में चोरी

**GORAKHPUR (12 Nov):** गुलरिहा थाना एरिया के जंगल डुमरी नंबर एक पुलिस पिकेट के करीब ही रिटायर्ड लैब टेक्नीशियन श्यामसुंदर पासवान के मकान से चोर नकदी व जेवर उठा ले गए. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है. गुलरिहा थाना एरिया डुमरी नंबर एक गांव निवासी श्यामसुंदर पासवान मेडिकल कॉलेज के रिटायर्ड लैब टैक्नीशियन है. उनके लड़के संजय पासवान सीतापुर जिले में आर्यावर्त बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं. वह अपना परिवार लेकर वहीं पर रहते हैं. डॉ. श्यामसुंदर के पेट में पथरी हो गया था, जिसका इलाज कराने के गोरखपुर एक निजी अस्पताल में कुछ दिन के लिए भर्ती हो गए थे. बीमारी सुनकर बेटी शशिकला भी पिता के पास आ गई थी. परिवार के अन्य सदस्य भी उनके देखरेख में अस्पताल में में ही थे. घर में ताला लटक रहा था. शुक्रवार रात घर पर आए तो आलमारी और संदूक का ताला टूटा हुआ देखकर अवाक रह गए.

# जिले में गठित होगी सीसी कैमरा फोरेंसिक टीम

- विशेष प्रशिक्षण के लिए टीम को भेजा जाएगा एनएफएसयू गांधीनगर
- कार्य में रुचि लेने वाले दारोगा व सिपाही टीम में किए जाएंगे शामिल

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सीसी कैमरे का फुटेज वैज्ञानित तरीके से एकत्र करने और इसे साक्ष्य के तौर पर न्यायालय में पेश करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए जिले में सीसी कैमरा फोरेंसिक टीम बनाने की तैयारी है। कार्य में रुचि लेने वाले दारोगा व सिपाही को टीम में शामिल करने के साथ ही प्रशिक्षण को नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) गांधी नगर भेजा जाएगा।

आठ से 10 नवंबर तक गुजरात के गांधीनगर स्थित नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी में इंटरपोल के सातवें डिजिटल फोरेंसिक एक्सपर्ट ग्रुप की मीटिंग आयोजित हुई। इसमें शामिल हुए एक्सपर्ट ने बदलते परिवेश में वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य कैसे एकत्र करें इस पर व्याख्यान दिया। एक्सपर्ट ग्रुप की मीटिंग में एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई भी शामिल हुए। गोरखपुर लौटने के बाद उन्होंने अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद फैसला लिया गया गोरखपुर में सीसी कैमरा फोरेंसि टीम का गठन किया जाएगा। इस क में रुचि लेने वाले दरोगा व सिपाही प्रशिक्षण लेने के लिए एनएफएसयू गांधीनगर भेजा जाएगा। घटनास्थल के पास से सीसी फुटेज वैज्ञानिक तरीके से एकत्र करेगी जिसे पुलिस साक्ष्य के तौर पर कोर्ट में पेश करेगी।

# CITY BRIEFS

## पेड़ से लटकता युवक का शव मिला

**GORAKHPUR:** शाहपुर एरिया में राप्तीनगर चौराहे के पास पेड़ से लटकती शनिवार को युवक की लाश मिली. घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव के शिनाख्त की कोशिश की, लेकिन पहचान नही हो पाई. मौत की वजह जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. उसके जेब से सिर्फ खैनी का डिब्बा मिला है. शनिवार सुबह की सैर पर निकले पार्षद आलोक सिंह विशेन ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी थी. शव पेड़ से रस्सी के सहारे लटका हुआ था. युवक के शरीर पर चेकदार शर्ट व लोवर था. प्रभारी निरीक्षक शाहपुर रणधीर कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया खुदकुशी का मामला लग रहा है. सोशल मीडिया व आसपास के जिलों की पुलिस की मदद से पहचान की कोशिश की जा रही है. शव को पोस्टमार्टम भेजा गया है,

## लूट के मोबाइल फोन, बाइक के साथ दो अरेस्ट

शाहपुर पुलिस ने लूट के मोबाइल फोन और चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को शनिवार को अरेस्ट कर लिया. आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया. पकड़े गए आरोपियों की पहचान शाहपुर के ज्ञानपुरम निवासी जावेद उर्फ छोटू अंसारी व सूर्य विहार निवासी रवि उर्फ योगेश के रूप में हुई. प्रभारी निरीक्षक रणधीर मिश्रा ने बताया कि शाहपुर पीएसी कैंप के पास रहने वाले मुकेश कुमार साहनी ने लूट का केस दर्ज कराया था. दूसरा पिपराइच के जंगलछत्रधारी निवासी प्रदीप मिश्रा ने चोरी का केस कराया था. पुलिस जांच में जुटी थी. शनिवार को उप निरीक्षक रामप्रवेश व उनकी टीम को मुखबिर के जरिए कौवाबाग मोड़ के पास बदमाशों के होने की सूचना मिली. पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और आरोपियों को अरेस्ट कर लूट का मोबाइल फोन व बाइक बरामद कर लिया.

## पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस

दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने वाले पति समेत पांच आरोपितों के विरुद्ध सहजनवां थाना पुलिस ने उत्पीड़न करने का मुकदमा दर्ज किया है. बड़हलगंज के मरवट निवासी शशिलता ने सहजनवां पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि 10 जून 2019 को उसकी शादी भिटहा निवासी अभिमन्यु यादव से हुई थी. ससुराल आने पर पति के साथ ही ससुर रामअशीष, जेठानी विमला, सोहरती देवी व ननद जयंती दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगी. विरोध करने पर 16 मार्च 2022 को घर से निकाल दिया.

## ढाबा संचालक समेत तीन पर एफआईआर

ढाबा संचालक समेत तीन के विरुद्ध सहजनवां थाना पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस आरोप की जांच कर रही है. भीटी रावत गांव निवासी अश्वनी यादव 10 नवंबर की रात में चौराहे पर स्थित ढाबा पर भोजन करने गए थे. संचालक गुरजीत सिंह ने कर्मचारियों के साथ मिलकर पीट दिया. तहरीर के आधार पर सहजनवां पुलिस ने गुरजीत व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है.

# दो शातिर लुटेरों को पुलिस ने दबोचा

- लूट का मोबाइल व मोटरसाइकिल पुलिस ने किया बरामद
- आरोपित के पास से पुलिस को एक देसी तमंचा भी मिला

पादरी बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। शाहपुर पुलिस ने इलाके के एक शातिर लुटेरे को उसके साथी के साथ शनिवार को गिरफ्तार किया। उनके पास से लूट का मोबाइल और मोटरसाइकिल पुलिस ने बरामद किया है। इसके साथ ही बदमाशों के पास देसी तमंचा भी मिला है।

दोनों आरोपितों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। शाहपुर इंस्पेक्टर रणधीर मिश्र ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों की पहचान जावेद उर्फ छोटू अंसारी निवासी जंगल मातादीन ज्ञानपुरम पादरी बाजार और रवि उर्फ योगेश नन्दनलाल निवासी ईडब्ल्यूएस 244 सूर्यविहार कॉलोनी थाना तिवारीपुर के रूप में हुई। दोनों को एनई रेलवे स्कूल कौवाबाग मोड़ से पुलिस ने गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान जावेद के पास से एक देसी तमंचा मिला।

इंस्पेक्टर ने बताया कि शाहपुर के 26वीं वाहिनी पीएसी निवासी मुकेश कुमार साहनी ने लूट तथा प्रदीप मिश्रा निवासी जंगल छत्रधारी अजमपुर कला थाना पिपराइच ने चोरी का केस दर्ज कराया था। इसी क्रम में जावेद उर्फ छोटू अंसारी और रवि उर्फ योगेश नन्दन लाल को गिरफ्तार किया गया है।

# खुले में शौच करने से मना करने पर दी जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

सहजनवा। राजकीय पशु चिकित्सालय घघसरा के सामने खुले में शौच कर रहे बालक को मना करने पर परिजनों ने वेटनरी असिस्टेंट को जान से मारने की धमकी दी है। सहजनवा पुलिस ने एक युवक पर केस दर्ज किया है।

पशु चिकित्सालय के इंचार्ज वेटनरी असिस्टेंट प्रद्युम्न प्रताप नारायण राज ने शनिवार को सहजनवा थाने में दिए तहरीर में बताया कि चिकित्सालय के बगल में परमेन्द्र पुत्र अमरजीत का घर है, शनिवार को उनके घर का एक बच्चा चिकित्सालय के सामने खुले में शौच कर रहा था। जब उन्होंने मना किया तो उसके परिजन आकर धमकी देने लगे और सरकारी काम मे बाधा डालने लगे। सहजनवा पुलिस ने इंचार्ज की तहरीर पर परमेन्द्र पुत्र अमरजीत के खिलाफ धमकी समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया।

# लापरवाही से गाड़ी चलाने पर गैर इरादतन हत्या का केस

**अपराध**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गुलरिहा इलाके में सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शाहपुर थाना क्षेत्र के राम जानकी नगर निवासी अवधेश शर्मा 12 अक्टूबर को कार से अपने पुत्र अभिषेक के साथ बहन के यहां से घर लौट रहे थे। गुलरिहा थाना क्षेत्र के सिटी हॉस्पिटल के पास पीछे से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने ठोकर मार दी। दुर्घटना में अवधेश शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। 24 अक्टूबर को शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

उनके बेटे अभिषेक शर्मा ने घटना के बाद दुर्घटना करने वाले गाड़ी को रोकने का प्रयास करने के साथ 112 नम्बर पर सूचना दी थी। अभिषेक शर्मा के लिखित तहरीर पर शुक्रवार को गुलरिहा पुलिस ने अज्ञात चालक पर लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

# फर्जी शिक्षिका को पुलिस ने भेजा जेल

कैम्पियरगंज। फर्जी तरीके से दूसरे के नाम से नौकरी कर रही तथाकथित फरार शिक्षिका को कैम्पियरगंज पुलिस ने मानीराम क्रासिंग से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कैम्पियरगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जलार में तैनात शिक्षि वाराणसी की वंदना पांडेय के नाम अर्चना उर्फ ऊषा तिवारी मझवलि थाना खुखूंदू जनपद देवरिया वर्ष 2010 से नौकरी कर रही थी। विभागीय जांच में वर्ष 2020 में कूटरचना का मामला प्रकाश में आया और तथाकथित शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया।

# मारपीट में शामिल दर्जन भर छात्र-छात्राएं निलंबित

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के विधि संकाय में नौ नवंबर को आपस में मारपीट करने वाले बीए एलएलबी द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) के करीब एक दर्जन छात्र-छात्राओं को विवि प्रशासन ने निलंबित कर दिया है।

परिसर में इनका प्रवेश भी पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। डीडीयू के मुख्य नियंता प्रो. गोपाल प्रसाद द्वारा जारी आदेश के मुताबिक नौ नवंबर को विधि विभाग के कक्ष संख्या 21 में बीए एलएलबी तृतीय सेमेस्टर के छात्रों के दो गुटों में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। किसी तरह वहां अन्य छात्रों ने बीचबचाव किया, तब से माहौल तनावपूर्ण था। 12 नवंबर को दोपहर बाद अधिष्ठाता विधि संकाय द्वारा मुख्य नियंता को इस घटना की जानकारी दी गई। मारपीट में शामिल छात्र-त्राओं आकाश श्रीवास्तव, हर्षित मिश्र, वम कुशवाहा, विक्रम कुमार, अभिषेक दुबे, भिषेक मिश्र, मैत्रेयी द्विवेदी, अमेय विक्रम सिंह, प्रत्यूषा श्रीवास्तव, रितिका पटेल, अमन प्रसाद, हर्ष यादव और अदिति शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है।

# दूसरे के प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वाली फर्जी शिक्षक गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, कैंपियरगंज** : दूसरे के नाम पर प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक की नौकरी करने वाली महिला को पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी जंगल कौड़िया रामआसरे ने 20 जनवरी 2021 को कैंपियरगंज थाने में वाराणसी जिले के महमूरगंज थाना क्षेत्र स्थित रघुनाथपुर निवासी अर्चना उर्फ उषा उर्फ वंदना पांडेय के विरुद्ध कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया था।

आरोप था कि वंदना पांडेय के दस्तावेज व नाम का इस्तेमाल कर उषा सहायक शिक्षक की नौकरी कर रही है। जांच में आरोप की पुष्टि होने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने वंदना को बर्खास्त कर दिया था। कार्रवाई के दौरान उसकी तैनाती जंगल कौड़िया ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय जलार पर थी। पुलिस अर्चना उर्फ उषा की तलाश में छापेमारी कर रही थी। शनिवार की सुबह उसे मानीराम रेलवे क्रासिंग के पास गिरफ्तार किया गया।

**फर्जी बैंक खोलकर जालसाजी करने का आरोपित गिरफ्तार** :फर्जी बैंक खोलकर खाता धारकों के रुपये हड़पने वाले आरोपित को पिपराइच थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह सिधावल के पास गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष



कैंपियरगंज थाना पुलिस की गिरफ्त में अर्चना उर्फ ऊषा ● जागरण

पिपराइच सूरज सिंह ने बताया कि महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र स्थित गेंहुअवा निवासी वाजिद अली के विरुद्ध वर्ष 2016 में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज हुआ था।

**चोरी का प्रयास करने वालों पर मुकदमा : भटहट** : दुकान से चोरी का प्रयास किए जाने के मामले में गुलरिहा थाना पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज किया। फुटेज की मदद से पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। नाहरपुर निवासी राकेश गुप्ता अपने मकान में स्टेशनरी की दुकान चलाते हैं। नौ नवंबर की रात में कार से पहुंचे चोर दुकान के बाहर लगा सीसी कैमरा तोड़कर शटर का ताला खोलने का प्रयास करने लगे। राकेश की नींद खुल गई। शोर मचाने पर कार सवार चोर सरैया बाजार की तरफ भागे तो उन्होंने पीछा किया। गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों को घटना की जानकारी दी, लेकिन उन्होंने संज्ञान नहीं लिया।

# लूट के मोबाइल फोन व चोरी की बाइक समेत दो गिरफ्तार

**जासं. गोरखपुर** : लूट के मोबाइल फोन और चोरी की बाइक के साथ दो बदमाशों को शाहपुर थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर रणधीर मिश्रा ने बताया कि पीएसी कैंप के पास रहने वाले मुकेश साहनी ने मोबाइल लूटने और पिपराइच के जंगलछत्रधारी निवासी प्रदीप मिश्रा ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने ज्ञानपुरम निवासी जावेद उर्फ छोटू अंसारी व सूर्य विहार निवासी रवि उर्फ योगेश को गिरफ्तार किया गया। के पास चोरी की बाइक व लूट का मोबाइल फोन बरामद हुआ।

# किशोरी का अपहरण, बाद में छोड़ा

## बेटी को लेकर चिलुआताल थाने पहुंची मां ने दी तहरीर, मुकदमा

**जासं. चिलुआताल** : बाजार से लौट रही किशोरी का आटो चालक व गांव के तीन युवकों ने अपहरण कर लिया। सुनसान स्थान पर चार घंटे तक उसे बंधक बनाए रखा। मनुहार करने पर रात में गांव के बाहर छोड़कर फरार हो गए। अपहरण व छेड़खानी करने का मुकदमा दर्ज कर चिलुआताल थाना पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

शनिवार की सुबह मां के साथ चिलुआताल थाने पहुंची किशोरी ने थानेदार को बताया कि शुक्रवार की शाम को बाजार से घर आने के लिए वह आटो में बैठी। कुछ दूरी आगे बढ़ने के बाद चालक ने फोन कर गांव के तीन युवकों को बुलाया और आटो में बैठा लिया। युवकों के कहने पर आटो लेकर चालक छामू स्थान पुल की ओर चला गया। उतरने का प्रयास करने पर युवकों ने पकड़ लिया। चार घंटे तक आरोपितों ने बंधक बनाकर रखा। मनुहार करने पर रात को गांव के बाहर छोड़कर फरार हो गए। मां ने बताया कि छह माह पहले भी आरोपितों ने बेटी के साथ अभद्रता की थी। एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपित को पुलिस ने पकड़ लिया है।

**आटो चालक पर छेड़खानी का मुकदमा** : किशोरी के साथ छेड़खानी करने के आरोपित आटो चालक के विरुद्ध खोराबार थाना पुलिस ने शनिवार को छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया। आठ नवंबर की रात आटो चालक ने किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया था। एसएसपी के आदेश पर शनिवार को मुकदमा दर्ज हुआ।

# मारपीट के आरोप में 13 विद्यार्थी निलंबित

- घटना की जानकारी मिलने के बाद गोवि प्रशासन ने की कार्रवाई
- नौ अप्रैल को विधि संकाय में हुई घटना की अधिष्ठाता ने दी जानकारी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के विधि संकाय में नौ नवंबर को विद्यार्थियों के दो गुटों के बीच हुए विवाद और फिर मारपीट की घटना का संज्ञान लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। विश्वविद्यालय ने घटना में शामिल 13 विद्यार्थियों को लंबित कर दिया है। निलंबित किए जाने वाले छात्रों की सूची भी विश्वविद्यालय ने जारी की है।

मुख्य नियंता प्रो. गोपाल प्रसाद ने बताया कि यह कार्रवाई अधिष्ठाता विधि संकाय द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन को भेजे गए पत्र का संज्ञान लेकर की गई है। पत्र के जरिये अधिष्ठाता ने बताया था कि नौ नवंबर को संकाय के कक्ष संख्या-21 में बीए-एलएलबी द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर पहले विवाद शुरू हुआ, जो बाद में मारपीट तक पहुंच गया। मारपीट में छात्रों के साथ छात्राएं भी शामिल थीं। संकायाध्यक्ष ने इस घटना में जिन विद्यार्थियों के शामिल होने की जानकारी दी है, उनमें आकाश श्रीवास्तव, हर्षित मिश्रा, शिवम कुशवाहा, विक्रम कुमार, अभिषेक दुबे, अभिषेक मिश्रा, मैत्रेयी द्विवेदी, अमेय विक्रम सिंह, प्रत्यूषा श्रीवास्तव, रितिका पटेल, अमन प्रसाद, हर्ष यादव व अदिति शर्मा शामिल हैं। विवि प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों के परिसर में प्रवेश पर भी पूर्णरूप से प्रतिबंध लगा दिया है।

### मामले की जांच के लिए गठित होगी समिति

मारपीट की घटना की जांच के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच समिति के गठन का फैसला लिया है। मुख्य नियंता ने बताया कि समिति की रिपोर्ट के आधार पर विद्यार्थियों के ऊपर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# गैंगस्टरों पर जोन में सबसे ज्यादा गोरखपुर में चला डंडा

सतीश पांडेय ● गोरखपुर

● 17 मामलों में 1.32 अरब की संपत्ति कुर्क कराई गई

● बहराइच पुलिस ने 30 मामलों में कुर्क कराई 1.13 अरब की संपत्ति

जोन के 11 जिलों में पिछले 10 माह के भीतर पुलिस का डंडा सबसे ज्यादा गोरखपुर में चला। जिले की पुलिस गैंगस्टर के 23 आरोपितों की 1.32 अरब की संपत्ति कुर्क करा चुकी है। नवंबर में पुलिस ने सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए राज नर्सिंग कालेज के संचालक की 1.03 अरब की संपत्ति कुर्क करायी है।

बदमाशों की अपराध से अर्जित संपत्ति को कुर्क कराने के लिए पुलिस ने अभियान चलाया है। जिसके तहत गिरोह बनाकर अपराध करने वालों पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर पुलिस उनकी संपत्ति जब्त करा रही है। पिछले 10 माह में गोरखपुर जोन में 11 जिलों की पुलिस 365 मुकदमों में आरोपित बनाए गए 1259 गैंगस्टरों की 3.27 अरब की चल-अचल संपत्ति कुर्क करा चुकी है। सबसे ज्यादा कार्रवाई गोरखपुर जिले में हुई है। यहां पुलिस ने गैंगस्टर के 17 मुकदमों में 29 आरोपितों की 1.32 अरब की संपत्ति कुर्क करायी है। दूसरे नंबर पर बहराइच जिले की पुलिस है जिसने गैंगस्टर के 30 मुकदमों में आरोपित बनाए गए 108 बदमाशों की 1.13 अरब की संपत्ति कुर्क करायी है।

### किस जिले में कितनी हुई कार्रवाई

| जिला/ | कुर्क संपत्ति (रुपये में) | | |
|---|---|---|---|
| गोरखपुर | 1.32 अरब | बस्ती | 3.17 करोड़ |
| बहराइच | 1.13 अरब | संतकबीरनगर | 2.72 करोड़ |
| देवरिया | 5.14 करोड़ | सिद्धार्थनगर | 3.08 करोड़ |
| कुशीनगर | 7.89 करोड़ | गोंडा | 3.05 करोड़ |
| महराजगंज | 6.15 करोड़ | बलरामपुर | 50.5 करोड़ |
| | | श्रावस्ती | 1.17 करोड़ |



अपराध करके संपत्ति अर्जित करने वाले बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर पुलिस उनकी संपत्ति कुर्क करा रही है। 10 माह में जोन के 11 जिलों में अपराध से अर्जित बदमाशों की 3.27 अरब की संपत्ति पुलिस कुर्क करा चुकी है। सबसे ज्यादा कार्रवाई गोरखपुर पुलिस में हुई है।


**अखिल कुमार**, एडीजी जोन

# गठित होगी सीसी कैमरा फोरेंसिक टीम

● विशेष प्रशिक्षण के लिए टीम को भेजा जाएगा एनएफएसयू गांधीनगर

● कार्य में रुचि लेने वाले दारोगा व सिपाही किए जाएंगे टीम में शामिल

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : सीसी कैमरे का फुटेज वैज्ञानिक तरीके से एकत्र करने और इसे साक्ष्य के तौर पर न्यायालय में पेश करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए जिले में सीसी कैमरा फोरेंसिक टीम बनाने की तैयारी चल रही है। कार्य में रुचि लेने वाले दारोगा व सिपाही को टीम में शामिल करने के साथ ही विशेष प्रशिक्षण के लिए नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू)गांधीनगर, गुजरात भेजा जाएगा।



आठ से 10 नवंबर तक गांधीनगर स्थित नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी में इंटरपोल के सातवें डिजिटल फोरेंसिक एक्सपर्ट ग्रुप की मीटिंग आयोजित हुई, जिसमें शामिल हुए एक्सपर्ट ने बदलते परिवेश में वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य कैसे एकत्र करें, इस पर व्याख्यान दिया। विशेषज्ञ समूह की मीटिंग में एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई भी शामिल हुए। गोरखपुर लौटने के बाद उन्होंने अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद फैसला लिया गया कि गोरखपुर में सीसी कैमरा फोरेंसिक टीम का गठन किया जाएगा। इस कार्य में रुचि लेने वाले दारोगा व सिपाही को प्रशिक्षण लेने के लिए एनएफएसयू गांधीनगर भेजा जाएगा। जिले में कहीं भी घटना होने पर यह टीम मौके पर जाएगी। घटनास्थल के पास लगे सीसी कैमरे के फुटेज को वैज्ञानिक तरीके से एकत्र करेगी, जिसे स्थानीय थाने की पुलिस साक्ष्य के तौर पर न्यायालय में पेश करेगी।

सीसी कैमरा फोरेंसिक टीम का गठन करने की तैयारी चल रही है। टीम में शामिल दारोगा व सिपाहियों को विशेष प्रशिक्षण के लिए नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी गांधीनगर भेजा जाएगा। यूनिवर्सिटी के डीन से इसको लेकर बात हुई है। जिले में कितने सीसी कैमरे, कहां लगे हैं, इसकी सूची फोरेंसिक टीम के पास होगी। घटना होने पर वह वैज्ञानिक तरीके से फुटेज को एकत्र कर घटना का पर्दाफाश कराने में स्थानीय थाना पुलिस की मदद करेगी।



**कृष्ण कुमार बिश्नोई**, एसपी सिटी

# महिला सफाईकर्मी से मारपीट

हरपुर बुदहट। इलाके के कटसहरा में फॉगिंग करा रही महिला सफाई कर्मी से मनबढ़ ने मारपीट की। मशीन गिरने से आग भी लग गई। घटना से नाराज सफाई कर्मी थाने पहुंच गए और शिकायती पत्र दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

# तमंचे से पत्नी पर चला दी गोली

## घरेलू विवाद में घटना के बाद युवक गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**उनवल (गोरखपुर)।** खजनी थाना क्षेत्र के खोरठा गांव में पत्नी से विवाद होने पर पति विजय निषाद ने शुक्रवार की रात फायरिंग कर दी। पत्नी ने भागकर जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी पति को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

जानकारी के मुताबिक, विजय निषाद शुक्रवार की रात में खाना खाने के बाद सोने जा रहा था। इसी दौरान पत्नी से किसी बात पर विवाद हो गया। आरोप है कि पति ने तमंचे से पत्नी पर फायरिंग कर दी। इस दौरान पत्नी बाल-बाल बच गई। पत्नी के शोर मचाने पर आसपास के लोग भी जुट गए थे।

### बाल-बाल बची महिला खजनी पुलिस ने आरोपी को जेल भेजवाया

घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी के खिलाफ मारपीट, हत्या की कोशिश की धाराओं में केस दर्ज कर लिया था। आरोपी घर से फरार था और उसकी तलाश में पुलिस टीम लगी थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को बाघागाड़ा के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# लूट के मोबाइल फोन और बाइक के साथ दो गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने लूट के मोबाइल फोन व चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। दोनों के खिलाफ चोरी व लूट के केस दर्ज हैं।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान शाहपुर के ज्ञानपुरम निवासी जोवद उर्फ छोटू अंसारी व सूर्य विहार निवासी रवि उर्फ योगेश के रूप में हुई।

प्रभारी निरीक्षक रणधीर मिश्रा ने बताया कि शाहपुर पीएसी कैंप के पास रहने वाले मुकेश कुमार साहनी ने लूट का केस दर्ज कराया था। वहीं पिपराइच के जंगलछत्रधारी निवासी प्रदीप मिश्रा ने चोरी का केस दर्ज कराया था। पुलिस दोनों मामलों की जांच में जुटी थी।

### शाहपुर पुलिस को मिली कामयाबी, जेल भेजे गए आरोपी

इसी दौरान शनिवार को उप निरीक्षक रामप्रवेश व उनकी टीम को मुखबिर के जरिए कौवाबाग मोड़ के पास बदमाशों के होने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट का मोबाइल फोन व बाइक बरामद कर ली।

## चोरी की बैट्री के साथ युवक पकड़ा गया

गोरखपुर। ट्रैक्टर की चोरी की बैट्री के साथ पुलिस ने शनिवार को एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान झंगहा के भिसवा निवासी अलाउद्दीन के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# चोरी की नीयत से दुकान का कैमरा तोड़ा, केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

**गुलरिहा।** इलाके के नाहरपुर गांव में एक दुकान में की नीयत से आए कुछ लोगों ने दुकान का कैमरा तोड़ दिया। इसके बाद दुकान के शटर का ताला तोड़ने की कोशिश करने लगे। आवाज सुनकर दुकानदार की नींद खुल गई। आवाज लगाने पर सभी मौके से भाग निकले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, नाहरपुर में राकेश गुप्ता की दुकान है। 9 नवंबर की रात वह दुकान के बगल के कमरे में ही सोए थे। लगभग सवा बारह बजे कार से पहुंचे चोरों ने पहले दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दिया। उसके बाद शटर का ताला तोड़ने लगे। आवाज सुनकर राकेश जग गए, उन्होंने गांव में रहने वाले अपने परिजनों को फोन किया और शोर मचाने लगा। जब तक गांव से लोग पहुंचते तब तक चोर सरैया बाजार की तरफ भाग निकले। दुकानदार ने चोरों को पकड़ने के लिए उनका पीछा करते हुए सरैया तक पहुंचे तो वहां पहले से एक दरोगा कुछ पुलिसकर्मी मौजूद मिले। आरोप है कि दुकानदार ने उनसे मदद के लिए घटना के संबंध में बताया तो पुलिसकर्मियों ने चोरों का पीछा करने के बजाय दुकानदार को ही डांटते हुए घर लौट जाने को कहा। पुलिसकर्मियों के इस जवाब से दुकानदार निराश होकर घर लौट गया। आला अधिकारियों के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**पिपरौली।** गीडा इलाके के तेनुआ के पास बोलेरो की चपेट में आने से सोहन (25) की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, तेनुआ निवासी सोहन नौसड़ से बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में बोलेरो की चपेट में आने से सोहन की मौके पर ही मौत हो गई। ब्यूरो

# महिला व उसके पिता को पीटा

**भटहट।** गुलरिहा इलाके के एक गांव में मायके आई महिला के चरित्र पर आरोप लगाकर पड़ोसियों ने पिटाई कर दी। शुक्रवार रात बेटी की पिटाई होती देख पिता गया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला अपने मायके आई है। शुक्रवार की रात में पड़ोसियों ने एक युवक से नजदीकी संबंध होने का आरोप लगाते हुए महिला की पिटाई कर दी। पिता बचाने पहुंचे तो हमला कर उनको भी घायल कर दिया।

शोर मचाने पर पहुंचे गांव के लोगों ने बीच-बचाव किया। शनिवार की सुबह थाने पहुंची पीड़िता ने गांव के रहने वाले हीरालाल, ज्ञानचंद्र, संजय और नीतू के विरुद्ध मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया। ब्यूरो

# मारपीट के आरोपी 13 विद्यार्थी निलंबित

## दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के विधि संकाय में नौ नवंबर को हुई थी मारपीट की घटना

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के विधि संकाय में नौ नवंबर को विद्यार्थियों के दो गुटों के बीच हुए विवाद और मारपीट की घटना में शामिल विद्यार्थियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 13 विद्यार्थियों को निलंबित कर दिया है। इन विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय ने जारी की है।

मुख्य नियंता प्रो. गोपाल प्रसाद ने बताया कि अधिष्ठाता विधि संकाय की ओर से विश्वविद्यालय प्रशासन को भेजे गए पत्र में घटना में शामिल छात्रों की जानकारी दी गई है, जिसे संज्ञान में लेकर यह कार्रवाई की गई है।

बताया कि नौ नवंबर को संकाय के कक्ष संख्या-21 में बीए-एलएलबी द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू गया था।

विवाद के बीच मारपीट भी हुई। इस घटना में छात्रों के साथ छात्राएं भी शामिल थीं। संकायाध्यक्ष ने घटना में शामिल सभी विद्यार्थियों की सूची भी विश्वविद्यालय प्रशासन को उपलब्ध कराई है।

इन विद्यार्थियों में आकाश श्रीवास्तव, हर्षित मिश्रा, शिवम कुशवाहा, विक्रम कुमार, अभिषेक दुबे, अभिषेक मिश्रा, मैत्रेयी द्विवेदी, अमेय विक्रम सिंह, प्रत्यूषा श्रीवास्तव, रितिका पटेल, अमन प्रसाद, हर्ष यादव एवं अदिति शर्मा शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन सभी विद्यार्थियों के परिसर में प्रवेश पर भी पूरी तरह से प्रतिबंधित लगा दिया है।

### *मामले की जांच के लिए कमेटी गठित*

***मारपीट** की घटना की जांच के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच कमेटी के गठन का फैसला लिया है। मुख्य नियंता ने बताया कि समिति की रिपोर्ट के आधार पर विद्यार्थियों के ऊपर आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

# फर्जी डिग्री पर तैनात महिला शिक्षक गिरफ्तार

### फैजाबाद की वंदना की डिग्री को कूटरचित तरीके से अर्चना ने बना लिया था अपना

### आरोपी महिला शिक्षक के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जेल भिजवाया

अमर उजाला ब्यूरो

**कैंपियरगंज (गोरखपुर)।** दूसरे की डिग्री पर सहायक अध्यापक की नौकरी करने वाली अर्चना उर्फ उषा तिवारी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

देवरिया के खुखुंदू थाना क्षेत्र के मझवलिया निवासी अर्चना ने फैजाबाद निवासी वंदना की डिग्री को अपने नाम पर दर्ज कराकर नौकरी हासिल कर ली थी। उधर, वंदना अपनी डिग्री को साबित करने के लिए आज भी कोर्ट-कचहरी के चक्कर काट रहीं हैं।

जानकारी के मुताबिक, देवरिया की मूल निवासी अर्चना कैंपियरगंज इलाके के जलारे प्राथमिक विद्यालय में तैनात थी। आनंदनगर में किराये के मकान में रहती थी। 2020 में विभागीय जांच में फर्जी नियुक्ति पकड़े जाने के बाद कैंपियरगंज थाने में 2021 में केस दर्ज कराया था।



अर्चना उर्फ उषा तिवारी। संवाद

तभी से यह फरार चल रही थी।

शनिवार को पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। जांच में सामने आया है कि 2010 में एक लिपिक की मदद से उसने फैजाबाद की वंदना के नाम पर सहायक अध्यापक की फर्जी नौकरी हासिल कर ली। लिपिक की मदद से अर्चना के दस्तावेजों की कूटरचना की और कैंपियरगंज के प्राथमिक विद्यालय जलारे में तैनाती भी हो गई थी।

### *ऐसे खुली जालसाजी*

***अर्चना** जिस वंदना के नाम की डिग्री का इस्तेमाल कर नौकरी कर रही थी, उनके पैन व आधार का भी इस्तेमाल करने लगी थी। वंदना के कागजात का इस्तेमाल होने पर उन्हें इस बात की जानकारी हो गई। फिर उन्होंने शिक्षा विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद शिक्षा विभाग की छानबीन में अर्चना की हकीकत सामने आ गई। इसके बाद विभाग ने अर्चना को बर्खास्त किया और कैंपियरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।*

# सीसीटीवी फुटेज सेल खत्म करेगा अपराधियों का 'खेल'

## गोरखपुर में गठित सीसीटीवी निगरानी सेल गुजरात में लेगा प्रशिक्षण

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। अपराधियों के लुकाछिपी के खेल को खत्म करने के लिए एसपी सिटी ने सीसीटीवी फुटेज निगरानी सेल के गठन का निर्देश दिया है। ये सेल शहर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की केंद्रीयकृत निगरानी करेगा।

इसमें प्रशिक्षित पुलिसकर्मी सीसीटीवी फुटेज की मदद से न सिर्फ बदमाशों को पकड़ने में मदद करेंगे, बल्कि फुटेज को वैज्ञानिक साक्ष्य के तौर पर किन बारीकियों के साथ कोर्ट तक पहुंचाया जाए, इसे भी सुनिश्चित करेंगे। इससे आरोपियों के पकड़ने के साथ ही उन्हें सजा दिलाने में मदद मिलेगी।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई गुजरात में आयोजित 47 देशों के अतंरराष्ट्रीय सेमिनार में हिस्सा लेने के लिए गए थे। वहां से जानकारी

### अंतरराष्ट्रीय सेमिनार से लौटे एसपी सिटी ने दिया प्रकोष्ठ के गठन का आदेश

हासिल करने के बाद गोरखपुर में भी त्रिनेत्र अभियान के तहत लगे कैमरों को केंद्रीयकृत करके सीसीटीवी सेल गठित करने का फैसला किया है। इस सेल में चार दरोगा और सात सिपाहियों को शामिल किया जाएगा।

ये पुलिसकर्मी गुजरात के गांधीनगर में स्थित नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी में प्रशिक्षण लेने भी जाएंगे। प्रशिक्षण के बाद इन्हें सीसीटीवी फुटेज को देखने और बदमाश तक पहुंचने की बारीकी सिखाई जाएगी। दक्ष होने के बाद ये काम करेंगे।

गोरखपुर में एडीजी जोन अखिल कुमार ने ऑपरेशन त्रिनेत्र की शुरुआत पहले ही कर दी है, जिसकी मदद से शहर में 176 जगहों के अलावा देहात में भी सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं। इसके अलावा कई घरों में भी सीसी टीवी कैमरे मौजूद हैं। इन सबको केंद्रीयकृत करके काम किया जाएगा।



प्रशिक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। सीसीटीवी सेल गठित कर उसमें शामिल पुलिसकर्मियों की विशेष ट्रेनिंग गुजरात में कराई जाएगी। इसके बाद सेल न सिर्फ बदमाशों को पकड़ने में मदद करेगा, बल्कि सजा दिलाने में भी वैज्ञानिक साक्ष्य दिलाएगा।

- **कृष्ण कुमार बिश्नोई**, एसपी सिटी

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-11-2022

राष्ट्रीय सहारा दि. 13/11/22

# डीएम,एसपी ने प्रस्तावित नामांकन स्थल, पार्टियों की रवानगी व मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

देवरिया (एसएनबी)। जिलाधिकारी जितेंद प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने शनिवार को नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत संभावित नामांकन स्थल, पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने प्रत्याशियों के नामांकन स्थल के रूप में संभावित स्थल जिला पंचायत भवन एवं नगर पालिका परिषद देवरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने चीयरमैन तथा वार्ड सभासद प्रत्याशियों के लिए अलग-अलग काउंटर बनाने का निर्देश दिया। कहा कि सभी काउंटरों पर फ्लैक्स/बैनर के माध्यम से संबंधित नगर निकाय का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। वार्ड संख्या के आधार पर काउंटर निर्धारित किये जाये। नामांकन स्थल पर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर बैरिकेडिंग की जाए। उन्होंने नामांकन स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी निर्देश दिया। जिला पंचायत में देवरिया नगर पालिका परिषद, रामपुर, बरियारपुर एवं गौरीबाजार का नामांकन प्रस्तावित है। नगर पालिका परिषद कार्यालय में बैतालपुर, तरकुलवा, पथरदेवा एवं हेतिमपुर का नामांकन संभावित है। जिलाधिकारी ने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल के रूप में प्रस्तावित राजकीय इंटर कालेज (जीआईसी) का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मतदान से जुड़ी सामग्रियों के भंडारण, पोलिंग पार्टी द्वारा प्रयोग हेतु बस की पार्किंग आदि के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मतदानकर्मियों द्वारा लाये जाने वाले वाहनों के लिए पार्किंग स्थल बनाया जाए। पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री का वितरण अत्यंत सावधानी के साथ किया जाए। जिलाधिकारी ने मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम के लिए प्रस्तावित महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मतगणना स्थल पर पुलिस व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



नामांकन, मतगणना स्थलों का निरीक्षण करते डीएम,एसपी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एसडीएम सदर सौरभ सिंह, सीओ श्रीयश त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका रोहित सिंह समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

राष्ट्रीय सहारा दि. 13/11/22

# 18 मामलों में से मात्र 7 का हुआ निस्तारण

बरहज/मईल (एसएनबी)। नगर के स्थानीय थाने पर शनिवार को आयोजित समाधान दिवस पर क्षेत्राधिकारी पंचमलाल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस दौरान नगर के पूर्वी पटेल नगर केवटलिया निवासी मनौव्वर अली अंसारी, गोपाल पाण्डेय की पत्नी ज्ञान्ती देवी ने शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि सन 1986 में 49 डिस्मिल जमीन बैनामा लिए। उक्त जमीन पर काबिज होकर उसकी जुताई व बुआई भी कर रहे थे। वर्तमान समय में मुहल्ले के ही कुछ लोगों द्वारा गुण्डई व दबंगई के बल पर खेत जोत लिया गया है। जिसकी शिकायत पूर्व में भी तहसील दिवस पर किया गया लेकिन राजस्वकर्मियों व स्थानीय पुलिस से सांठ गांठ कर खेत पर कब्जा कर लिए। थाना दिवस पर भी सुनवाई नहीं होने से पीड़ितों ने उच्चाधिकारियों के वहां संलिप्त लोगों के विरूद्ध शिकायती पत्र देकर पूरे मामले की जांच कराने की बात कहीं है। थाना दिवस पर कुल 11 मामलों में राजस्व के 9 और पुलिस के 2 मामले सामने आये। जिसमे राजस्व और पुलिस के 2-2 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। शेष अन्य मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिसकर्मियों की टीम गठित की गयी है। मईल प्रतिनिधि के अनुसार मईल थाने पर आयोजित समाधान दिवस के दौरान कुल 7 मामले आये। जिसमे 3 मामले का पुलिस व राजस्व टीम द्वारा दोनों पक्षों का विवरण सुनने के बाद निस्तारण किया गया। पंजीकृत सातों मामले जमीनी विवाद से सम्बन्धित थे जिसमे ईशारू गांव के शैलेष, सोनबरसा के कोमल, पिपरा पाठक के शशिकला, तेलिया के मुख्तार, अण्डिला के केदार, देवसिया की माया देवी व नरसिंहडाड़ के रामप्रवेश यादव ने शिकायत दर्ज करायी थी।

रा०सहारा 13/11/22

# डीएम व एसपी ने बूथ व मतदाता सूची का किया निरीक्षण

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** जिलाधिकारी देवरिया जितेन्द्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा शनिवार को रुद्रपुर कोतवाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। इसके पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में चलाये जा रहे मतदाता सूची संक्षिप्त पुनः निरीक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित विशेष अभियान के तहत दुग्धेश्वर नाथ इण्टरमीडिएट कालेज में आयोजित कैम्प में मतदाता सूची व बूथों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों की अनदेखी पर नाराजगी व्यक्त किया। बूथों का निरीक्षण भी किया। उपजिलाधिकारी रुद्रपुर ध्रुव कुमार शुक्ला को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन करने के लिये निर्देश दिया। जिलाधिकारी देवरिया जितेन्द्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने रुद्रपुर कोतवाली में पहुंचकर समाधान दिवस रजिस्टर का भी निरीक्षण किया। जहां कुल 9 प्रार्थना पत्र पड़े थे, जिसमें सात का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ला, सीओ जिलाजीत, ईओ कमलेश कुमार शाही, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कोतवाल उपेन्द्र कुमार मिश्र आदि लोग मौजूद थे।

# पूर्व ग्राम प्रधान व सहायक विकास अधिकारी द्वारा सरकारी धन को नुकसान पहुंचाने का मुकदमा दर्ज

**भटनी (देवरिया)**। भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम चक उर्फ फकीर के ग्राम विकास अधिकारी व एक अन्य के खिलाफ गाँव के सार्वजनिक शौचालय का निर्माण निजी भूमि मे कराये जाने के खिलाफ थाने मे सरकारीं धन के हानि पहुंचाने का मुकदमा दर्ज हुआ है । इस सम्बन्ध मे सुनील कुमार सिंह सहायक विकास अधिकारी (पंचायत ) ने थाने मे तहरीर दिया है कि इस गांव के सार्वजनिक शौचालय निर्माण मे सरकारी भूमि मे निर्माण कराये जाने के बजाय निजी भूमि मे ग्राम विकास अधिकारी मनोहरलाल व अमरजीत यादव पुत्र अज्ञात द्वारा करा दिया गया है ।जिससे सरकारी धन का दो लाख सत्तर हजार रुपये का नुकसान हुआ है । तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा -409का मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है ।

# मारपीट में 14 नामजद व सात अज्ञात पर केस

**भटनी (देवरिया )**। भटनी थाना क्षेत्र के दो गाँवो मे हुए अलग अलग मारपीट की घटनाओं मे -14नामजद व -7अज्ञात लोगों के खिलाफ भटनी थाने मे मुकदमा दर्ज हुआ है । इस सम्बन्ध मे रामजीत प्रसाद पुत्र स्व तिलक प्रसाद ग्राम भरहेचौरा थाना भटनी निवासी थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है कि मेरे पुत्र राजभारती व धीरज पुत्र सच्चिदानन्द को बाजार भेजा था ।वापस आते समय रास्ते मे रोक कर मेरे ही गाँव के ही अमित पुत्र विशुन गोड हिमांशु पुत्र दिनेश गोड प्रियान्शु पुत्र दिनेश गोड सोनू पुत्र अज्ञात आशीष पुत्र अजय पटेल आकाश पुत्र मिथिलेश कुर्मी नितेश पुत्र अज्ञात राजन पुत्र अज्ञात व तीन लोगो अज्ञात एक राय होकर गाली देते हुए गोलबन्द होकर लाठी डण्डे से मारपीट कर घायल कर दिये ।जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए चले गये ।तहरीर के आधार पर पुलिस ने 11लोगो के खिलाफ धारा -147148323504 व 3(2)5क एस सी/एस टी एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है । इसी क्रम मे भटनी थाना क्षेत्र के एक गाँव की जक महिला द्वारा थाने दिये गये तहरीर मे लिखी है कि गोलबन्द होकर मुंगेरी पुत्र चान्दका चंचल पुत्र चन्द्रिका अभिषेक पुत्र चुम्मन बुलेट भारती पुत्र रामजीत भारती राकेश पुत्र रामजीत भारती विवेक भारती पुत्र चुम्मन भारती पता अज्ञात व चार अन्य लोग नाम पता अज्ञात ।गोलबन्द होकर गाली देते हुए छेडखानी करने लगे व मेरा मोबाईल तोड दिये । पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना मे जुट गयी है ।

राष्ट्रीय सहारा दि. 13/11/22

# हत्याभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**तरकुलवा(एसएनबी)।** पिछले छह माह से फरार चल रहे हत्या में नामजद एक अभियुक्त को तरकुलवा पुलिस ने शनिवार की भोर में भीसवा मोड़ से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिय। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। तरकुलवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मदारी पट्टी निवासी कालिका सिंह पुत्र कमल सिंह को गत 24 जून 2022 की देर रात खेत से लौटते-समय गांव के ही बद्री सिंह के परिवार के लोग पुरानी रंजिश में बेरहमी से मारपीट कर हत्या कर दिए थ। जिसमें मृतक के छोटे भाई हरिश्चंद्र की तहरीर पर बद्री सिंह समेत 14 लोगों के खिलाफ पुलिस ने हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में पहले ही 8 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। शनिवार की भोर गश्त से लौट रहे थाना प्रभारी दिनेश मिश्र, कांस्टेबल सदरूद्दीन अंसारी, सज्जन चौहान, राहुल यादव ने मुखबिर की सूचना पर नामजद अभियुक्त रवि उर्फ जय बहादुर पुत्र डेबा सिंह को भिसवा से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करने के बाद न्यायालय भेज दिया, जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि रवि सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, शेष पांच अभियुक्तों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

रा॰ सहारा दि॰ 13/11/22

# श्रीरामपुर, भाटपाररानी, खामपार, बनकटा थानों में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

**भाटपाररानी/बनकटा (एसएनबी)।** श्रीरामपुर थाना में उपजिलाधिकारी संजीव उपाध्याय की अध्यक्षता व क्षेत्राधिकारी प्रेम नारायण तथा थानाध्यक्ष राजू सिंह की मौजूदगी में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 14 मामले आए , एक का भी निस्तारण मौकें पर नहीं हो सका। भाटपाररानी थाना में तहसीलदार चन्द्रशेखर वर्मा व थानाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह की मौजूदगी में कुल दो मामले आए, जिनका निस्तारण मौके पर कर दिया गया। खामपार में सीआरओ अमृत लाल बिंद की अध्यक्षता व थानाध्यक्ष दीपक कुमार की मौजूदगी में कुल चार मामले आए, जिसमें एक मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। बनकटा थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें थानाध्यक्ष बनकटा बरजोर सिंह व राजस्व निरीक्षक ने फरियादियों की फरियाद सुनी। समाधान दिवस में कुल -10 मामले आये जिसमें से 5 मामलों का निस्तारण कर दिया गया।इस दौरान उपनिरीक्षक लवकुश कुमार उपनिरीक्षक रिददवन सिंह उपनिरीक्षक छोटे लाल निगम कांस्टेबल विनय वर्मा समेत पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि. 13/11/22

# डीएम व एसपी ने किया स्कूल का निरीक्षण

**मझौलीराज**। नगर के वार्ड नं11शिक्षा नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय का जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आज किया औचक निरीक्षण मिड डे मील की जानी गुणवत्ता उपस्थिति बढ़ाने का दिया दिशा निर्देश। बता दे कि आज जिला अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर-11 का निरीक्षण औचक निरीक्षण किया विद्यालय की प्रधानाध्यापक सकीना वानो व सहायक अध्यापक पुष्पा यादव. ने जिलाधिकारी के पूछने पर बताया कि विद्यालय में कुल 205 बच्चों का नामांकन है। जिसमें से 74 बच्चे आज विद्यालय आये हैं।वही जिलाधिकारी के पूछने पर बच्चों ने खाने का स्वाद बताया अच्छा जिलाधिकारी जिस समय विद्यालय पहुंचे उस समय बच्चे मिड-डे मील खा रहे थे। मैन्युअल के अनुसार आज सोयाबीन युक्त तहरी बनी थी। बच्चों ने डीएम को खाने का स्वाद अच्छा बताया। डीएम ने मिड-डे मील बनाने में प्रयोग की जा रही सामग्रियों की गुणवत्ता के विषय में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों में बिस्कुट भी वितरित की। जिलाधिकारी ने विद्यालय में नामांकित बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के संबन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

हिन्दुस्तान 13/11/22

# मारपीट में नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज

देवरिया। पुरानी रंजिश में पिछले दिनों हुई मारपीट के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने 9 लोगों पर मारपीट और बलवा का मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के महुअवा गांव के रहने वाले श्रीराम यादव पुत्र भगवती यादव ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना में आरोप लगाया है कि 24 अक्तूबर को पुरानी रंजीश को लेकर गांव के कुछ लोगों ने गोलबंद होकर लाठी डंडा और लोहे की राड़ लेकर घर पर हमला कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने शैलेश, अंकित, मिथिलेश, सत्यम पुत्रगण रामनिवास यादव व अरुण , सुनिल , अनिल पुत्रगण हीरा यादव निवासीगण महुअवा थाना सदर कोतवाली जिला देवरिया के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506, 352, 452 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया।

हिन्दुस्तान दि. 13/11/22

# पूर्व प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी पर केस दर्ज

भटनी, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के चकउर फकीर गांव के पूर्व प्रधान तथा तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। सहायक विकास अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। मामले में निजी भूमि पर सार्वजनिक शौचालय बनवाने का आरोप शिकायतकर्ता की ओर से लगाया गया था।

वर्तमान ग्राम प्रधान काशी यादव ने मामले की शिकायत जिलाविकास अधिकारी तथा जिलाधिकारी से की थी। जाँच के बाद मामले में एडीओ पंचायत ने स्थानीय पुलिस को जिलाधिकारी के पत्र का हवाला देते हुए तहरीर सौंपी थी। पूर्व ग्राम प्रधान अमरजीत प्रसाद के कार्यकाल में गांव में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया। जिसमें दो लाख सत्तर हजार की लागत से इस शौचालय का निर्माण हुआ। वर्तमान ग्राम प्रधान ने इसकी शिकायत की थी।

> डीएम के पत्र के आधार पर पूर्व ग्राम प्रधान व तत्कालीन बीडीओ के खिलाफ भटनी पुलिस को तहरीर दी गयी थी। सार्वजनिक शौचालय का निर्माण निजी भूमि पर कराने की शिकायत हुई थी। जिसके आधार पर पुलिस को सूचना दी गयी थी।
>
> –सुनील कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), भटनी

> पुलिस को तहरीर मिली थी। तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना दरोगा सुभाष चन्द्र यादव को सौंपी गयी है।
>
> –संतोष सिंह, निरीक्षक, थाना भटनी

हिन्दुस्तान दि. 13/11/22

# निकाय चुनाव को लेकर डीएम-एसपी ने लिया जायजा

देवरिया, निज संवाददाता। निकाय चुनाव को लेकर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने शनिवार को संभावित नामांकन स्थल, पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मतदाता पुनरीक्षण कैम्पों का भी निरीक्षण किया और जानकारी लिया। डीएम ने मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों की अनदेखी पर नाराजगी भी जताया।

प्रत्याशियों के नामांकन स्थल के रूप में संभावित स्थल जिला पंचायत भवन एवं नगर पालिका परिषद देवरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने चैयरमैन तथा वार्ड सभासद प्रत्याशियों के लिए अलग-अलग काउंटर बनाने का निर्देश दिया। वार्ड संख्या के आधार पर काउंटर निर्धारित किये जाये। नामांकन स्थल पर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर बैरिकेडिंग की जाए। उन्होंने नामांकन स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी निर्देश दिया। जिला पंचायत में देवरिया नगर पालिका परिषद, रामपुर, बरियारपुर एवं गौरीबाजार का नामांकन प्रस्तावित है। नगर पालिका परिषद कार्यालय में बैतालपुर, तरकुलवा, पथरदेवा एवं हेतिमपुर का नामांकन संभावित है।

पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल के रूप में प्रस्तावित राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर मतदान से जुड़ी सामग्रियों के भंडारण, पोलिंग पार्टी द्वारा प्रयोग हेतु बस की पार्किंग आदि के विषय में जानकारी प्राप्त की।

**रुद्रपुर संवाद के अनुसार:** दोपहर करीब एक बजे डीएम और एसपी नगर के श्री दुग्धेश्वरनाथ इण्टरमीडिएट कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होंने बूथ बनाए जाने वाले कमरों का निरीक्षण किया। साथ ही कक्ष संख्या एक में बनने वाले बूथ को कक्ष संख्या पांच में बनवाने के लिए कहा। कॉलेज में मौजूद बीएलओ से उन्होंने मतदाता बढ़ाने जाने के बारे में जानकारी लिया। डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि विशेष पुनरीक्षण केन्द्र पर विशेष दिवस होना चाहिए।



शनिवार को डीएन इण्टर कॉलेज में मतदान केन्द्र का जायजा लेते डीएम व एसपी।

## छात्रों से पढ़वाया पहाड़ा

निरीक्षण में डीएम और एसपी डीएन.इंटर कॉलेज में कक्षा आठवीं के क्लास में गए। जहां उन्होंने एक छात्रा से 12 तो दूसरी छात्रा से 11 का पहाड़ा पढ़वाया। इस बीच डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह की नजर ब्लैक बोर्ड पड़ी। जिस पर दिनांक 32 लिखा था। जिस पर उन्होंने पूछा कि यह डेट गुरू जी ने लिखा है तो आगे बैठी छात्राओं ने कहा कि कक्षा मे पढ़ने वाला एक शरारती छात्र ने इसे लिखा है।

हिन्दुस्तान दि० 13/11/22

# चार के विरुद्ध लूट और छेड़खानी का केस दर्ज

देवरिया। रुपये लेने के बाद भूमि का बैनामा करने वाले चार लोगों के विरुद्ध सदर कोतवाली पुलिस ने मारपीट, लूट, गबन और छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है।

भटनी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किराए के मकान में रहती है। भूमि खरीदने के लिए बरियारपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव के रहने वाले विजय कुमार गौड़ पुत्र सिंहासन गौड़ हाल मुकाम पिड़रा को ढाई लाख रुपया दी थी। दो साल से अधिक का समय हो गया, लेकिन भूमि का बैनामा नहीं किया। महिल के पति ने रुपया मांगा तो अभद्रता कर रुपये देने से इंकार कर दिया। 26 मार्च 2022 को महिला और उसके पति रुपये मांगने के लिए विजय गौड़ की दुकान पर पिड़रा चौराहा गए थे। विजय गौड़ अपने पुत्र सौरभ , विपिन व अभिषेक के साथ मिलकर पति पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया।

महिला और उसके पति अपनी जान बचाकर अपने घर में भागे तो हमलावर पीछा करते हुए दरवाजे तक आये। चारों ने महिला का बाल पकड़कर पटक दिया। जिससे महिला अर्ध नग्न हो गयी और कपड़े भी फाड़ दिए। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने विजय कुमार गौड़, सौरभ कुमार गौड़, विपिन कुमार गौड व अभिषेक कुमार गौड़ के विरुद्ध केसदर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि. 13/11/22

# हत्याभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- पुरानी रंजिश में पीटकर हत्या के आरोप में 14 लोग थे नामजद
- तरकुलवा थाना क्षेत्र के मदारी पट्टी गांव का रहने वाला है आरोपी

तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद। 6 माह पूर्व हुए हत्याकांड में शामिल व्यक्ति फरार चल रहा था। पुलिस ने फरार हत्याभियुक्त को तरकुलवा पुलिस ने शनिवार की भोर में भीसवा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के मदारी पट्टी गांव के रहने वाले कालिका सिंह पुत्र कमल सिंह को 24 जून 2022 की देर रात खेत से लौटते समय गांव के ही बद्री सिंह के परिवार के लोग पुरानी रंजिश में बेरहमी से मारपीट कर हत्या कर दिए थे। जिसमें मृतक के छोटे भाई हरिश्चंद्र की तहरीर पर बद्री सिंह समेत 14 लोगों के खिलाफ पुलिस ने हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में 8 लोगों को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। शनिवार की भोर गश्त से लौट रहे थाना प्रभारी दिनेश मिश्र, कांस्टेबल सदरूद्दीन अंसारी, सज्जन चौहान, राहुल यादव ने मुखबिर की सूचना पर नामजद अभियुक्त रवि उर्फ जय बहादुर पुत्र डेबा सिंह को भीसवा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामलें में दर्ज मुकदमा में न्यायालय भेज दिया।

---

हिन्दुस्तान दि. 13/11/22

### गिरफ्तार बदमाशों ने शहर में अलग-अलग स्थानों पर लूट की घटनाओं को दिया था अंजाम

# चेन व दो बाइक के साथ तीन लुटेरे गिरफ्तार

**कामयाबी**

देवरिया, निज संवाददाता। कोतवाली पुलिस ने शनिवार को शहर के कसया बाईपास के पास से लूट और चेन स्नैचिंग के सरगना समेत तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके पास से लूट और चोरी के दो बाइक, एक सोने की चेन बरामद हुई है। सरगना ने कई घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार किया है। सरगना अन्य साथियों के साथ पिछले वर्ष बलिया में भी चेन लूट की घटना में पकड़ा गया था।


शनिवार को सदर कोतवाली में चेन स्नैचिंग करने वाले तीन बदमाश पकड़े गए।

कोतवाली परिसर में शनिवार को सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि सदर कोतवाली के रामगुलाम टोला मोहल्ला की रहने वाली संयोगिता देवी पत्नी स्व. हरिद्वार प्रसाद 27 अक्तूबर की शाम को चौराहे पर दुकान पर कुछ खरीदने के लिए गई थी। इसी बीच रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों महिला के गले से चेन लूट कर फरार हो गए। मामले में धारा 41, 392, 411 और 413 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच की रही थी। शनिवार की सुबह शहर के कसया बाईपास से दो बाइक पर सवार तीन लोगों को दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्तों ने पूछताछ में अपना नाम शान्तनु द्विवेदी पुत्र रवि दत्त द्विवेदी निवासी भटवलिया, अनूप तिवारी पुत्र स्व. राजेश तिवारी निवासी रामनाथ देवरिया थाना सदर कोतवाली और आलोक वर्मा पुत्र दयानन्द वर्मा निवासी डुमरी चौराहा थाना रामपुर कारखाना बताया। उनके पास से लूट का एक सोने का चेन बरामद हुआ। ये लोग कुछ महीनों से थाना कोतवाली क्षेत्र में वारदातों को अंजाम दे रहे थे। बदमाशों ने शहर की चार चेन लूट की घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार किया है। पुलिस ने चार लूट और चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। चेन स्नैचिंग गिरोह का मुख्य सरगना शान्तनु और अनूप तिवारी अपने साथियों के साथ मिलकर घटनाओं को अंजाम देते थे। दरोगा सरोजिनी वर्मा, दरोगा अनिल कुमार तिवारी, कांस्टेबल विनय प्रताप यादव और रितेश सोनकर शामिल थे।

पुलिस ने इन लूट कांड का किया खुलासाः सदर कोतवाली पुलिस ने चार चेन लूट की घटनाओं का खुलासा किया है। जिसमें संयोगिता देवी पत्नी हरिद्वार प्रसाद निवासी रामगुलाम टोला ने 27 अक्तूबर को चेन छीनने का दर्ज कराया था। वहीं मुकदमा अपराध संख्या 694 / 22 कुणाल पुत्र रघुनाथ निवासी देवरिया खास ने 30 सितम्बर को अपनी मां की चेन छिनने का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा अपराध संख्या 666/ 22 सुशीला देवी पत्नी बसंत गुप्ता निवासी भीखमपुर रोड ने 17 सितम्बर 22 को दो अज्ञात बाइक सवारों द्वारा चेन लूटने का मुकदमा दर्ज कराया था।

### अनूप तिवारी और शांतनु पर बलिया में भी है मुकदमा

बलिया जिले की कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम ने 18 सितम्बर को पॉलीटेक्निक कॉलेज गेट के पास से लूट और चेन स्नैचिंग के सरगना समेत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से लूट और चोरी के 22700 रुपये, तीन मोबाइल, एक बाइक, एक चेन बरामद हुई थी। जिसमें वरुण कुमार पुत्र परमेश्वर प्रसाद, संजय वर्मा पुत्र शिवशंकर, अनूप तिवारी पुत्र स्व. राजेश तिवारी और शान्तनू द्विवेदी पुत्र स्व. रविदत्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया था। अनूप और शांतनु के विरुद्ध जिले में पहले भी मुकदमा दर्ज हुआ था।

### मॉर्निंग वाक पर महिलाओं को बनाते थे निशाना

कोतवाली क्षेत्र में चेन स्नैचिंग की घटनाएं आम हो गई थीं। गिरोह के सदस्य मार्निंग वाक पर निकलने वाली महिलाओं को निशाना बनाते थे। महिलाएं इसकी शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस इस गिरोह की तलाश में लगी थी। लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल पा रही थी। एसपी के सख्त रुख के बाद सदर कोतवाली पुलिस ने लूट की घटना को अंजाम दिए।

हिन्दुस्तान 13/11/22

लेते हैं।

# थाना दिवस में 183 मामलों में से 43 का हुआ निस्तारण

देवरिया। जिले के 22 थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस पर थानेदारों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर सुनवाई की। जिले में लगभग 183 मामले आए। जिसमें से 43 का निस्तारण किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया एवं तहसीलदार बरहज द्वारा थाना सुरौली थाने पर समस्याओं को सुना, जहां 4 प्रार्थना पत्र आए हुए थे। क्षेत्राधिकारी नगर एवं तहसीलदार सदर द्वारा सदर कोतवाली में समस्याओं को सुना गया। जहां पर 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए मौके पर 2 का निस्तारण किया गया। क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर एवं तहसीलदार रूद्रपुर ने रूद्रपुर कोतवाली में समस्याओं को सुना। जहां पर 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए मौके पर 2 का निस्तारित किया गया। क्षेत्राधिकारी सलेमुपर एवं नायब तहसीलदार सलेमपुर ने सलेमपुर कोतवाली में लोगों की समस्याओं को सुना। जहां पर 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए मौके पर 1 का निस्तारण किया गया। क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी एवं तहसीलदार भाटपार रानी ने श्रीरामपुर थाने पर लागों की समस्याओं को सुना। जहां पर 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। क्षेत्राधिकारी बरहज एवं नायब तहसीलदार बरहज द्वारा थाना बरहज पर लोगों की समस्याओं को सुना। जहां पर कुल 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 4 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

दैनिक जागरण दि. 13/11/22

# डीएम ने नामांकन व मतगणना स्थलों का जाना हाल

## जीआइसी से पोलिंग पार्टियों की रवानगी व महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में मतगणना है प्रस्तावित

जासं, देवरिया : नगरीय निकाय चुनाव की प्रशासनिक तैयारियों में तेजी आ गई है। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने प्रस्तावित व संभावित नामांकन स्थलों, पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल व मतगणना स्थल का शुक्रवार को हाल जाना। उन्होंने तैयारियों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

डीएम ने जिला पंचायत भवन व नगर पालिका परिषद देवरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने अध्यक्ष व सभासद पद के लिए होने वाले नामांकन के लिए अलग-अलग काउंटर बनाने का निर्देश दिया। कहा कि सभी काउंटरों पर फ्लैक्स या बैनर के माध्यम से संबंधित नगर निकाय का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। वार्ड संख्या के आधार पर काउंटर निर्धारित किए जाएंगे। नामांकन स्थल पर राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से निर्धारित



जिला पंचायत भवन का निरीक्षण करते डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा (दाएं) एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव (बाएं), सदर एसडीएम सौरभ सिंह • जागरण

मानकों के आधार पर बैरिकेडिंग की जाएगी। उन्होंने नामांकन स्थल पर सीसी कैमरा लगाने का भी निर्देश दिया। कहा कि जिला पंचायत भवन में नगर पालिका परिषद देवरिया, रामपुर कारखाना, बरियारपुर व गौरीबाजार का नामांकन प्रस्तावित है। जबकि नगर पालिका परिषद देवरिया के कार्यालय में बैतालपुर, तरकुलवा, पथरदेवा व हेतिमपुर का नामांकन संभावित है। इसके अलावा चार तहसीलों के मुख्यालयों पर संबंधित नगर निकायों का नामांकन संभावित है। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं।

डीएम ने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल के रूप में प्रस्तावित राजकीय इंटर कालेज का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान सामग्रियों के भंडारण, पोलिंग पार्टी की रवानगी के लिए बसों व अन्य वाहनों की पार्किंग आदि के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मतदानकर्मियों के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम के लिए प्रस्तावित महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एसडीएम सदर सौरभ सिंह, सीओ श्रीयश त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका रोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

### अव्यवस्था देख नाराज हुए डीएम

जासं, देवरिया : डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज व दुग्धेश्वर नाथ इंटर कालेज रुद्रपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने विधानसभा मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित विशेष अभियान का हाल जाना। निर्वाचन आयोग की तरफ से निर्धारित मानकों की अनदेखी पर नाराजगी जताई। महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में मतदाता बनने की अर्हता से संबंधित बैनर लगा नहीं मिला। सात में छह बीएलओ उपस्थित मिले। किसी भी बीएलओ के पास पहचान पत्र नहीं था। बीएलओ के बैठने की व्यवस्था भी नहीं की गई थी। पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग न करने पर प्रधानाचार्य गोपाल दत्त शुक्ला के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए शासन को पत्र लिखने का निर्देश दिया।

## मारपीट में 14 नामजद व सात अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा

भटनी : मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में 14 नामजद व सात अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। भरहेचौरा गांव के रहने वाले रामजीत प्रसाद पुत्र स्व. तिलक प्रसाद ने अपने पुत्र राज भारती व धीरज पुत्र सच्चिदानंद को बाजार भेजा था। बाजार से वापस आते समय गांव के अमित पुत्र विशुन गोंड, हिमांशु पुत्र दिनेश गोंड, प्रियांशु पुत्र दिनेश गोंड, सोनू, आशीष पुत्र अजय पटेल, आकाश पुत्र मिथिलेश कुर्मी, नितेश, राजन व तीन अज्ञात लोगों ने गोलबंद होकर लाठी डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया। पुलिस ने 11 लोगों के विरुद्ध एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। दूसरे मामले में महिला की तहरीर पर मुंगेरी, चंचल, अभिषेक, बुलेट भारती, राकेश, विवेक भारती व चार अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया। (जासं)

## आभूषण चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : क्षेत्र के ग्राम सतुआभार में एक सूने घर की बरामदे की दीवार में नकबजनी कर आभूषण चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सतुआभार की रहने वाली कलावती देवी पत्नी स्व. रामअधार ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि मेरा पैतृक घर सतुआभार में हैं। बरामदे में नकबजनी कर बक्शे में रखा एक सोने की चेन, झुमका, दो अंगूठी, मंगलसूत्र और चांदी के जेवरात चोर उठा ले गए। (जासं)

# छह माह से फरार हत्यारोपित गिरफ्तार

जासं, तरकुलवा: छह माह से फरार चल रहे हत्या में नामजद आरोपित को तरकुलवा पुलिस ने शनिवार की भोर में क्षेत्र के भीसवा मोड़ पर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। ग्राम सभा मदारी पट्टी निवासी कालिका सिंह पुत्र कमल सिंह को 24 जून 2022 की देर रात खेत से लौटते समय गांव के बद्री सिंह पर आरोप है कि परिवार के लोग पुरानी रंजिश में बेरहमी से मारपीट कर हत्या कर दिए थे, जिसमें मृतक के छोटे भाई हरिश्चंद्र की तहरीर पर बद्री सिंह समेत 14 लोगों के खिलाफ पुलिस ने हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आठ लोगों को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। शनिवार की भोर गश्त से लौट रही पुलिस ने आरोपित रवि उर्फ जय बहादुर पुत्र डेबा सिंह को भीसवा से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष दिनेश मिश्र ने बताया कि रवि सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शेष पांच आरोपितों की तलाश जारी है।

दैनिक जागरण दि. 13/11/22



# चेन स्नेचिंग की तीन घटनाओं का पर्दाफाश

जासं, देवरिया: चेन स्नेचिंग की तीन घटनाओं का सदर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को पर्दाफाश किया। पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। आरोपितों के पास से सोने की एक चेन व घटना में प्रयुक्त दो बाइक बरामद किया। यह जानकारी सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने शनिवार को सदर कोतवाली में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।



पुलिस टीम की गिरफ्तर में पकड़े गए तीनों चेन स्नेचर • सौ.पुलिस

- पकड़े गए तीनों आरोपित को पुलिस ने न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जेल
- सीओ ने सदर कोतवाली में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

उन्होंने बताया कि तीनों आरोपितों को पुलिस ने कसया रोड स्थित बालाजी मंदिर के समीप से सुबह 9.35 बजे गिरफ्तार किया। पकड़े गए तीनों आरोपितों में शहर के भटवलिया का रहने वाला शांतनु द्विवेदी पुत्र रविदत्त द्विवेदी, रामनाथ देवरिया का अनूप तिवारी पुत्र स्व. राजेश तिवारी व रामपुर कारखाना के डुमरी चौराहा का रहने वाला आलोक वर्मा पुत्र दयानंद वर्मा शामिल हैं। तीनों आरोपितों ने शहर में तीन घटनाओं को अंजाम दिया था। 27 अक्टूबर की शाम शहर के राम गुलाम टोला में संयोगिता देवी पत्नी हरिद्वार प्रसाद के गले से सोने की चेन लूट ली थी। इसके पूर्व 30 सितंबर को देवरिया खास के रहने वाले कुणाल पुत्र रघुनाथ की मां के गले से सोने चेन लूटकर फरार हो गए थे। इसके पूर्व 17 सितंबर को भीखमपुर रोड की रहने वाली सुशीला देवी पत्नी बसंत गुप्ता के गले से सोने की चेन लूट ली थी।

तीनों मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस टीम में उप निरीक्षक सरोजिनी वर्मा, उप निरीक्षक अनिल तिवारी, विनय प्रताप यादव, रितेश सोनकर शामिल रहे।

## बलिया में पिछले वर्ष पकड़े गए थे दो आरोपित

सीओ के मुताबिक, चेन छिनैती के मामले में पिछले वर्ष सितंबर में आरोपित शांतनु व अनूप को बलिया जनपद की पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इनके पास से लूट की चेन, 22700 रुपये नकद, तीन मोबाइल व चोरी की एक बाइक बरामद की थी। इनका गिरोह सुबह व शाम टहलने निकलने वाली महिलाओं को निशाना बनाते हैं।

नवजा
रोग
सु
• पू
एड

दैनिक जागरण दि. 13/11/22

# महिला को अर्द्धनग्न करने के मामले में सात माह बाद मुकदमा

जासं, देवरिया : भूमि खरीदने के लिए महिला ने 2.50 लाख रुपये दिए थे। दो वर्ष बाद भूमि बैनामा नहीं करने, रुपये वापस मांगने पर 26 मार्च को पिटाई की तथा अर्द्धनग्न कर गहने लूट लिए। इस मामले में पुलिस ने सात माह बाद शुक्रवार की रात में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। भटनी क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला शहर के एक मुहल्ले में किराए के मकान में रहती हैं। भूमि खरीदने के लिए बरियारपुर थानाक्षेत्र के विशुनपुरा खुर्द के रहने वाले विजय कुमार गौड़ को 2.50 लाख रुपये दिए थे। पिड़रा चौराहा पर विजय की दुकान है। आरोपित रुपये लेने के बाद भूमि बैनामा कराने में हीलाहवाली करने लगा। दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद रुपये वापस मांगने पर इन्कार कर दिया। महिला व उनके पति को दुकान पर आरोपित विजय गौड़, उसके पुत्र सौरभ, विपिन, अभिषेक व कुमार गौड़ ने पिटाई की।

अमर उजाला दि. 13/11/22

# अंतरराज्यीय चेन स्नेचिंग गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार

## शहर की एक महिला से लूटी गई चेन और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों में चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को कोतवाली पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है।

शहर की एक महिला से लूटी गई चेन और घटना में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया है। पकड़े दो बदमाशों पर बलिया में ही मुकदमा दर्ज है।

सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने कोतवाली में अंतरराज्यीय चेन स्नेचिंग गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि शहर में तीन चेन स्नेचिंग की घटना एक के बाद एक हुई थी। जांच-पड़ताल के दौरान पता चला कि एक गिरोह शहर में सक्रिय है।

पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को शनिवार की सुबह शहर के कसया रोड से हिरासत में लिया और कुछ जगहों के सीसीटीवी कैमरे का फुटेज दिखाया तो तीन चेन स्नेचिंग की घटना का खुलासा हो गया।

पुलिस ने इस मामले में शहर के रामनाथ देवरिया मोहल्ला निवासी अनूप तिवारी, भटवलिया निवासी शांतनु द्विवेदी, डुमरी निवासी आलोक वर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि 27 अक्तूबर को रामगुलाम टोला निवासी संयोगिता, 30 सितंबर को देवरिया खास निवासी कुणाल की मां, 17 सितंबर को भीखमपुर रोड से सुशीला देवी के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात इन तीनों ने मिलकर की थी।



गिरफ्तार किए गए चेन स्नेचिंग गिरोह के गुर्गे। विज्ञप्ति

*इस गिरोह ने कई जनपदों में घटनाओं को अंजाम दिया है। इनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। गिरोह के बारे में अभी जानकारी जुटाई जा रही है। -संकल्प शर्मा एसपी*

### कई घटनाओं को इस गिरोह ने दिया अंजाम

देवरिया। कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े इस गिरोह ने बलिया में कई चेन स्नेचिंग की घटनाओं को पिछले साल सितंबर माह में अंजाम दिया। इसमें खुलासा हुआ था कि अनूप और शांतनु ने समाज कल्याण विभाग में तैनात अपने मित्र के साथ मिलकर घटनाएं करते थे। बलिया पुलिस के खुलासे में वरुण कुमार निवासी रामनाथ देवरिया थाना कोतवाली जिला देवरिया, संजय वर्मा निवासी दुलहु थाना खुखुंदू जिला देवरिया, अनूप तिवारी निवासी रामनाथ थाना देवरिया कोतवाली जिला देवरिया, शांतनु द्विवेदी निवासी भटवलिया घर से निकलने वाली महिलाओं को निशाना बना कर घटना करते थे। जेल से छूटने के बाद अनूप और शांतनु ने अपने जिले में घटनाएं करनी शुरू कर दी थीं। संवाद

अ. उजाला दि. 13/11/22

# मारपीट की घटना में सोलह लोगों पर छेड़खानी का केस

भटनी। भरहेचौरा गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में शनिवार को सोलह लोगों पर छेड़खानी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

दोनों पक्षों की ओर से मिली शिकायत पर कार्रवाई करने के बाद पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी है।

भटनी के भरहेचौरा गांव में दो परिवारों के बीच जमीन को लेकर विवाद है। बृहस्पतिवार को मामूली विवाद के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई।

मामले में शनिवार को थाने पहुंच दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाए। पीड़ितों की बात सुनने के बाद पुलिस ने सोलह लोगों पर मारपीट, बलवा, छेड़खानी आदि का केस दर्ज किया।

एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जमीन विवाद में मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

अमर उजाला दि. 13/11/22

# सरकारी धन के दुरुपयोग में प्रधान-सचिव पर केस दर्ज

## सामुदायिक शौचालय निजी भूमि पर बनवाने पर की गई कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी। क्षेत्र के चकउर फकीर गांव में निजी भूमि पर सामुदायिक शौचालय निर्माण कराने पर पूर्व प्रधान और सचिव पर पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज किया।

यह कार्रवाई जिला पंचायत राज अधिकारी की ओर से निर्देश मिलने पर एडीओ पंचायत की तहरीर पर की गई है।

आरोपियों पर 2,70,000 सरकारी धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगा है। कार्रवाई से ब्लॉक कार्यालय में कार्यरत सचिव व ग्राम प्रधानों में खलबली मची है।

विकास खंड भटनी क्षेत्र के ग्राम सभा चकउर फकीर में शासन के फरमान पर 2018-19 में दो लाख सत्तर हजार की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया।

आरोप है कि तत्कालीन ग्राम प्रधान अमरजीत प्रसाद और सचिव मनोहर लाल ने इसे गांव के एक शख्स की निजी जमीन में बनवा दिया। वर्तमान प्रधान काशी यादव ने पदभार ग्रहण करने के बाद इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की तो उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

जां- पड़ताल में शिकायत सही पाए जाने पर एडीओ पंचायत भटनी को जिम्मेदारों पर केस दर्ज कराने के निर्देश प्राप्त हुए।

एडीओ पंचायत सुनील कुमार सिंह की तहरीर पर शनिवार को पुलिस ने पूर्व प्रधान अमरजीत प्रसाद और ग्राम विकास अधिकारी मनोहर लाल पर सरकारी धन के दुरुपयोग का केस दर्ज किया।

एडीओ पंचायत भटनी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सामुदायिक शौचालय निजी भूमि में बनवाने पर पूर्व प्रधान और सचिव पर केस दर्ज किया गया है। वहीं, एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया केस दर्ज करने के बाद विवेचना की कार्रवाई की जा रही है।

अमर उजाला दि. 13/11/22

# दो दिन से है एसओजी का नगर में डेरा

बरहज। भलुअनी थाना क्षेत्र के विलासपुर गांव निवासी नीरज तिवारी के रहस्यमय तरीके से गायब होने के मामले में एसओजी दो दिन से नगर-क्षेत्र में डेरा डाले हुए है।

शनिवार को टीम ने आरोपियों से पूछताछ करने के साथ उनके वाहनों की पड़ताल की। हालांकि बरहज में युवती के पिता की तहरीर पर नीरज द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और भलुअनी थाने में गुमशुदगी दर्ज है। एसओजी ने नीरज तिवारी मामले में जांच तेज कर दी है। पुलिस गायब नीरज और युवती दोनों के काल डिटेल खंगालने में जुटी है।

चचेरे भाई धीरज पुत्र कामेश्वर ने एसपी संकल्प शर्मा से युवती के परिजनों द्वारा नीरज की हत्या कर शव ठिकाने लगाने का आरोप लगाया है।

नीरज प्रकरण की उलझी गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस प्रेमिका के घरवालों से पूछताछ कर रही है। जबकि उनके दो-चारपहिया और भारी वाहनों का लोकेशन ट्रेस कराने के साथ गहनता से पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि जांच कराई जा रही है। जल्द खुलासा हो जाएगा। संवाद

अमर उजाला दि. 13/11/22

# साहब ! सीओ ने फेंक दिया प्रार्थनापत्र

## समाधान दिवस में मनौव्वर ने लगाई गुहार, दिवस में छाए रहे राजस्व और पुलिस के मामले

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज/रुद्रपुर। स्थानीय सहित भलुअनी और मईल थाने में शनिवार को समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें अधिकारियों ने फरियाद सुनी। पूरे दिन राजस्व और पुलिस के मामले छाए रहे।

बरहज थाने में फरियाद लेकर आए पटेल नगर पूर्वी केवटलिया के मनौव्वर अली पुत्र जुमराती ने रुंधे कंठ से कहा कि साहब! फरियाद लेकर कहां जाऊं। सीओ द्वारा समाधान की जगह फटकार लगाकर प्रार्थनापत्र फेंक दिया गया। पीड़ित ने अधिकारी पर अशोभनीय शब्दों के प्रयोग करने का आरोप लगाया है।

स्थानीय थाना परिसर में सीओ पंचमलाल ने फरियाद सुनी। मौके पर राजस्व के नौ और पुलिस के दो मामले आए। मौके पर राजस्व और पुलिस के दो-दो मामलों का निस्तारण कर दिया गया।

मनौव्वर का कहना है कि सन 1989 में हुए बैनामा की जमीन पर वर्षों से कब्जा है। कुछ दिनों से विपक्ष की ओर से स्थगन आदेश कराया गया है। जबकि खेत में जोताई-बोआई भी कर रहा है। शिकायत करने पर अधिकारी भी सुनने को तैयार नहीं हैं। दिवस पर न्याय की जगह जिम्मेदारों द्वारा खरी-खोटी सुनाते हुए न्यायालय जाने को कहा जा रहा है।

वहीं, मईल में नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह ने फरियाद सुनी। जहां नरसिंहडांड़ के रामप्रवेश, सोनबरसा के कोमल, इशार के शैलेश, तेलियां के मुख्तार सहित सात लोगों ने शिकायत की। मौके पर तीन मामलों का निस्तारण कर दिया गया, जबकि भलुअनी और मदनपुर थाने में भी अधिकारियों ने फरियाद सुनी। इस दौरान थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र, मईल संदीप कुमार सिंह, मदनपुर इंस्पेक्टर मुकेश मिश्र, भलुअनी बृजेश कुमार मिश्र, अलका तिवारी, प्रिया, राजेश आदि मौजूद रहे।

इस संबंध में सीओ पंचम लाल, सीओ बरहज का कहना है कि किसी भी फरियादी का प्रार्थनापत्र फेंका नहीं गया है। हम फरियाद सुनने के लिए ही बैठे हैं। अगर वह ऐसा कह रहा है तो निराधार है।

उधर, रुद्रपुर में डीएम और एसपी बूथों का निरीक्षण करने के समाधान दिवस की समीक्षा की। समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस पर आईं कुल नौ शिकायतों में से सात का त्वरित निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ध्रुव शुक्ला, ईओ कमलेश शाही, सीओ जिलाजीत, प्रधानाचार्य गणेश शंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।



समाधान दिवस में फरियाद सुनते नायब तहसीलदार। संवाद

### समाधान पर एएसपी ने सुनी फरियाद

पैकौली। सुरौली थाने पर शनिवार को एएसपी डॉ. राजेश सोनकर व तहसीलदार आनंद नायक ने समाधान दिवस पर फरियाद सुनी। यहां आए सात शिकायतों में छह मामले राजस्व व एक मामला पुलिस का रहा। राजस्व के दो और पुलिस के एक मामले का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष चार को एएसपी ने मौके पर जाकर निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस दौरान रुद्रपुर कानूनगो विशाल नाथ यादव, एसओ दिलीप सिंह, एसआई बकरूद्दीन खां, लेखपाल नर्वदेश्वर मिश्र, ज्ञान सिंह, पंकज सिंह, राजू आदि मौजूद रहे। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-11-2022

# चेकिंग अभियान चलाया चार पर की कार्रवाई

गुरवलिया बाजार। एंटी रोमियो अभियान के तहत तुर्कपट्टी पुलिस ने गुरवलिया बाजार में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए चेकिंग अभियान चलाया। एंटी रोमियो टीम ने अभियान चलाकर संदिग्ध लोगों की पहचान की और चार को शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया।

# छात्रा से बदसलूकी में दो आरोपित गिरफ्तार

**जासं, नेबुआ नौरंगिया:** थाने के अकबरपुर गांव के बड़वा छापर टोला में स्कूल जा रही छात्रा के साथ बदसलूकी व विरोध करने पर मारपीट करने के मामले में दर्ज मुकदमा में पाक्सो की धारा जोड़ने के साथ ही दो आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। गुरुवार की सुबह आठ बजे कक्षा 11 की छात्रा अपने भाइयों के साथ बाइक से चिरगोड़ा इंटर कालेज में पढ़ने जा रही थी। उसी दौरान बड़वा छापर टोले में छह-सात मनबढ़ युवकों ने बाइक रोककर छात्रा के साथ बदसलूकी करने लगे। विरोध करने पर उसके भाइयों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने बलबा का मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। शनिवार को पीड़िता के बयान के आधार पर पाक्सो की धारा बढ़ा दी गई। आरोपित वजीर व शकील को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि दो की गिरफ्तारी हो गई है। सैमुल्लाह, जैनुद्दीन, रियाजुद्दीन, इजहार, गुलजार व एक अज्ञात को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

# छात्रा से बदसलूकी आरोपियों को जेल

विशुनपुरा। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव में स्कूल जा रही छात्रा के साथ बदसलूकी व विरोध करने पर मारने पीटने के मामले में पहले से दर्ज मुकदमे में छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट की धारा की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपी दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ' शेष अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस सरगर्मी से जुटी हुई है 'बीते 10 नवंबर की सुबह 8 बजे कक्षा 11 की छात्रा अपने दो छोटे भाइयों के साथ बाइक से चिरगोड़ा स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ने जा रही थी। बदसलूकी करने व विरोध करने पर उसके भाइयों को मारपीट कर घायल कर दिया गया था।

## मोटर दुर्घटना के 22 मामले निस्तारित, एक करोड़ 33 लाख 70 हजार दिया मुआवजा

# 60074 मुकदमों का निस्तारण

**लोक अदालत**

पडरौना, निज संवाददाता। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर की ओर से जिला एवं सत्र न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला जज अशोक कुमार सिंह व एसपी धवल जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों के कुल 60 हजार 74 वादों का निस्तारण किया गया। इसमें फौजदारी के 3605 मामले निस्तारित कर जुर्माने के रूप में 2 लाख 19 हजार 950 रुपये की वसूली कर राजकीय कोष में जमा कराया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित 22 वादों का निस्तारण करते हुए मृतकों एवं घायलों के आश्रितों को 1 करोड़ 33 लाख 70 हजार रुपये मुआवजा दिलवाया गया। पारिवारिक न्यायालयों द्वारा 18 वादों का निस्तारण किया गया। बैंक ऋण से संबंधित वादों का प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंकों द्वारा कुल 1108 बैंक ऋण वादों का निस्तारण करते हुए 80124718.62 रुपये टोकन मनी के रूप में ऋण धारियों से वसूल की गई। 380 राजस्व वादों का निस्तारण किया गया। इसमें 1 लाख 55 हजार 730 रुपये की धनराशि जमा करायी गयी। वहीं, राष्ट्रीय लोक अदालत में मध्यस्थता एवं सुलह-समझौता केन्द्र द्वारा तीन ऐसे विवाहित जोड़े, जो लम्बे समय से आपसी विवाद के कारण अलग-अलग रह रहे थे, उनमें सुलह-समझौता कराकर विदा किया गया।

इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामइच्छुक यादव, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी) सुनील कुमार, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश दिनेश पाल यादव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार हिमांशु, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी द्वितीय श्याममोहन जायसवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी प्रथम मदन मोहन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रविकान्त यादव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव प्रशांत कुमार, सिविल जज एसडीए दिनेश कुमार द्वितीय, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिपाठी, सिविल जज जूडी नवनीत कश्यप, न्यायिक मजिस्ट्रेट चन्द्रप्रकाश तिवारी, अतिरिक्त सिविल जज जूडी श्वेता तिवारी, मनीष कुमार यादव, करिश्मा जायसवाल आदि मौजूद रहे।



शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते जिला जज अशोक कुमार सिंह। • हिन्दुस्तान



नेबुआ नौरंगिया थाना में फरियाद सुनते दाएं से दूसरे एसपी धवल जायसवाल, डीएम रमेश रंजन ● जागरण

# डीएम व एसपी ने सुनीं पीड़ितों की समस्या, कराया समाधान

**जासं, नेबुआ-नौरंगिया:** थाना समाधान दिवस पर डीएम रमेश रंजन व एसपी धवल जायसवाल शनिवार को सुबह 11 बजे नेबुआ-नौरंगिया थाने पहुंचे। समस्या लेकर पहुंचे पीड़ितों की सुनीं और उसका समाधान कराया। जिन मामलों का समाधान नहीं हो पाया, उसमें टीम बनाकर निस्तारण के निर्देश दिए गए।

थाना परिसर में चल रही सुनवाई के बीच पहुंचे डीएम, एसपी को देख पीड़ितों के चेहरे पर संतोष का भाव दिखा। एक-एक अफसरों ने सबकी समस्या सुनी। आयोजन के दौरान राजस्व के 19 तथा पुलिस से जुड़े तीन सहित कुल 22 मामले आए। इसमें पुलिस से जुड़े दो तथा राजस्व का एक सहित तीन मामले मौके पर ही निस्तारित कर दिए गए। डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इस मौके पर आए मामलों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं, जिससे शिकायतकर्ता असंतुष्ट न हो। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। डीएम ने थाना समाधान दिवस पर आए मामलों की समीक्षा की। लंबित मामलों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि भूमि से जुड़े मामले राजस्व टीम की मदद लेकर निस्तारित कराएं। दायित्वों में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मी बख्शे नहीं जाएंगे। सीओ खड्डा संदीप वर्मा, एसएचओ अतुल श्रीवास्तव, कैलाश यादव, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

## सामने आए 13 मामले

नगर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। आयोजन के दौरान पहुंचे एसडीएम सदर महात्मा सिंह व सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने समस्या सुनी। आयोजन के दौरान कुल 13 मामले आए, जिसमें पुलिस के तीन व राजस्व के दो मामले सहित पांच मामले मौके पर ही निस्तारित कर दिए गए। राजस्व व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पैदल मार्च कर पुलिस ने कराया सुरक्षा का एहसास

- संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की दें तत्काल सूचना
- दुकानदारों को अनिवार्य रूप से सीसी कैमरा लगवाने के निर्देश

**जासं, तमकुहीराज:** कस्बे में पैदल गश्त कर तमकुहीराज पुलिस ने दुकानदार व नागरिकों को सुरक्षा का अहसास कराया। आह्वान किया कि संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाया जा सके। निरीक्षक व चौकी प्रभारी विनय सिंह शाम को मातहतों संग गश्त करते हुए तहसील गेट पहुंचे। वहां से पुरानी बाजार होते हुए टीम एनएच चौराहा गई। भीड़भाड़ वाली जगहों पर रुक कर टीम ने संदिग्धों की जांच की। आसपास के दुकानदारों को सचेत करते हुए निरीक्षक ने कहा कि दुकान में या दुकान के आसपास अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल थाने में या 112 नंबर पर दें। नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस सजग व सतर्क है।

दुकानदारों से आह्वान किया कि वे दुकान में अनिवार्य रूप से सीसी कैमरे लगवाएं। ताकि किसी तरह का अपराध होने पर आवश्यक मदद मिल सके। टीम एनएच चौराहा से ओवरब्रिज व पुरानी बाजार होते हुए पुनः थाना पहुंची। टीम में थाने व चौकी में तैनात पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## खाताधारकों ने बैंक

# थाना परिसर में चलाया सफाई अभियान

**पटहेरवा :** थाना परिसर में शनिवार को दोपहर सफाई अभियान चलाकर प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने गंदगी हटवाई। इसमें एक दर्जन सफाई कर्मी व पुलिस कर्मी लगे हुए थे। परिसर के अधिकांश भाग में खर-पतवार उग आया था। तितर-बितर पकड़े गए वाहन खड़ा किए गए थे। (जासं)

# प्रेमी युगल की जिद के आगे झुके स्वजन, हुआ निकाह

**जासं, पटहेरवा:** बीते तीन दिन से प्रेमी के घर शादी के लिए डेरा डाली प्रेमिका की जिद के आगे स्वजन को झुकना पड़ा। दोनों परिवारों की सहमति के बाद शुक्रवार की रात निकाह कराया गया। शिकायत नहीं होने के कारण पुलिस घटना से अनजान रही तो गांव में चल रहे इस घटनाक्रम की चर्चा अगल-बगल के गांवों में भी बनी रही।

हुआ यूं था कि क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी एक सप्ताह पूर्व गांव के ही 16 वर्षीय किशोर के साथ फरार हो गई थी। दोनों को भागने के एक दिन बाद ही बघौचघाट चौराहे से एक रिश्तेदार ने पकड़कर स्वजन को सौंप था। इसके बाद प्रेमी-प्रेमिका के परिवार बीच काफी कहासुनी हुई। गांव में पंचायत का कई दौर भी चला। दूसरी ओर तीन दिन पूर्व प्रेमिका, प्रेमी के घर शादी की जिद कर अनशन शुरू कर दी। इस दौरान उनकी हालत भी बिगड़ने लगी। काफी प्रयास के बाद भी प्रेमी के घर के दरवाजे से नहीं हटी। दूसरी ओर प्रेमी भी साथ रहने की जिद पर अड़ा रहा। अंततः स्वजन को दोनों का निकाह कराना पड़ा। दोनों के स्वजन इसकी शिकायत पुलिस से भी नहीं किए थे। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि यह घटना भी पुलिस के संज्ञान में नहीं है।

# लोक अदालत में 60874 वाद निस्तारित

## सुनवाई के दौरान सुलह-समझौता में वसूला गया दो लाख से अधिक का अर्थदंड

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** जिला मुख्यालय स्थित दीवानी न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें लंबे समय से लंबित 60874 वाद आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किए गए। इस दौरान दो लाख से अधिक का अर्थदंड वसूला गया, जिसे राजकोष में जमा कराया गया। वहीं सुलह-समझौता केंद्र द्वारा अलग-अलग रह रहे तीन दंपती के बीच सुलह कराई गई और साथ घर भेजा गया।

जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। आयोजन के दौरान मोटर दुर्घटना से जुड़े 22 मामले निस्तारित कर आश्रितों को एक करोड़ 33 लाख 70 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति दिलाई गई। बैंक ऋण से जुड़े 1108 वाद निस्तारित कर आठ करोड़ एक लाख 24 हजार 718 रुपये टोकन मनी के रूप में ऋणधारियों से वसूल की गई।

इसी तरह पारिवारिक न्यायालय द्वारा 18 वाद तथा विभिन्न राजस्व न्यायालयों द्वारा 380 वाद सहित कुल 60 हजार 74 वाद निस्तारित कर दो लाख 19 हजार 950 रुपये अर्थदंड वसूला गया। रामइच्छुक यादव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सुनील कुमार विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी, दिनेश पाल यादव अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, विजय कुमार हिमांशु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्याम मोहन जायसवाल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय, मदन मोहन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम, रविकांत यादव सीजेएम, प्रशांत कुमार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दिनेश कुमार द्वितीय सिविल जज एसडी, डीजीसी क्रिमिनल जीपी यादव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी वादकारी उपस्थित रहे।




जिला एवं सत्र न्यायालय सभागार में मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते जिला जज अशोक कुमार सिंह ● जागरण

- **न्यायाधीश ने तीन दंपती के बीच कराई सुलह, भेजा घर**
- **मोटर दुर्घटना में 22 आश्रितों को मिला एक करोड़ 33 लाख 70 हजार**

## मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**जासं, तमकुहीराज :** तमकुहीराज एवं सलेमगढ़ एनएच पर शुक्रवार की देर रात दो अलग-अलग बाइक दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी तमकुही में भर्ती कराया गया, दोनों की स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सेवरही के धुरियाकोट निवासी लल्लन प्रसाद सलेमगढ़ की तरफ जा रहे थे कि तमकुहीराज ओवरब्रिज के पास विपरीत दिशा से आ रहे आ रहे दूसरे बाइक चालक ने ठोकर मार दिया। इसमें उनका पैर टूट गया। दूसरी घटना सलेमगढ़ में हुई। गांव के आशिक बाइक से तमकुहीराज आ रहे थे कि ट्रक ने सलेमगढ़ चौराहा पर ठोकर मार दिया।


सम्पू
जिस


# कॉलेज के बाहर खड़े थे, शांति भंग में चालान

गुरवलिया बाजार। तुर्कपट्टी क्षेत्र में स्कूल, बाजार और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस ने अभियान चलाकर जांच की। इस दौरान छह लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया। एक इंटर कॉलेज के बाहर बार-बार मंडरा रहे चार युवकों का पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया। एसआई रोमेश कुमार और अभिषेक सिंह ने बताया कि महिला कांस्टेबल सहित टीम बनाकर कार्रवाई की गई है। संवाद



बाइक चालक को फूल देकर ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया गया। संवाद

# हेलमेट ने बचाई थी मेरी जान आप भी पहनकर चलाएं बाइक

## 50 वाहन चालकों को गुलाब देकर सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** नगर के सुभाष चौक पर शनिवार को यातायात पुलिस और संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों ने जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 50 लोगों को गुलाब का फूल देकर सड़क सुरक्षा के नियमों का पाठ पढ़ाया गया।

संभागीय परिवहन विभाग के रीजनल इंस्पेक्टर आरडी प्रसाद वर्मा ने बताया कि करीब 20 साल पूर्व बाइक चलाते समय वह दुर्घटना के शिकार हो गए थे। इस दौरान हेलमेट पहनने से उनकी जान बची थी। इसलिए बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें।

इस मौके पर टीआई सत्य सान्याल शर्मा ने कहा कि वाहन चालकों की थोड़ी सी लापरवाही से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसलिए यातायात नियमों का पालन जरूर करें। इस दौरान राजीव सिंह, मुख्य आरक्षी यातायात सुभाष चंद सरोज, आरक्षी आनंद गुप्ता, राहुल ठाकुर, संतोष आदि मौजूद रहे।

# लोक अदालत में 60 हजार वादों का निस्तारण

## लोक आदलत में फौजदारी के 3605 मामलों का भी हुआ निपटारा

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया।

इसका शुभारंभ जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार सिंह और एसपी धवल जायसवाल ने किया।

लोक अदालत में कुल 60074 वादों का निस्तारण किया गया, इसमें फौजदारी के 3605 वादों का निस्तारण किया गया। इसमें जुर्माने के रुप में 21,9,950 की धनराशि वसूल कर राजकीय कोष में जमा करायी गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित 22 क्लेम वादों का निस्तारण करते हुए मृतकों एवं घायलों के आश्रितों को 1,33,70,000 रुपये का मुआवजा दिलवाया गया।

पारिवारिक न्यायालयों से आए 18 वादों का निस्तारण किया गया। बैंक ऋण से संबंधित वादों का प्री लिटिगेशन स्तर पर बैंकों से कुल 1108 बैंक ऋण वादों का निस्तारण किया गया।



जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार सिंह और एसपी धवल जायसवाल ने दीप जलाकर किया लोक अदालत का शुभारंभ। संवाद

# पुलिस ने बढ़ाई पॉक्सो एक्ट की धारा, दो दबोचे

संवाद न्यूज एजेंसी

**पिपरा बाजार।** नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के बड़वा छापर में कार सवार पर हमला करने और विद्यार्थियों की पिटाई करने के मामले में दो अभियुक्त पकड़े गए हैं। शनिवार को पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

इस मामले में पीड़ितों की तहरीर पर 18 लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, तोड़फोड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमे में पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ा दी गई है। एसएचओ अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जल्द ही अन्य अभियुक्त पकड़ लिए जाएंगे।

बृहस्पतिवार की सुबह अकबरपुर तेजवलिया गांव की कक्षा 11 में पढ़ने वाली रिशू, कक्षा आठ और दसवीं में पढ़ने वाले भाई व्यास व गोविंद यादव के साथ चिरगोडा स्थित इंटर कॉलेज

## नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र में कार सवार पर हमला व विद्यार्थियों की पिटाई का मामला

में पढ़ने जा रही थीं। बड़वा छपरा टोला में मनबढ़ युवकों ने उनको रास्ते में रोककर अपशब्द कहते हुए पीट दिया। इस दौरान वहां पहुंचीं सातवीं कक्षा की छात्रा रुक्मणी संग भी हाथापाई की।

इसके पूर्व बुधवार की रात मनबढ़ों ने कार सवार बलकुड़िया निवासी राकेश उर्फ पप्पू जायसवाल पर हमला किया था। तब राकेश ने गांव के रमेश यादव के घर में घुसकर जान बचाई थी। रमेश यादव के बीच बचाव करने से मनबढ़ नाराज हो गए। इसलिए दूसरे दिन रमेश के परिवार के बच्चों पर हमला किया। रमेश यादव और राकेश उर्फ पप्पू ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया।



नेबुआ नौरंगिया थाने में फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम रमेश रंजन व एसपी धवल जायसवाल। संवाद

# साहब! खलिहान की जमीन से अतिक्रमण हटवा दें

**पडरौना।** साहब! गांव के खलिहान पर दंबगों ने कब्जा कर लिया है। धान की कटाई करने के बाद मड़ाई करने में दिक्कत हो रही है। वहां से अतिक्रमण हटवा दीजिए।

यह गुहार शनिवार को जिलाधिकारी रमेश रंजन और एसपी धवल जायसवाल से नेबुआ नौरंगिया थाना पर आयोजित थाना समाधान दिवस में ग्रामीणों ने लगाई। इस पर डीएम ने तत्काल राजस्व और पुलिस फोर्स भेजकर अतिक्रमण हटवा दिया।

शनिवार को नेबुआ नौरंगिया थाने पर डीएम रमेश रंजन और एसपी धवल जायसवाल पहुंचे थे। इस दौरान उनके सामने कुल 31 मामले आए। इसमें से मौके पर 13 का निस्तारण किया गया। इस दौरान सरहाखुर्द गांव के 10 लोग पहुंचे। उन लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि खलिहान की भूमि पर गांव के लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। इससे धान की मड़ाई नहीं हो पा रही है। इस मामले में डीएम ने त्वरित कार्रवाई की।

## थाना समाधान दिवस
## राजस्व व पुलिस टीम ने जाकर अतिक्रमण हटवाया

रामकोला थाना पर भूमि विवाद के सहित 12 मामले पहुंचे थे। तहसीलदार कृष्ण गोपाल त्रिपाठी ने फरियादियों को समस्या सुनने के बाद सभी मामले को निस्तारित करने के लिए क्षेत्र के लेखपालों को निर्देश दिया। सेवरही थाना पर तमकुहीराज तहसीलदार नारेंदर राम ने लोगों की समस्या सुनी। पटहेरवा थाने पर तमकुहीराज एसडीएम व्यास नारायण उमराव ने लोगों की फरियाद सुनी। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 13-11-2022

# मारपीट के मामले में पति और सौतन पर दर्ज कराया केस

निचलौल। थानाक्षेत्र के ग्राम ओडवलिया में कुछ दिन पहले पति और पत्नी में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज किया है। पीड़िता सुनीता की तरफ से निचलौल पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि उसके पति और उसकी सौतन ने किसी बात को लेकर उसे गम्भीर रूप से पिटाई कर दिया। इस मामले में पुलिस ने महिला के पति रामानंद, जयपाल, गोपाल और एक अन्य महिला के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है।

**पनियरा।** पुलिस ने शनिवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया दोनों गिरफ्तार वारंटी बड़वार के निवासी हैं।

**पुरन्दरपुर संवाद** के अनुसार थाना प्रभारी उमेश ने जोगी, दुर्गेश एवं विशुन के खालिकगढ़ एवं अशरफ को गिरफ्तार कर लिया।

प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने राष्ट्रीय लोक अदालत का किया उद्घाटन

# लोक अदालत में 42158 वादों का हुआ निस्तारण

## आयोजन

महराजगंज, निज संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को दीवानी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ इलाहाबाद हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अजीत सिंह ने पौधरोपण करके किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिलेभर के विभिन्न न्यायालयों में 42,158 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के जरिए हुआ। इस दौरान वादकारियों ने बढ़-चढ़ कर वादों को निस्तारित कराया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जुर्माना भर कर लोगों ने राहत की सांस ली।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव असगर अली ने बताया गया कि सभी बैंकों ने 11,912 नियत प्री-लिटीगेशन वादों में से 1,768 प्री-लिटीगेशन वादों का निस्तारण करते हुए 2,47,60,752 रुपये ऋण की वसूली की। वहीं पीठासीन अधिकारी ने 225 लम्बित नियत वादों में से 80 वादों का निस्तारण करते हुए 1,88,42,000 रुपये समझौता धनराशि पीड़ित पक्षकारों को दिलाई। इसके अलावा राजस्व न्यायालयों में 42,158 प्री-लिटीगेशन वादों का निस्तारण किया गया। इस खास मौके पर प्री-लिटीगेशन पीठ ने 249 प्री-लिटीगेशन और सभी न्यायालयों में 1345 चिन्हित वादों में से 655 वादों का निस्तारण करते हुए 3,59,448 रुपये अर्थदण्ड की धनराशि वसूल की गई। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश जयप्रकाश तिवारी, संजय कुमार यादव, मनु कालिया, पवन कुमार श्रीवास्तव, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश कुमार त्रिपाठी, संजीव कुमार श्रीवास्तव, राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी, सुन्दर लाल, विनय कुमार सिंह, अनिल कुमार सेंठ, कमलेश्वर पांडेय, सौरभ , आस्था , बलवन्त कुमार भारती, सौरभ पांडेय, ईशा अग्रवाल, श्वेता सोनी आदि मौजूद रहे।



राष्ट्रीय लोक अदालत में स्टॉलों पर वादों को निस्तारित कराते वादकारी। ● हिन्दुस्तान

### सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने किया प्रतिभाग

राष्ट्रीय लोक अदालत में जिलेभर के सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पहुंच कर प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक कर्मियों ने लोगों की समस्याओं का निस्तारण कराने में पसीने छूट गए। बैंकों के दबाव में वादकारियों ने लाखों रुपये जुर्माना जमा की।

### आरओ वाटर प्यूरीफायर व कूलिंग सिस्टम का शुभारंभ

राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रशासनिक न्यायमूर्ति अजीत सिंह ने न्यायालय परिसर में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के कार्यालय के शिलापट्ट का लोकार्पण किया। इसके अलावा वादकारियों के उपयोग को लेकर एडीआर भवन में स्थापित आर.ओ. वॉटर प्यूरीफायर एवं कूलिंग सिस्टम का शुभारम्भ भी किया।

# स्क्रैप लदी दो ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

13/11/2022

**निचलौल।** कस्टम अधीक्षक निचलौल आरके तिवारी और एसएसबी शितलापुर की टीम ने शुक्रवार की रात में बार्डर के लालपुर इटहिया मार्ग पर दो ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदे पुराने टायर का स्क्रैप पकड़ा है। दोनों ट्रैक्टर ट्रॉली पर कुल 20 कुंतल स्क्रैप लदा था। दोनों ट्रैक्टर के चालक अनूप और अमरनाथ दोनों निवासी ग्राम हरखपुरा जिला नवल परासी नेपाल पकड़े गए हैं।

# वीडियो वायरल होने के बाद दर्ज किया केस

झुलनीपुर/ निचलौल, हिन्दुस्तान टीम। निचलौल थानाक्षेत्र के ग्राम करमहिया में शुक्रवार की शाम को बच्चों द्वारा गंदगी किए जाने की बात पर दो पक्षों में विवाद हो गया, देखते ही देखते एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष की एक महिला और उसके बेटे को लाठी डंडे से पिटाई कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

इस घटना का वीडियो शनिवार को वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने आरोपी पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। हालांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में दिख रहा है कि एक महिला और उसके बेटे को कुछ लोग घेरकर लाठी डंडा से पिटाई कर रहे हैं। पिटाई के बाद परिजनों ने महिला कुसुमावती को निचलौल सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने रात में ही उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार को काशीनाथ, सुग्रीव और रामसूरत तीनों निवासी करमहिया के खिलाफ मारपीट की गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। एसओ ने बताया कि तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# आठ बोरी कैल्शियम सल्फेट संग गिरफ्तार

खनुआ। बीओपी हरदी डाली के सहायक उप निरीक्षक सुकुमार मंडल के नेतृत्व में शुक्रवार को देर शाम सोनौली कोतवाली थाना क्षेत्र के हरदीडाली के समीप भारत नेपाल सीमा पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान दो व्यक्ति साइकिल पर कोई सामान लेकर नेपाल सीमा में प्रवेश करते हुए दिखाई दिए। जवानों ने जब रुकने का इशारा किया तो साइकिल छोड़ कर दोनों नेपाल की तरफ भागने लगे। जवानों ने दौड़ाकर एक आरोपित को दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना योगेन्द्र केवट, निवासी वेंरवा, वार्ड नम्बर 3 रुपदेन्ही नेपाल बताया। कार्यवाहक कमांडेंट वरुण कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपित को कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया है।

# 78 फरियादी आए, 27 को मिला न्याय

## समाधान दिवस




कोल्हुई थाने में शनिवार को समाधान दिवस में नायब तहसीलदार रवि कुमार व एसओ अभिषेक सिंह ने प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया। • हिन्दुस्तान

महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम। शासन के निर्देश पर शनिवार को जिले के सभी थानों पर आयोजित समाधान दिवस कुल 78 फरियादियों ने प्रार्थना पत्र दिया। इसमें से 27 प्रार्थना पत्र को मौके पर ही निस्तारित किया गया। एडीजी जोन निखिल कुमार ने फरेंदा थाना में समाधान दिवस का निरीक्षण किया।

फरेंदा संवाद के अनुसार एसडीएम मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित समाधान दिवस में आठ पीड़ितों ने शिकायत दर्ज करया। मौके पर तीन शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। पांच शिकायतों को निस्तारित करने के लिए राजस्व कर्मियों को सौंप दिया गया। इस दौरान सीओ कोमल प्रसाद मिश्र, कोतवाल सत्येन्द्र कुमार राय, सहित राजस्व निरीक्षक व लेखपाल सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे। पुरन्दरपुर संवाद के अनुसार प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार के नेतृत्व में समाधान दिवस में पांच मामले आए। एक मामले का निस्तारण मौके पर हुआ। पनियरा संवाद के अनुसार थाना दिवस में आठ मामले आए। जिसमें से दो का निस्तारण कराया गया है।

**आए तीन मामले, निस्तारण शून्यः** निचलौल। थाना परिसर में शनिवार को एसओ आनंद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में तीन मामले आए इनमें से मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो पाया। लंबित मामलों के निस्तारण के लिए टीम मौके पर भेजी गई।

## एक नजर में

### 38 लीटर कच्ची के साथ दो गिरफ्तार

**महराजगंज** : सोहगीबरवा थाने की पुलिस ने दो लोगों को 38 लीटर कच्ची के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (जासं)

### शांतिभंग में तीन का चालान

**आनंदनगर** : पुरंदरपुर पुलिस ने शनिवार को शांति भंग में तीन लोगों का चालान कर न्यायालय भेज दिया है। थानेदार उमेश ने बताया कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कार्रवाई की गई है। (जासं)

### 169 वाहनों का चालान

**महराजगंज** : यातायात पुलिस ने यातायात नियमों की अनदेखी के मामले में 169 वाहनों का चालान काटा। दो वाहन चालकों से दो हजार रुपये जुर्माना वसूल किया गया। (जासं)

# लोक अदालत में 44910 वाद निस्तारित

## उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने किया निरीक्षण, 2.47 करोड़ रुपये ऋण की वसूली

**जासं, महराजगंज**: दीवानी न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अजीत सिंह ने लोग अदालत का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला जज जयप्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत में 44910 वादों का निस्तारण किया गया। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के कार्यालय का भी लोकार्पण किया।

लोक अदालत के निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति ने निर्देश दिया कि फरियादियों के वादों का हर स्तर पर समाधान कराया जाना ही इसकी सफलता है। जिला जज ने कहा कि आज की लोक अदालत में इतनी बड़ी संख्या में वादों का निस्तारण वास्तव में न्यायालय के लिए बड़ी उपलब्धि है। हमें आशा है कि आने वाली लोक अदालतों में हम अपने रिकार्ड को पुनः तोड़ने में कामयाब होंगे। जिला जज के साथ उपस्थित न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने पौधारोपण भी किया। लोक अदालत में सभी बैंकों के 11912 वादों में से 1768 का निस्तारण करते हुए दो करोड़, 47 लाख, 60 हजार 752 रुपये ऋण की वसूली हुई। पीठासीन अधिकारी ने 225 लंबित वादों में से 80 का निस्तारण करते हुए एक करोड़, 88 लाख, 42 हजार रुपये पीड़ितों को दिलाया।



लोक अदालत के बाद पौधरोपण करते उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अजीत सिंह व जिला जज जयप्रकाश तिवारी (दाएं से चौथे) • जागरण

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव असगर अली ने बताया कि लोक अदालत में 44910 वादों का निस्तारण किया गया है। इसमें बैंकों के 1768, पीठासीन अधिकारी के क्षतिपूर्ति के 80, राजस्व के सर्वाधिक 42158, सेवा प्राधिकरण के 249, अन्य समस्त न्यायालयों के 655 वादों का निस्तारण शामिल है। पीठासीन अधिकारी संजय कुमार यादव, मनु कालिया, पवन कुमार श्रीवास्तव, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश नारायण त्रिपाठी, महामंत्री संजीव कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### प्रशासनिक न्यायमूर्ति को सौंपा ज्ञापन

जासं, आनंदनगर: प्रशासनिक न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद अजीत सिंह के आगमन पर उनका स्वागत करने के उपरान्त उन्हे दो सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। बार एसोसिएशन फरेंदा के अध्यक्ष सुधेश मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व मे फरेंदा दीवानी न्यायालय मे अतिरिक्त कोर्ट मे सिविल जज की नियुक्ति व अपीलीय न्यायालय की स्थापना का ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर न्यायमूर्ति ने शीघ्र ही निस्तारण का आश्वासन दिया।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दो गिरफ्तार

- प्रताड़ना से आजिज आकर विवाहिता ने की थी आत्महत्या
- दहेज उत्पीड़न में गिरफ्तार किया गया पति व नाबालिग देवर

**जागरण संवाददाता, महराजगंज**: दहेज के लिए प्रताड़ना से आजिज आकर विवाहिता के आत्महत्या के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को पति और उसके छोटे भाई को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोपित सास और ससुर फरार हैं। पुलिस उन दोनों की तलाश में जुटी है।

पनियरा थाना क्षेत्र के हंसखोरी गांव निवासी केवास ने बेटी रिंका की शादी आठ वर्ष पूर्व चेहरी टोला तेलिया निवासी कन्हैया से की थी। पिता केवास ने बताया कि बेटी-दामाद को दो बच्चे हैं। रिंका को काफी दिनों से ससुराली दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे।

इस मामले में कई बार गांव में पंचायत भी हुई, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। इसी वजह से रिंका ने पांच नवंबर को आत्महत्या कर ली। सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर ससुर ललई, सास (नाम अज्ञात), पति कन्हैया और नाबालिग देवर के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

शनिवार को पति कन्हैया और नाबालिग देवर को गिरफ्तार कर लिया गया है, कार्रवाई की जा रही है।

# एडीजी ने सुनी समस्या, समाधान का निर्देश

**जासं, आनंदनगर**: फरेंदा कोतवाली में थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को पहुंचे एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने जन सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को फरियादियों की समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया। थाना समाधान दिवस में कुल आठ मामले आए। जिसमें दो का निस्तारण मौके पर हुआ।

एडीजी ने सबसे पहले फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उसके बाद प्रार्थना पत्र रजिस्टर में भूमि विवाद के कितने मामले आए। रजिस्टर बनाकर भूमि से संबंधित विवादों को अंकित करने तथा दोनों पक्षों को बुलाकर मौके पर उसका निस्तारण कराने का निर्देश दिया। कहा कि आम दिनों में थाना पर आने वाली भूमि संबंधी मामलों को एकत्र कर उसका समाधान दिवस पर निस्तारण करें। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद मिश्र, थानाध्यक्ष सतेंद्र कुमार राय, रामकिशुन, रामशब्द मौजूद रहे।




फरेंदा कोतवाली मे समस्याएं सुनते एडीजी गोरखपुर अखिल कुमार ● जागरण

## थाना समाधान दिवस में 27 शिकायतों का निस्तारण

**जासं, महराजगंज** : जिले के थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस किया आयोजन किया गया। इस दौरान मिली 78 शिकायतों में से 27 का निस्तारण किया गया। भूमि विवाद के मामलों में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए गए। सदर कोतवाली में सदर एसडीएम मो. जसीम व सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने मामलों की सुनवाई की। तीन मामलों में से दो का निस्तारण किया गया।

सुनवाई के दौरान सदर एसडीएम मोहम्मद जसीम ने कहा कि भूमि संबंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए। जिससे फरियादियों को भटकना न पड़े तथा प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। सदर सीओ अजय सिंह चौहान ने कहा कि भूमि मामलों में थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करने एवं समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलवाकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। सिंदुरिया संवाददाता के अनुसार सिंदुरिया थाने पर थानाध्यक्ष नासिर हुसैन ने जनसुनवाई की। राजेंद्र कुमार सिंह, ब्रम्ह कुमार आदि मौजूद रहे।

# वाहन चलाते समय बरतें सावधानी : सूर्यबली

**जासं , सिसवाबाजार:** स्थानीय चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में चल रहे यातायात माह के दौरान यातायात सुरक्षा के मद्देनजर शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन पुलिस क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सुरक्षित यात्रा के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।सीओ सूर्यबली मौर्य ने कहा कि यातायात नियम का पालन करें। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग जरूर करें।

थानाध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि वाहन चलाने में सावधानी बरतें। वाहन के कागजात ( रजिस्ट्रेशन, बीमा, लाइसेंस) जरूर रखे। हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। एस आई अरुण चौधरी, प्रधानाचार्य गजानन मणि त्रिपाठी, ज्योतिष मणि त्रिपाठी, हरिराम भालोटिया, संजय सिंह , गंगा सागर पांडेय, महेंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# मारपीट के मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा

**जागरण संवाददाता, निचलौल :** ग्रामसभा करमहिया में युवकों ने एक महिला को लाठी से पीटकर घायल कर दिया। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में स्वजन भर्ती कराए हैं।

शनिवार को हुई घटना में पुलिस ने पीड़िता कुसुमावती देवी की तहरीर पर काशीनाथ गौड़, सुग्रीव गौड़, रामसूरत के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

# सुरक्षित यातायात के लिए जागरुकता जरूरी

**सिसवा बाजार।** चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज में प्रशासन द्वारा यातायात माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी निचलौल सूर्यबली मौर्य ने कहा कि 18 वर्ष की उम्र के बाद ही गाड़ी चलाएं। गाड़ी चलाने के पूर्व ड्राइविंग और उसके नियमों की जानकारी एवं समस्त वैध दस्तावेजों के साथ यात्रा करें।

उन्होंने कहा कि गाड़ी चलाते समय पुलिस से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनों से मिलने के लिए मोटरसाइकिल पर हेलमेट और चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट जरूर लगाएं।

इस दौरान थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय, ज्योतिष मणि त्रिपाठी, गजानन मणि त्रिपाठी, एसआई अरुण चौधरी, मधु सिंह, राकेश पति त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। संवाद

अमर उजाला | महराजगंज | amarujala.com

# 42 हजार से अधिक वादों का निस्तारण

## उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अजीत सिंह ने दीवानी न्यायालय परिसर में किया राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के न्यायमूर्ति अजीत सिंह ( प्रशासनिक न्यायमूर्ति, महराजगंज) ने दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। राजस्व न्यायालयों की ओर से 42,158 प्री-लिटीगेशन वादों का निस्तारण किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में प्री-लिटीगेशन पीठ द्वारा 249 प्री-लिटीगेशन वादों का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय स्थित समस्त न्यायालयों द्वारा 1345 चिह्नित वादों में से 655 वादों का निस्तारण करते हुए 3,59,448 रुपये अर्थदंड की धनराशि वसूल की गई।

न्यायालय परिसर में प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा पौधरोपण भी किया गया। सभी तहसीलों, बाह्य न्यायालय फरेन्दा, ग्राम न्यायालय निचलौल, ग्राम न्यायालय नौतनवां एवं सभी राजस्व न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ।



राष्ट्रीय लोक अदालत में स्टॉल पर लगी लोगों की भीड़। संवाद

न्यायमूर्ति अजीत सिंह ने जनपद न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कार्यालय (एडीआर भवन) में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम कार्यालय के शिलापट्ट का लोकार्पण किया।

महराजगंज स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं इंडियन बैंक के संयुक्त सौजन्य से एडीआर भवन में स्थापित आरओ वाटर प्यूरीफायर एवं कूलिंग सिस्टम का भी शुभारंभ हुआ। जनपद न्यायाधीश जयप्रकाश तिवारी, संजय कुमार यादव पीठासीन अधिकारी एमएसीटी, प्रभारी प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय डॉ. मनु कालिया, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत पवन कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### 2 करोड़ 47 लाख 60 हजार रुपये से अधिक की ऋण की वसूली

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव असगर अली ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी बैंकों द्वारा 11,912 नियत प्री- लिटीगेशन वादों में से 1,768 प्री- लिटीगेशन वादों का निस्तारण करते हुए 2,47,60,752 रुपये ऋण की वसूली की गई। पीठासीन अधिकारी एमएसीटी द्वारा 225 लंबित नियत वादों में से 80 वादों का निस्तारण करते हुए 1,88,42,000 रुपये समझौता धनराशि पीड़ित पक्षकारों को दिलाई गई।

### प्रशासनिक न्यायमूर्ति को अधिवक्ताओं ने सौंपा मांग पत्र

**फरेंदा।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अजीत सिंह के महराजगंज आगमन पर सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधेश मोहन श्रीवास्तव व पूर्व मंत्री शैलेंद्र श्रीवास्तव ने उनका स्वागत करते हुए दो सूत्री मांग पत्र दिया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि फरेंदा दीवानी न्यायालय के अतिरिक्त कोर्ट में सिविल जज की नियुक्ति व अपीलीय न्यायालय की स्थापना संबंधित ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन भी दिया गया है।

# थाना समाधान दिवस : 27 मामलों का हुआ निस्तारण

## आईजीआरएस के मामलों को गंभीरता से लें जिम्मेदार : एडीजी

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर थानों में शनिवार को अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को निस्तारित करने का प्रयास किया। क्षेत्राधिकारियों द्वारा सर्किल के थानों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों में 78 मामलों में से 27 का निस्तारण मौके पर किया गया।

फरेंदा प्रतिनिधि के अनुसार थाना समाधान दिवस में पहुंचे एडीजी अखिल कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं तथा उसके शीघ्र निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने आईजीआरएस संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निस्तारण का आदेश दिया। थाना संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 7 मामले आए। इसमें से दो का निस्तारण किया गया।




फरेंदा में थाना संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद लोग। संवाद

एडीजी अखिल कुमार ने कहा कि थाना संपूर्ण समाधान दिवस में आए सभी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें। शिकायतों के निस्तारण में मौके पर जाकर पीड़ित पक्ष की मौजूदगी में मामले का निस्तारण करें। इस दौरान सीओ कोमल प्रसाद मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय आदि मौजूद रहे।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 13-11-2022

# पुलिस वर्दी में कानपुर से कार चुरा कर भाग रहे दो गिरफ्तार

**हर्रैया(एसएनबी)।** कानपुर जनपद के काकादेव थाना क्षेत्र से कार चुराकर भाग रहे दो चोरो को पुलिस टीम ने सूचना पर रोकने का प्रयास किया तो टोल प्लाजा का बैरियर तोडकर भागने लगे। हर्रैया तथा छावनी पुलिस ने पीछा कर दोनो को बेलाडे शुक्ल ने पास से गिरफ्तार कर वाहन बरामद कर लिया। पूछताछ कर दोनो को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह को सूचना मिली की काकादेव कानपुर से लाल रंग की आईटेन कार चुरा कर पुलिस की वर्दी मे दो लोग गोरखपुर की तरफ जा रहे है। उन्होने अपने हमराही तथा छावनी के थानाध्यक्ष दुर्गेश पाण्डेय और उनके हमराहियों के साथ चौकडी टोल प्लाजा पर पहुंचे जहां लाल रंग की आईटेन कार संख्या यूपी 32 एचके 7737 आती हुई दिखाई पडी जिसे चलाने वाला पुलिस वर्दी में था। रोकने पर टोल प्लाजा कर बैरियर तोडते हुए कार लेकर भागे तो पुलिस टीम ने पीछा किया। बेलाडे मोड पर कार को यूटर्न लेकर बेलाडे शुक्ल गांव के पास पहुंचे और जब लगा कि भागने मे सफल नही होंगे तो कार खडी कर दोनो पैदल भागने लगे। पुलिस टीम ने दौडाकर उन्हे पकड लिया। पूछताछ में एक ने अपना नाम प्रवेश अहमद पुत्र सलीम अहमद निवासी दुधौरा थाना उरई जिला जालौन तथा दूसरे ने अपना नाम रियासत पुत्र आल मोहम्मद सूर्य नगर उरई जालौन बताया। पुलिस क्षेत्राधिकारी शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि दोनो ने चोरी की गाडियो को नेपाल बेचने की बात स्वीकार किया है।



कार चोरों को पकडकर लाती पुलिस,बरामद चोरी की कार।

# बैठक कल

**बस्ती।** अध्यक्ष, जिला पंचायत की अध्यक्षता में जिला एकीकरण समिति की बैठक 14 नवंबर को अपरान्ह 4 बजे से विकास भवन सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी । उक्त जानकारी सीडीओ/ सदस्य सचिव डा. राजेश कुमार प्रजापति ने दी है।

# मार्ग दुर्घटना में घायल महिला की मौत

**बभनान।** हैदरगढ बाराबंकी से मुर्गी लादकर एक पिकप शिवा घाट की तरफ जा रही थी। शनिवार को प्रातः लगभग 5:30 बजे पैकोलिया गांव के सामने पिकअप अनियंत्रित होकर पानी भरे गढ्ढे में पलट गयी। इस दौरान पिकअप की चपेट में आकर पैकोलिया निवासी 70 वर्षीय ननका देवी पत्नी कोदई घायल हो गयी। उन्हे सीएचसी गौर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया गया जहां से मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय महिला की मौत हो गयी। पिकअप चालक विक्रम पुत्र मोती और दिलीप कुमार पुत्र हीरालाल निवासीगण मेहरबानपुर थाना सोनहा तथा अजय कुमार पुत्र राम सागर निवासी नवैला थाना सोनहा को ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पीएम के लिए बस्ती भेजा गया है।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी आम जनमानस की समस्या

**बस्ती (एसएनबी)।** शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर कोतवाली मेंपुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने पहुंच कर आम जनमानस की समस्याओं को सुना। उन्होंने मातहतों को समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण का करते हुए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने थाना कोतवाली पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।



फरियादियों की समस्याओं का अवलोकन करते एसपी आशीष श्रीवास्तव। फोटो : एसएनबी

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द करें एवं जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें। जिससे समय से उचित निस्तारण किया जा सके । इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारी गण द्वारा अपने सर्किल के थानों पर व प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थानों पर आम जनमानस की समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया।

# विद्यालयों में दी गयी सड़क सुरक्षा की जानकारी

**विक्रमजोत (एसएनबी)।** विक्रमजोत विकास खंड के अन्तर्गत बाल्मीकि इंटर कॉलेज विक्रमजोत में आयोजित कार्यक्रम में चौकी प्रभारी ओमप्रकाश मिश्र, हेडकांसटेबल कमलेश यादव, विक्रान्त कुमार और कांसटेबल राहुल सिंह द्वारा मौजूद लगभग 450 छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के स्टाफ तथा दुर्गा देवी स्मारक शिक्षण संस्थान कवलपुर संस्था में 600 छात्र-छात्राओं को यातायात तथा सडक सुरक्षा के नियमो को विस्तार से बताया गया। बाल्मीकि इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ घनश्यामलाल श्रीवास्तव, जेपी सिंह, पंकज कुमार सिंह, राजीव कुमार, नरेन्द्र कुमार, शिवशंकर, रविप्रकाश सिंह, अजय पाण्डेय एवं राजेन्द्र तथा दुर्गा देवी स्मारक शिक्षण संस्थान में प्रधानाध्यापक सुधीर त्रिपाठी, प्रवक्ता महेश पाण्डेय, राम किशन यादव, मोहन कन्नौजिया, शशिमा सिंह, पूजा सिंह, अंकिता शुक्ला, गीता शर्मा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाए मौजूद रहे।

# लड़कियों पर फब्तियां कसने वाला गिरफ्तार

**बस्ती ।** प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड टीम उप निरीक्षक किरण भास्कर तथा उनकी पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के तहत थाना कलवारी क्षेत्रान्तर्गत एंटी रोमियो चेकिंग किया जा रहा था। इसी बीच रास्ते से जाने जाने वाली महिलाओं तथा लड़कियों को देखकर अश्लील गाना गाने तथा फब्तिया कसते हुए एक युवक को देखा। पुलिस ने युवक से पूछताछ करते हुए नाम पूछा तो उसकी पहचान शमशेर अहमद पुत्र खुर्शीद निवासी कथकपुर, थाना दुधारा जनपद सन्तकबीरनगर के रूप में हुई। इस सम्बन्ध में कलवारी पुलिस के अभिरक्षा में आरोपी के विरुद्ध धारा 294 आईपीसी की कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।

# एसडीएम ने सुनी फरियादियों की समस्या

**रुधौली ।** थाना समाधान दिवस एसडीएम आनन्द सिंह श्रीनेत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें कुल नौ मामले आए । केवल दो मामले का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस मामले को संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। इस मौके पर तहसीलदार केशरी नंदन त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र, कानूनगो विजय यादव, लेखपाल हबीबुल्लाह, बृजेंद्र, पंकज सिंह, सहित लोग मौजूद रहे।

# अपहृता बरामद

**हर्रैया ।** थानाध्यक्ष ने विगत दिनों अपहृत युवती को बरामद कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में अपहृता के परिजनो की तहरीर पर अपराध संख्या 173/2022 धारा 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस उसकी सरगरमी से तलाश कर रही थी। सर्विलांस सेल और मुखविर की सूचना के आधार पर अपहृता को सैफई से बरामद किया गया।

# स्थानांतरित उपनिरीक्षक को दी गयी विदाई

**हर्रैया ।** स्थानीय थाने पर तैनात उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य को पुलिस क्षेत्राधिकारी शेषमणि उपाध्याय एवं थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह द्वारा माला पहनाकर भावभीनी विदाई दिया गया। विदाई समारोह में इंस्पेक्टर अनीता यादव और छोटेलाल, छावनी के थानाध्यक्ष दुर्गेश पाण्डेय सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि नौकरी में स्थानांतरण एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। उन्होने श्री मौर्य के कार्यो की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

# यातायात नियमों की जानकारी दी

बस्ती। यातायात माह के तहत शनिवार को शहर के उर्मिला एजुकेशनल एकेडमी बस्ती में यातायात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का मंचन किया।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बच्चों के प्रयास को सराहते हुए कहा कि बच्चों के परिजनों व टीचर अपने आस-पास के लोगों को प्रेरित करें। प्रबंधक धीरेन्द्र शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय, थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप सिंह व यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह, विनय शुक्ल, प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अश्लील इशारा करते एक गिरफ्तार

**बस्ती।** एंटी रोमियो स्क्वायड प्रभारी की टीम ने अश्लील इशारा करने के आरोप में एक व्यक्ति को पकड़ा है। टीम की प्रभारी एसआई किरन भाष्कर ने तहरीर देकर बताया है कि एक व्यक्ति कटेश्वर पार्क के पास महिलाओं को देकर अश्लील इशारा करते पकड़ा गया। आरोपी शमशेर अहमद निवासी दुधारा संतकबीरनगर के खिलाफ आईपीसी 294 के तहत केस दर्ज किया गया है।

# दहेज में कार के लिए उत्पीड़न

बस्ती। दहेज के लिए विवाहिताओं को प्रताड़ित करने के आरोप में मुंडेरवा व वाल्टरगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है। महिला ने बताया है कि उनकी शादी इसी थाने के बेहिल निवासी अब्दुल हकीम के साथ हुई है। शादी में दहेज के नाम पर चार पहिया गाड़ी की मांग की गई।पुलिस ने पति के अलावा ससुर, सास हाजरा खातुन, ननद अजमेरुन निशा समेत सात के खिलाफ आईपीसी डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# फर्जी दस्तावेज पर बेल के मामले नहीं : एसपी

बस्ती। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में फर्जी दस्तावेज पर जमानत के मामले सामने नहीं आए हैं। प्रत्येक जमानतदार के वेरीफिकेशन की व्यवस्था बनी है। थानों को सक्रियता के साथ सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है। आपराधिक मामलों में बंद आरोपितों की जमानत से पूर्व वेरीफिकेशन आदि पर पूरा फोकस किया जाता है। विवेचना के दौरान ऐसा तथ्य सामने आने के बाद जांच कर उचित कार्रवाई की जाती है। फर्जी दस्तावेज पर जमानत व रिहाई जैसा कोई प्रकरण जिले में नहीं है।

# सुनवाई में नहीं आए नपा, विद्युत व बीडीए कर्मचारी

**समाधान दिवस**



कोतवाली थाने में मामलों की सुनवाई करते एसपी आशीष श्रीवास्तव। • हिन्दुस्तान

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** जिले के सभी थानों पर शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने कोतवाली में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायत पहुंचते ही समाधान का प्रयास करने पर जोर दिया। राजस्व व पुलिस विभाग को छोड़कर अधिकतर विभागों का जिम्मेदार मौजूद नहीं मिला।

एसपी ने बताया कि नगरपालिका, विद्युत, बीडीए से संबंधित प्रकरणों में कोई जिम्मेदार थाना दिवस में उपस्थित न रहने से त्वरित निस्तारण प्रभावित होता है। उन्होंने ऐसी स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया। एसपी ने बताया कि शहरी क्षेत्र के थानों पर विद्युत, नगरपालिका, बीडीए से संबंधित प्रकरण समाधान दिवस में पहुंचते हैं

**नगर थाने पर पहुंचे सीडीओ व एसडीएम:** नगर बाजार। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राजेश प्रजापति और एसडीएम सदर शैलेश कुमार दुबे ने नगर थाने के समाधान दिवस का निरीक्षण कर जनसुनवाई की। कुल 24 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

**एसडीएम अध्यक्षता में मामलों का हुआ निस्तारण :** हर्रैया। थाना पर एसडीएम हर्रैया गुलाब चंद्र व सीओ शेषमणि उपाध्याय की देखरेख में आयोजित समाधान दिवस में कुल 20 मामले आए, जिसमें दो का मौके पर निस्तारण हो गया। शेष मामलों के लिए टीम गठित की गई।

# हेराफेरी करने के तीन आरोपितों पर गैंगस्टर

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने तीन आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरोह बनाकर एटीएम से हेरफेर कर धोखाधड़ी से पैसा निकालने के आरोपी दुर्गा प्रसाद, अवधेश कुमार उर्फ सोनू निवासी दुबौली रामचरन थाना मनकापुर गोण्डा और चांद बाबू निवासी करोहामान, मछली बाजार थाना मनकापुर जिला गोण्डा के खिलाफ केस दर्ज।

# चार माह बाद सैफई में मिली गायब युवती

हर्रैया। क्षेत्र एक गांव की 20 वर्षीय युवती एक जुलाई को घर से मंदिर पर पूजा के लिए निकली थी। उसके बाद से गायब हो गई। परिजनों ने युवती की खोजबीन किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।

युवती के पिता ने हर्रैया थाने पर तहरीर देकर अपहरण का मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से युवती का इटावा जनपद के सैफई गांव में लोकेशन पाया।

साथी के साथ दबोचा गया वर्दीधारी चोर, जालौन के रहने वाले हैं दोनों आरोपी, कानपुर से 8 नवंबर की रात चोरी की थी कार

# कार चुरा कर भागा बर्खास्त सिपाही गिरफ्तार

**शिकंजा**

कप्तानगंज/छावनी (बस्ती), हिसं। कानपुर से कार चोरी कर भागे पुलिस की वर्दी पहने चोर को बस्ती पुलिस ने उसके साथी समेत शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। 8 नवंबर की रात कानपुर से चोरी हुई कार फोरलेन के रास्ते अयोध्या से गोरखपुर की तरफ तेजी से निकलने की सूचना पर अलर्ट हुई बस्ती पुलिस ने हाइवे पर जगह-जगह बैरिकेडिंग कराकर दोनों को दबोचा। वर्दीधारी बर्खास्त सिपाही है। दोनों जालौन के रहने वाले हैं।



शनिवार को हर्रैया थाने पर कानपुर से चोरी कार की बरामदगी व धरपकड़ की जानकारी देते सीओ हर्रैया। ● हिन्दुस्तान

## धोखा देने के लिए नंबर प्लेट बदलते रहे

कानपुर के पांडव नगर काका देव निवासी रोहित शर्मा की कार (यूपी32 जीई 0078) काकादेव से 8 नवंबर 2022 की देर रात चोरी हुई थी। काकादेव पुलिस केस दर्ज कर छानबीन में जुटी थी। पुलिस के अनुसार चोर कार नम्बर प्लेट बदल-बदल कर गाड़ी लेकर आगे बढ़ रहे थे। पहले गाड़ी पर यूपी32 एमके 7797 नंबर लगाया और बाद इसे यूपी 32 एचके 7737 कर दिया था।

> कानपुर से चोरी सूचना के बस्ती जनपद में प्रवेश की सूचना मिलते ही घेराबंदी शुरू कर दी गई। चौकड़ी टोल छावनी पर बैरियर तोड़कर भागने के बाद छावनी व हर्रैया थाने की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर कार सवार दोनों आरोपितों को दबोच लिया। दोनों से पूछताछ कर अन्य जानकारियां जुटाई जा रही हैं।
>
> **शेषमणि उपाध्याय,** सीओ, हर्रैया

जिले में शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे वाहन चोरी की सूचना पहुंची। इसके बाद थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय ने चौकड़ी टोल पर मौजूद पुलिसकर्मियों को लाल रंग की आई10 को रोकने को कहा। इसी बीच वह कार पहुंची तो वर्दीधारी ड्राइवर दिखा। रोकने पर टोल के बैरियर को टक्कर मारकर आगे भागने लगा। इधर थाना प्रभारी हर्रैया शैलेश कुमार सिंह भी टीम भी सक्रिय हो गईं। छावनी व हर्रैया पुलिस के बीच में पड़ने पर कार को फोरलेन से रामजानकी मार्ग पर मोड़ दिया। बेलाड़े शुक्ल गांव में गाड़ी एक मकान के बगल में छोड़ने के बाद कार सवार ने वर्दी उतारकर सादे कपड़े पहन लिए। पुलिस टीम को देखकर नहर के बगल झाड़ी में जाकर छिप गए। छावनी व हर्रैया पुलिस ने घेराबंदी कर ग्रामीणों की मदद से दोनों को पकड़ लिया। हर्रैया थाने पर सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय पहुंच गए और धरपकड़ की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार दोनों की पहचान परवेज अहमद निवासी बघौड़ा, थाना उरई, जनपद जालौन और रिसायत अली निवासी सूर्यनगर कॉलोनी, उरई, जालौन के रूप में की गई। इनमें परवेज अहमद 1995 बैच का सिपाही है, जिसे चार साल पहले बर्खास्त किया जा चुका है। बताया जा रहा है कि झांसी में तैनाती के दौरान उस पर चोरी का आरोप लगा था। इस मामले में फरार होने के बाद उसे बर्खास्त किया गया था। पुलिस की वर्दी पहनकर परवेज अहमद ही गाड़ी चला रहा था।

**नैनीताल व कानपुर से चुराकर नेपाल में बेची थी गाड़ी :** पुलिस के अनुसार कानपुर से 8 नवंबर को चोरी की गई कार नेपाल बेचने के लिए ले जाने की तैयारी थी। इसके लिए चोरों ने गोरखपुर के रास्ते नेपाल पहुंचने की योजना बनाई थी। आरोपी बर्खास्त सिपाही परवेज अहमद शातिर चोर बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक हर्रैया शैलेश सिंह के अनुसार बर्खास्त सिपाही ने कानपुर के कल्याणपुर क्षेत्र से इनोवा चुराई थी। वह इस मामले में जेल गया था। जेल से रिहा होने के बाद नैनीताल उत्तराखंड में भी गाड़ी चुराने के आरोप में पकड़े जाने के बाद जेल में बंद रहा था। चोरी की गाड़ियों को नेपाल ले जाकर बेच देते थे। परवेज और उसके साथ पकड़े गए रिसायत अली की कुंडली खंगाली जा रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 80609 मुकदमे निस्तारित

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बस्ती के तत्वावधान में शनिवार को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना की अध्यक्षता में एवं नोडल अधिकारी न्यायाधीश रजनीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में विभिन्न अदालतों में 80609 मुकदमों का निस्तारण किया गया। छह करोड़ आठ लाख 36 हजार 944 रुपये अर्थदण्ड वसूल गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश उमेश यादव ने बताया कि बैंकों के 1494 मामले प्री लिटिगेशन के स्तर पर निपटाए गए। इससे बैंकों के 9 करोड़ 39 लाख 54 हजार 184 रुपए ऋण वापसी का समझौता किया गया।

प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंक के मामलों सहित 76602 मामलों को सुलझाया गया। न्यायालयों के 4304 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराया। लोक अदालत में मोटरदुर्घटना कोर्ट के न्यायाधीश अरुण पाठक ने 44 मोटर दुर्घटना के मामलों का निस्तारण किया। एक करोड़ 55 लाख 10 हजार रुपए क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है। प्रभारी प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अंजु कन्नौजिया, न्यायाधीश रामायण शर्मा, पीएन त्रिपाठी, तारकेश्वरी सिंह, आशीषराय, अमित मिश्रा, अर्पिता यादव, आलोक वर्मा, विनोद यादव, पंकज पांडेय, स्वेता त्रिपाठी, दीक्षा त्रिपाठी, प्रियंका मौर्या, शशि प्रभा चौधरी व इन्दु यादव मौजूद रहीं।

# डेढ़ लाख रुपये हड़पा, मुकदमा

**बस्ती :** हरैंया पुलिस ने धोखाधड़ी व गबन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। अयोध्या के बीकापुर थानांतर्गत पूरे रूचि कौंछा बाजार निवासी मोहम्मद यासीन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दो लोगों ने हरैंया थानांतर्गत मछली मंडी तिराहा के पास धोखाधड़ी व बेईमानी करके उनका डेढ़ लाख रुपया हड़प लिया। पुलिस ने साहिल और छोटू पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया है।

# दहेज उत्पीड़न के दो मामलों में मुकदमा

**जासं, बस्ती** : दहेज के लिए विवाहिताओं को प्रताड़ित करने के आरोप में मुंडेरवा व वाल्टरगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मुंडेरवा पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित महिला ने बताया है कि उनकी शादी इसी थानाक्षेत्र के बेहिल गांव निवासी अब्दुल हकीम के साथ हुई है। शादी में दहेज के नाम पर चारपहिया गाड़ी की मांग की गई। मारा पीटा गया और जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने पति के अलावा ससुर, सास हाजरा खातून समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

वाल्टरगंज पुलिस को तहरीर देकर पीड़िता ने आरोप लगाया है कि ससुराल में शादी के दिन से ही दहेज को लेकर पति व अन्य ससुरालवाले असंतुष्ट थे। दहेज की मांग को लेकर ससुरालवालों ने उन्हें प्रताड़ित किया। मायके से मिले सामान को तोड़कर नुकसान पहुंचाया और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने राजेश निवासी छताई थाना खजनी जिला गोरखपुर हालमुकाम शहीद सुखदेव नगर, वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र अशोक बिहार उत्तर पश्चिमी दिल्ली व अन्य ससुरालीजन पर मुकदमा दर्ज किया है।



बस्ती जागरण

# लखनऊ में आयोजित धरने में चलने का आह्वान

**जासं, बस्ती :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश संरक्षक अभिमन्यु प्रसाद तिवारी ने शनिवार को शिक्षक संघ पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से भेंट किया। उन्होंने संघ पदाधिकारियों का आह्वान किया कि पुरानी पेंशन नीति बहाली सहित 4 सूत्री मांगों को लेकर लखनऊ के इको गार्डन में 15 नवंबर को आयोजित प्रदेश स्तरीय धरने में अनिवार्य रूप से हिस्सेदारी करें। जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने उन्हें धरने की सफलता के लिए की जा रही तैयारियों से अवगत कराया। संरक्षक ने जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्रनाथ तिवारी से उनके कार्यालय पर जाकर शिष्टाचार भेंट किया।

# यातायात नियमों का पालन करने से ही रुकेंगे हादसे




उर्मिला एजुकेशन एकेडमी में बच्चों ने संकेतों और चिन्हों के जरिये सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करते बच्चे ● जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** यातायात माह के तहत शनिवार को उर्मिला एजुकेशनल एकेडमी बस्ती में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने संकेतों व चिन्हों के जरिए लोगों को यातायात के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से ही हादसे रुकेंगे। ऐसे में हर किसी को यातायात नियमों का पालन दकरना चाहिए। बच्चों से कहा कि वे अपने परिवार के लोगों को बताएं कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। बाइक पर तीन सवारी कदापि न करें। सड़कों पर लगे संकेतक व चिन्हों का पालन करते हुए ही रोड पर चले। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी लोगों को यातायात नियमों के पालन करने व पालन करवाने की शपथ दिलाई गयी। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय, थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप सिंह व यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह मौजूद रहे।

# कार चुराकर भाग रहे दो बदमाश गिरफ्तार

## बेलाड़े शुक्ल गांव के पास हरैया पुलिस ने दबोचा, कार से पुलिस की वर्दी बरामद

**जागरण संवाददाता, (हरैया) बस्ती:** कानपुर से कार चुराकर गोरखपुर की तरफ भाग रहे दो बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं। दोनों की गिरफ्तारी हरैया थाने की पुलिस ने शनिवार को रामजानकी मार्ग पर बेलाड़े शुक्ल गांव के पास की। कार से पुलिस की वर्दी भी बरामद हुई है। एक बदमाश बर्खास्त सिपाही है। दोनों जालौन के रहने वाले हैं।



चोरी की कार के साथ पकड़े गए बदमाशो की जानकारी देते सीओ हरैंया शेषमणि ● जागरण

कार मंगलवार रात में कानपुर के काकादेव कोतवाली थानाक्षेत्र के पांडुनगर से चुराई गई थी। कानपुर पुलिस ने लाल रंग की कार चोरी होने और उसे लेकर पुलिस वर्दीधारी बदमाशों के गोरखपुर की ओर भागने की सूचना शनिवार सुबह बस्ती पुलिस को दी थी। इस सूचना पर बस्ती जिले के थानों की पुलिस लखनऊ-गोरखपुर फोरलेन पर वाहनों की जांच कर रही थी। चौकड़ी टोल पर छावनी थाना पुलिस ने बैरियर लगा रखा था। दिन में लगभग 11 बजे लाल रंग की कार वहां पहुंची। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो बदमाशों ने बैरियर तोड़कर कार रामजानकी मार्ग की तरफ मोड़ दिया। छावनी पुलिस ने इसकी सूचना हरैंया पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक शैलेष सिंह की टीम ने बेलाड़े शुक्ल गांव के पास ग्रामीणों की मदद से घेराबंदी कर कार सवार बदमाशों को पकड़ लिया। पुलिस की पूछताछ में उनकी पहचान जालौन जिले के उरई कोतवाली क्षेत्र के बघौड़ा निवासी परवेज और सूर्यनगर



बरामद कार ● जागरण

निवासी रियासत अली के रूप में हुई। परवेज बर्खास्त सिपाही है। कार से पुलिस की वर्दी भी बरामद हुई। सीओ हरैंया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि कार मालिक रोहित शर्मा ने बुधवार को कोतवाली काकादेव में मुकदमा दर्ज कराया था। चुराने के बाद बदमाशों ने कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगा लिया था। कार बेचने के लिए वे नेपाल जाने वाले थे।



# चोरी की कार बेचने के लिए जा रहे थे नेपाल

**जासं, हरैंया, बस्ती:** हरैंया व छावनी पुलिस के प्रयास से शनिवार को चोरी की कार के साथ पकड़े गए दो बदमाशों में से एक बर्खास्त सिपाही निकला।

पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों में से परवेज यूपी पुलिस का बर्खास्त सिपाही बताया गया है। सीओ शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कानपुर के काकादेव कोतवाली थाना क्षेत्र से चोरी की कार को बेचने के लिए कुछ लोग उसे गोरखपुर के रास्ते नेपाल लेकर जा रहे हैं। परवेज ने बताया कि वह 2014 में झांसी की एसओजी टीम में सिपाही था। उसे उसी वर्ष बर्खास्त कर दिया गया था। उसने अपने आपको 1995 बैच का भर्ती सिपाही बताया। यह भी बताया कि वह उत्तराखंड के नैनीताल में दो वर्ष व कानपुर में दो माह जेल में रहा। इन दिनों वह जमानत पर बाहर था। इसके गिरोह में कितने लोग शामिल हैं और इस पर कितने मुकदमे दर्ज हैं, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

**पहले से तैयार हो जाता था कागजात:** परवेज ने बताया कि अशोक कुमार न बार्डर पार कराने की व्यवस्था करता था, बल्कि कागजात तैयार कराता था। नेपाली वाहन संख्या का नंबर प्लेट भी लगवा देता था।

### गैंग का एक साथा है नेपाल में

पुलिस की गिरफ्त में आए परवेज ने बताया कि नेपाल में उसके गैंग का एक साथी है, जिसका नाम अशोक कुमार है।उसकी मांग के अनुसार वह वाहन चोरी कर उस तक पहुंचाता था। नेपाल के पहाड़ी इलाकों में जो लग्जरी कार दुर्घटनाग्रस्त होकर शत प्रतिशत नष्ट हो जाती थीं, उन्हीं का विवरण लेकर उससे कार मांगी जाती थी।

# एसपी ने कोतवाली में सुनीं लोगों की फरियाद

## मौके पर जाकर करें शिकायतों का निस्तारण

**जागरण टीम, बस्ती** : शनिवार को सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी ने कोतवाली में तो सीडीओ और एसडीएम सदर ने नगर थाने पर पीड़ितों की शिकायतें सुनी और उनके समाधान का प्रयास किया।

पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने कोतवाली पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निष्पक्ष तरीके से निस्तारण करने का निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक शशांक शेखर राय ने बताया कि थाना समाधान दिवस पर सात मामले आए, जिनमें से दो का ही निस्तारण कर दिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेश कुमार प्रजापति व एसडीएम सदर शैलेश कुमार दुबे ने नगर थाना परिसर में पीड़ितों की सुनवाई की। इस दौरान कुल 24 मामले आए जिनमें से पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर सीओ कलवारी विनय चौहान व थानाध्यक्ष नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे। सोनहा में एसडीएम भानपुर गिरीश कुमार झा की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। कुल 6 मामले आए, जिनमें से एक का ही मौके पर निस्तारण हुआ। वाल्टरगंज में थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने कुल 19 मामलों की सुनवाई की, मगर एक भी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका।

लालगंज थानाध्यक्ष महेश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को सीओ रुधौली प्रीति खरवार व नायब तहसीलदार के के मिश्रा ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। कुल 23 शिकायतों में से 10 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सीओ ने समाधान दिवस के रजिस्टर में एक भी मामले लंबित न रखने व दूसरे समाधान दिवस में पहले समाधान दिवस की शिकायतों की पुनरावृत्ति न कराने का निर्देश दिया।

### निराश लौट रहे फरियादी

**हर्रैया, बस्ती** : थाना समाधान दिवस में त्वरित न्याय न मिलने से मिलने से फरियादियों को निराश होकर घर लौटना पड़ा है। हर्रैया थाने पर तहसीलदार इंद्रमणि तिवारी व प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह ने सुनवाई की। कुल 20 मामले आए, जिसमें से महज दो का निस्तारण किया गया। दुबौलिया थाना पर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कुल आठ मामलों की सुनवाई की। दो का निस्तारण मौके पर किया गया। छावनी थाने पर थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने 20 शिकायतों में किसी का निस्तारण नहीं हो पाया। कप्तानगंज थाने पर प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र पांच मामलों की सुनवाई की। मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया।

# दो चरणों में हो सकते हैं निकाय चुनाव

शोभित श्रीवास्तव • लखनऊ

प्रदेश में इस बार नगरीय निकाय चुनाव दो चरणों में कराए जा सकते हैं। गुजरात चुनाव को ध्यान में रखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग दिसंबर के पहले सप्ताह में अधिसूचना जारी कर सकता है। दोनों चरणों के निकाय चुनाव दिसंबर में खत्म कर जनवरी प्रथम सप्ताह में परिणाम घोषित करने की तैयारी है। इस बार करीब सवा चार करोड़ मतदाता 763 नगरीय निकायों के लिए अपने प्रतिनिधि चुनेंगे।

यूं तो राज्य निर्वाचन आयोग को नगरीय निकाय चुनाव कराने के लिए डेढ़ माह यानी 45 दिन की जरूरत होती है, किंतु विशेष परिस्थितियों में आयोग ने 35-36 दिनों में भी चुनाव करा लेता है। पांच वर्ष पहले 2017 में भी आयोग ने 27 अक्टूबर को चुनाव की अधिसूचना जारी कर तीन चरणों में मतदान 22, 26 व 29 नवंबर को कराए गए थे। मतों की गिनती एक दिसंबर को हुई थी। यानी 2017 में भी आयोग ने केवल 36 दिनों में चुनाव संपन्न कराया था।



- गुजरात चुनाव को देखते हुए आयोग जारी करेगा अधिसूचना
- करीब सवा चार करोड़ मतदाता चुनेंगे 763 निकायों के प्रतिनिधि

## करीब दो लाख कर्मचारियों की लगेगी चुनाव ड्यूटी

नगरीय निकाय चुनाव के लिए करीब दो लाख से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगेगी। वर्ष 2017 में 652 नगरीय निकायों के चुनाव के लिए 36269 मतदान स्थल बने थे। इस वर्ष 763 नगरीय निकायों के चुनाव के लिए करीब 42 हजार से अधिक मतदान स्थल बनेंगे।

इस बार भी आयोग को चुनाव कराने के लिए बहुत कम समय मिल रहा है। निकायों के गठन, परिसीमन व सीमा विस्तार के काम में सरकार को बहुत समय लग गया। अब सरकार मेयर, चेयरमैन व वार्डों के आरक्षण के काम में लगी है। इस काम में करीब एक सप्ताह का समय और लगना तय है। ऐसे में राज्य निर्वाचन आयोग के पास 20 नवंबर के बाद ही आरक्षण के बाद निकायों की सूची पहुंचेगी। चूंकि मुख्यमंत्री सहित प्रदेश सरकार के मंत्री गुजरात चुनाव में व्यस्त हो जाएंगे। गुजरात में एक और पांच दिसंबर को मतदान होना है। इसके अलावा नवंबर में ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए निवेशकों को लुभाने के लिए मुख्यमंत्री व सरकार के मंत्रियों को विदेश भी जाना है। सूत्रों के अनुसार गुजरात में तीन दिसंबर की शाम को चुनाव प्रचार थम जाएगा, ऐसे में राज्य निर्वाचन आयोग इसके बाद कभी भी निकाय की अधिसूचना जारी कर सकता है। आयोग ने फिलहाल दो व तीन दोनों ही चरणों के चुनाव कार्यक्रम तैयार करवाया है, किंतु समय कम बचने के कारण सबसे अधिक संभावना दो चरणों में चुनाव कराने की है, क्योंकि जनवरी के पहले सप्ताह तक निकायों का गठन हो जाना चाहिए।

# मुर्गी लदे पिकअप की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**जासं, पैकोलिया, बस्ती :** शनिवार को पैकोलिया-शिवाघाट मार्ग पर पैकोलिया गांव के सामने मुर्गी लदे पिकअप की चपेट में आने से 70 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद अनियंत्रित पिकअप सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई।

पैकोलिया गांव की ननका देवी पत्नी कोदई अपने गांव के सामने पैकोलिया-शिवाघाट मार्ग पर खड़ी थीं। इसी बीच एक पिकअप की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवार के लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर पहुंचाया, डाक्टर ने हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल और बाद में मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज ले जाते समय रास्ते में ननका देवी ने दम तोड़ दिया। उधर दुर्घटना के बाद अनियंत्रित पिकअप भागने के चक्कर में सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। ग्रामीणों ने पिकअप में बैठे चालक विक्रम, दिलीप निवासीगण मेहरबानपुर थाना सोनहा व अजय कुमार निवासी नवैला थाना सोनहा को पिकअप से सुरक्षित बाहर निकाला। थानाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर लोगों से पूछताछ की गई।


पैकोलिया गांव के सामने सड़क किनारे गड्ढे में पलटी मुर्गी लदी पिकअप ●जागरण

# लोक अदालत में 80,907 मामले किए गए निस्तारित

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से हुआ आयोजन



राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचे जिला जज कुलदीप सक्सेना। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित हुआ। इस दौरान 80,907 मामलों का निस्तारण हुआ।

आपराधिक वादों के निस्तारण में अदालत ने 6,8,0000 रुपये से अधिक का अर्थदंड वसूला।

राष्ट्रीय लोक अदालत बैंक ऋण व अन्य प्रकार से संबंधित प्री-लिटिगेशन स्तर पर 76,602 मामलों एवं न्यायालयों के 4304 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराया गया।

बैंक ऋण के मामलों को निस्तारित कराकर बैंकों की ओर से 9,39,54,000 रुपये के मामलों में समझौता किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना ने की।

नोडल अधिकारी अपर जिला जज त्वरित न्यायालय द्वितीय रजनीश कुमार मिश्र के मार्ग दर्शन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व प्रभारी उमेश यादव के अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

मौके पर प्रभारी प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अंजु कन्नौजिया, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम रामायण शर्मा सहित कई न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न के दो मामलों में केस

**बस्ती।** दहेज के लिए विवाहिताओं को प्रताड़ित करने के आरोप में मुंडेरवा व वाल्टरगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

मुंडेरवा थाने में तहरीर देकर महिला ने बताया है कि उनकी शादी इसी थाने के बेहिल निवासी अब्दुल हकीम के साथ हुई है। शादी में दहेज के नाम पर चार पहिया गाड़ी की मांग की गई। मांग पूरी न करने पर बहू को अपशब्दों का प्रयोग करते हुए पीटा गया और जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने पति के अलावा ससुर, सास हाजरा खातून, ननद अजमेरुन निशा समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

वहीं, वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर महिला ने आरोप लगाया है कि ससुराल में शादी के दिन से ही दहेज के लिए पति व ससुराल के लोग संतुष्ट नहीं थे। दहेज की मांग पर प्रताड़ित कर पीटा गया। मायके का सामान तोड़कर नुकसान पहुंचाया और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने राजेश कुमार निवासी छताई थाना खजनी जिला गोरखपुर हालमुकाम शहीद सुखदेव नगर, वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र अशोक बिहार उत्तर पश्चिमी दिल्ली व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# बोरी में मांस मिलने से मची खलबली, दो पर केस दर्ज

## परशुरामपुर थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**विक्रमजोत।** परशुरामपुर थाना क्षेत्र के पटखापुर-कोहरायें मार्ग पर शनिवार सुबह एक इंटर कॉलेज के पास बोरी व पॉलिथीन में मांस मिलने पर अफरा-तफरी मच गई। इस मामले में पुलिस ने दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब नौ बजे एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग बोरा लेकर पटखापुर परशुरामपुर की तरफ जा रहे थे कि बस्थनवां संपर्क मार्ग से निकले वाहन से टकराकर गिर गए।

लोगों को अपनी ओर बढ़ता देख बोरी छोड़ दोनों बाइक से फरार हो गए। ग्रामीण जब बोरी के पास पहुंचे तो उसमें से दुर्गंध उठ रही थी।

बोरी में मांस की सूचना ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि महेश चौहान व पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर अरविंद कुमार शाही, चौकी प्रभारी घघौवा योगेंद्र कुमार ने पशु चिकित्साधिकारी विक्रमजोत राममूरत वर्मा को बुलाकर नमूने लिए।

क्षेत्राधिकारी हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने मामले की जानकारी प्राप्त की। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि बोरी में मिले मांस के नमूने मथुरा लैब भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट मिलने पर ही जानकारी हो पाएगी कि बोरी में किस जानवर का मांस था। वहीं, मामले में दो संदिग्धों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।



मांस मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। संवाद

# टैक्स बाकी रहने व अनफिट होने पर दो बसें सीज

**बस्ती।** टैक्स में बकाया व अनफिट चल रहीं दो बसों को एआरटीओ ने सीज कर रोडवेज परिसर में खड़ा करवा दिया। एक बस से एक लाख 90 हजार रुपये भी बतौर बकाया जमा करवाया गया।

एआरटीओ पंकज कुमार सिंह ने अयोध्या-गोरखपुर फोरलेन पर बस्ती के मड़वानगर टोल प्लाजा पर जांच के दौरान अलीगढ़ में पंजीकृत दो प्राइवेट बसों को सीज कर दिया। दोनों बसें रोडवेज परिसर में लाकर खड़ी करवा दी गईं और उन पर बिहार जा रहे सभी यात्रियों को परिवहन निगम की बसों से गंतव्य को रवाना किया। एआरटीओ पंकज सिंह ने बताया कि एक बस पर 2020 से तकरीबन चार लाख रुपये टैक्स बकाया था और उसी के समय से फिटनेस भी फेल हुआ था।

**बिहार जा रहीं बसों पर एआरटीओ ने की कार्रवाई, दो लाख कराए जमा**

वहीं, दूसरी बस पर 2021 से टैक्स बकाया था और उसने परमिट शर्तों का उल्लंघन किया था। बताया कि उससे एक लाख 90 हजार रुपये जमा करवाया गया है और परमिट शर्तों के उल्लंघन के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं, बसों में बैठी सवारियों को रोडवेज बसों के जरिए बिहार भेजा गया है। एआरटीओ ने बताया कि अवैध बसों की जांच की जा रही है, जो भी पकड़ी जाएंगी, उन्हें तत्काल सीज कर दिया जाएगा। संवाद

# मकान बंटवारे में मारपीट, तीन पर केस

**नगर बाजार (बस्ती)।** थाना क्षेत्र के ग्राम बसहवा में मकान के बंटवारे के लिए दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। लाठी-डंडे चलाए गए। एक पक्ष की मां और बेटे घायल हो गए।

इस मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र के ग्राम बसहवा निवासी मेराज अली ने नगर पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि मकान के बंटवारे के लिए पट्टीदार सुभान अली, जहीर व सकीरा अपशब्द कह रहे थे।

मना करने पर मां हलीमा को जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडे से पीटने लगे। इससे वह घायल हो गई। शोर सुनकर बीच बचाव करने आए भाई अब्दुल हकीम को भी लाठी-डंडे से मारने लगे।

इस बारे में थाना प्रभारी नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित मेराज अली की तहरीर पर सुभान अली, जहीर और सकीरा पर मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

## हाथ-पांव बांधकर बच्चों को बैठाया

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर संजू पत्नी गिरजेश निवासी ककरहवा ने आरोप लगाया है कि विपक्षियों ने उनके बच्चों का हाथ-पांव बांध दिया और अपने दरवाजे पर बैठा लिया। इसकी जानकारी होने पर उनके पति गए तो उन्हें अपशब्द कहा। जब वह मौके पर पहुंची तो पति को पीटा गया। विरोध करने पर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव के हरीराम और विजय पर मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

## हेराफेरी करने के तीन आरोपियों पर गैंगस्टर

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने तीन आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरोह बनाकर आर्थिक व भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से एटीएम से हेरफेर कर धोखाधड़ी से रुपये निकालने के आरोपी दुर्गा प्रसाद, अवधेश कुमार उर्फ सोनू निवासी दुबौली रामचरन थाना मनकापुर गोंडा और चांद बाबू निवासी करोहामान, मछली बाजार थाना मनकापुर जनपद गोंडा पर यूपी गैंगस्टर के तहत केस दर्ज किया गया है। संवाद

## अश्लील इशारा करते एक गिरफ्तार

**बस्ती।** एंटी रोमियो स्क्वाड प्रभारी की टीम ने अश्लील इशारा करने के आरोप में एक व्यक्ति को पकड़ा है। टीम की प्रभारी एसआई किरन भाष्कर ने तहरीर देकर बताया है कि एक व्यक्ति कटेश्वर पार्क के पास गली में महिलाओं को देकर अश्लील इशारा कर फब्तियां कसते हुए पकड़ा गया। आरोपी शमशेर अहमद, निवासी दुधारा, संतकबीरनगर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# धोखाधड़ी कर हड़पे डेढ़ लाख रुपये, केस दर्ज

**बस्ती।** हरैंया पुलिस ने धोखाधड़ी व गबन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

अयोध्या के बीकापुर थानांतर्गत पूरे रूचि कोंछा बाजार निवासी मोहम्मद यासीन का आरोप है कि दो लोगों ने हरैंया थाना अंतर्गत मछली मंडी तिराहे के पास धोखाधड़ी व बेईमानी करके उनके डेढ़ लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने साहिल और छोटू पर मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# शादी का झांसा देकर युवती को भगा ले गया

**बस्ती।** परसरापुर थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उनकी 19 वर्षीय बेटी को दो नवंबर 2022 को युवक शादी का झांसा देकर गलत नीयत से अपने साथ भगा ले गया।

पुलिस ने गोंडा जनपद के मनकापुर निवासी धर्मेंद्र यादव पर मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# घर में घुसकर पीटा, केस

**बस्ती।** कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर अवस्थीपुर निवासी तिलकराम ने आरोप लगाया है कि भूमि विवाद में विपक्षियों ने घर में घुसकर उन्हें, उनके पिता, चाचा व भाई को पीटकर धमकाया।

पिता के सिर में गंभीर चोट आई और वे मौके पर बेहोश हो गए। पुलिस ने गांव के सुभाषचंद्र, रामजीत, आरती और राजाबाबू पर मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# बिना हेलमेट पहने बाइक न चलाएं

## एसपी ने यातायात निमयों के प्रति किया जागरूक



यातायात नियमों के पालन के लिए शपथ दिलाते एसपी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पुलिस की ओर से चलाए जा रहे यातायात जागरुकता माह के तहत शनिवार को उर्मिला एजुकेशनल एकेडमी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी आशीष श्रीवास्तव कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए स्कूली बच्चों को भी जागरूक किया जा रहा है। सड़क पर वाहन चलाने से पहले यातायात के नियमों का ज्ञान होना आवश्यक है। बिना हेलमेट व सीट बेल्ट का वाहन नहीं चलाना चाहिए। नाबालिक बच्चों से वाहनों को न चलाने का आह्वान किया। साथ ही गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय ने कहा कि सभी को सड़क सुरक्षा के लिए सजग होना चाहिए। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का मतलब है कि आप अपनी जीवन के प्रति सजग है। थानाध्यक्ष महिला थाना भाग्यवती पांडेय ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

प्रभारी यातायात कामेश्वर सिंह ने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करने, ट्रिपल राइडिग न करने, निर्धारित गति में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी निरीक्षक पुरानी बस्ती प्रदीप सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया का एक प्रतिशत वाहन भारत के लोग खरीदते हैं, जबकि सड़क हादसे में मृत्यु दस प्रतिशत है। कार्यक्रम में एसपी आशीष श्रीवास्तव ने यातायात नियम पालन के प्रति शपथ दिलाई। उर्मिला एजुकेशनल एकेडमी के संस्थापक धीरेंद्र शुक्ल ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर खुद सुरक्षित रहने के साथ ही दूसरों को भी सुरक्षित रखा जा सकता है।

प्रबंध निदेशक विनय शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह, बसंत कुमार गुप्ता, राकेश पांडेय, सतनाम कौर, अपूर्वा त्रिपाठी, गंगेश शुक्ला, संजय प्रजापति, रीतू चौधरी, नम्रता पांडेय सहित कई लोग मौजूद रहे।

### यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**विक्रमजोत।** छावनी पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र के वाल्मीकि इंटर कॉलेज विक्रमजोत व दुर्गा देवी स्मारक शिक्षण संस्थान कवलपुर में बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश कुमार पांडेय व चौकी प्रभारी विक्रमजोत ओम प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम के कांस्टेबल राहुल सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा, यातायात के नियमों प्रति जागरूक किया। आए दिन हो रही मार्ग दुर्घटना के कारण व उससे बचाव के बारे में बताया। कहा कि यातायात नियमों के शत प्रतिशत पालन से दुर्घटना से बचा जा सकता है। संवाद

# फेसबुक से हुई दोस्ती, प्रेमी के साथ बसा लिया घर

## पांच माह से लापता युवती तक पहुंची पुलिस, हिरासत में लेकर आई

संवाद न्यूज एजेंसी

**हर्रैया (बस्ती)।** फेसबुक पर चैटिंग के जरिए हुई दोस्ती के बाद क्षेत्र के एक गांव की युवती 400 किमी दूर रहने वाले प्रेमी से प्रेम कर बैठी। करीब पांच महीने पहले घरवालों से बिना बताए युवती प्रेमी के साथ उसके घर सैफई पहुंच गई। इधर, परिजनों ने अपहरण का केस दर्ज कराया था।

छानबीन के बाद शुक्रवार को निरीक्षक अनीता यादव के साथ गई टीम ने युवती को उसके प्रेमी के घर से हिरासत में लिया और थाने ले आई। थाना क्षेत्र के एक गांव

### पिता ने दर्ज कराया था अपहरण का केस

निवासी 23 वर्षीय युवती की मैनपुरी जनपद के सैफई निवासी एंबुलेंस चालक से दोस्ती हो गई।

चैटिंग के दौरान दोनों ने एक-दूसरे का मोबाइल नंबर हासिल कर लिया। बातचीत बढ़ती गई और दोनों के बीच दोस्ती प्यार में बदल गई।

पहली जुलाई को युवती घर से पूजा करने के बहाने निकली और प्रेमी के साथ उसके गांव पहुंच गई। दोनों ने कानूनी रूप से विवाह भी कर लिया और पति-पत्नी के रूप में साथ रहने लगे। युवती के परिजनों ने मामले में अपहरण का केस दर्ज कराया। उसके बाद जांच में जुटी पुलिस को युवती के सैफई में होने की जानकारी मिली।

निरीक्षक अनिता यादव के साथ उप निरीक्षक दिलीप सोनी व हरेंद्र यादव युवती के प्रेमी के घर पहुंच गए। युवती को साथ लेकर थाने ले आए। एसएचओ शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में अपहरण का कसे दर्ज है। युवती को न्यायालय भेजा जा रहा है। बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कार चुराकर भाग रहे बर्खास्त सिपाही सहित दो गिरफ्तार

## दोनों आरोपी जालौन के रहने वाले, बर्खास्त सिपाही ने पहनी थी पुलिस की वर्दी

संवाद न्यूज एजेंसी

**हर्रैया/बस्ती।** कानपुर से कार चोरी कर भागे दो बदमाशों को जिले की पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। उनमें से एक ने पुलिस की वर्दी पहनी थी। वह बर्खास्त सिपाही बताया जा रहा है।

नौ नवंबर की सुबह कानपुर से चोरी हुई कार शनिवार को फोरलेन के रास्ते अयोध्या से गोरखपुर की तरफ तेजी से निकलने की सूचना पर जिले की पुलिस सतर्क हो गई। पुलिस ने हाईवे पर जगह-जगह बैरिकेडिंग करा दी।

चौकड़ी टोल प्लाजा छावनी पर लगे बैरियर को तोड़ते हुए आरोपी लाल रंग की कार को लेकर रामजानकी मार्ग की तरफ मुड़ गया। पीछा करने में जुटी छावनी व हर्रैया थाने की पुलिस ने रामजानकी मार्ग पर बेलाडे शुक्ल गांव के पास गाड़ी खड़ी कर भाग रहे दोनों



बरामद कार। संवाद

आरोपियों को पकड़ लिया और गाड़ी को कब्जे में ले लिया। वाहन समेत दोनों आरोपियों को पुलिस हर्रैया थाने ले आई।

पुलिस के अनुसार, दोनों की पहचान परवेज अहमद, निवासी बघौड़ा, थाना उरई, जनपद जालौन और रिसायत अली, निवासी सूर्यनगर कॉलोनी उरई, जालौन के रूप में की गई।

इनमें परवेज अहमद 1995 बैच का सिपाही है, जिसे चार साल पहले बर्खास्त किया जा चुका है। बताया जा रहा है कि झांसी में

### कानपुर में काकादेव से नौ नवंबर की सुबह चोरी की गई थी कार

### चौकी टोल का बैरियर तोड़कर भागने के बाद शुरू हुई घेराबंदी

तैनाती के दौरान उस पर चोरी का आरोप लगा था।

इसी मामले में फरार होने के बाद उसे बर्खास्त किया गया था। पुलिस की वर्दी पहनकर परवेज अहमद ही गाड़ी चला रहा था।

जिले में शनिवार को सुबह साढ़े दस बजे वाहन चोरी की सूचना पहुंची। इसके बाद थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पांडेय ने चौकड़ी टोल पर मौजूद पुलिसकर्मियों को लाल रंग की कार को रोकने के लिए कहा। इसी बीच यह कार पहुंची तो वर्दीधारी ड्राइवर दिखा।

रोकने पर टोल के स्टॉप बैरियर को कार से टक्कर मारकर चालक उसे लेकर आगे भागने लगा। इधर थाना प्रभारी हर्रैया शैलेश कुमार सिंह भी टीम सहित सक्रिय हो गए।

चोर ने छावनी व हर्रैया पुलिस के बीच में पड़ने पर कार को फोरलेन से रामजानकी मार्ग पर जाने वाले मार्ग पर मोड़ दिया। बेलाड़े शुक्ल गांव में गाड़ी एक मकान के बगल छोड़ने के बाद कार सवार वर्दीधारी ने अपने कपड़े बदलकर सादे कपड़े पहन लिए। पुलिस टीम को देखकर नहर के बगल झाड़ी में जाकर छुप गए। छावनी व हर्रैया पुलिस ने घेराबंदी कर ग्रामीणों की मदद से दोनों को पकड़ लिया।

सीओ ने बताया कि चोर कार नंबर प्लेट बदल-बदल कर गाड़ी को लेकर आगे बढ़ रहे थे। ये चोरी की गाड़ियों को नेपाल में बेचते थे।

# थाना समाधान दिवस में उम्मीदों पर भारी पड़ी उपेक्षा

## लोगों के प्रार्थनापत्र लेने तक ही सिमटकर रह गया आयोजन, आश्वासन की घुट्टी पीकर लौट गए फरियादी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अधिकारियों की उपेक्षा के चलते थाना समाधान दिवस में कई फरियादियों को राहत नहीं मिल पा रही है। हर्रैया थाने में शनिवार को आए चार मामलों को देखने के बाद सचाई सामने आ गई। यहां फरियादी आवेदन लेकर चार-चार बार पहुंच रहे हैं, मगर हर बार आश्वासन की घुट्टी पिलाकर अधिकारी उन्हें वापस कर देते हैं।

हर्रैया प्रतिनिधि के अनुसार, तहसीलदार इंद्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 20 लोगों ने फरियाद की। उनमें से 18 राजस्व से व दो पुलिस से संबंधित थे। केवल दो मामलों का ही निस्तारण मौके पर हो सका।

### हर्रैया में 20 लोगों ने की फरियाद, केवल दो मामलों का हुआ निस्तारण

महुआ लखनपुर गांव निवासी देवतादीन ने बताया कि तीसरी बार चकरोड खाली कराए जाने से संबंधी प्रार्थना पत्र लेकर थाने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस की मौजूदगी में चकरोड की पैमाइश करवाने का प्रार्थना पत्र थाना दिवस सहित तहसील में भी दिया, मगर हर बार लेखपाल जाएंगे का आश्वासन देकर टरका दिया गया।

रमया गांव के रहने वाले खैरुल्लाह जमीन के विवाद से जुड़े प्रकरण में प्रार्थना पत्र लेकर चौथी बार थाने आए थे। बताया कि पुलिस उनकी मदद नहीं कर रही है। विपक्षी उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं।



कोतवाली में समाधान दिवस पर समस्या सुनते एसपी। संवाद

धारुपुर निवासी अनुसूचित जाति की महिला शुभावती तो अपना दुखड़ा सुनाते हुए फफक पड़ी। बताया कि लवदहा गांव में उसकी जमीन से जुड़ा विवाद है। उसके समाधान के लिए वह चौथी बार प्रार्थनापत्र लेकर आई हैं। वह राजस्व लेखपाल व पुलिस कर्मियों के व्यवहार से दुखी थीं। बताया कि हर बार अधिकारी भरोसा देकर भेज देते हैं। दूसरी ओर, समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे तहसीलदार इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि कुछ तो शिकायत के आदती हो गए हैं। पिछले समाधान दिवसों से जुड़े कुछ मामले संज्ञान में आए है। उनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के लिए राजस्व व पुलिस टीम को निर्देशित किया गया है। एसडीएम गुलाब चंद ने कहा कि बार-बार एक ही मामले को लेकर पहुंच रहे फरियादियों का मामला गंभीर विषय है। उनकी समस्याओं का हरहाल में समाधान किया जाएगा।

कलवारी प्रतिनिधि के अनुसार, थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में 22 नए मामले आए। शिकायतकर्ता की समस्या तहसीलदार सदर राधेश्याम गुप्ता व थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने सुनी, लेकिन मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने का आदेश तहसीलदार सदर ने दिए हैं।

सोनहा प्रतिनिधि के अनुसार, एसडीएम भानपुर गिरीश कुमार झा की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। फरियादियों की फरियाद उपजिलाधिकारी व प्रभारी निरीक्षक सोनहा रवींद्र सिंह ने सुनीं। यहां छह मामलों में केवल एक का निस्तारण हो सका। शेष पांच में तारीख मिल गई।

दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। आठ प्रार्थना पत्र आए। मौके पर निस्तारण हो सका।।

# इस बार तीन प्रकार के होंगे संवेदनशील मतदान केंद्र

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** नगर निकाय के चुनाव में इस बार तीन प्रकार के संवेदनशील मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। बूथों को संवेदनशील, अतिसंवेदनशील व अतिसंवेदनशील प्लस चिह्नित किया जाएगा। अतिसंवेदनशील प्लस मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम होंगे। चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्र के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी से रिपोर्ट मांगी है

जिले में नौ नगर पंचायत और एक नगर पालिका है, जहां कुल 140 मतदान केंद्र बनाए गए है। उसमें नगर पालिका में 22, नगर पंचायत बनकटी में 15, नगर पंचायत नगर में 15, नगर पंचायत गनेशपुर में नौ, नगर पंचायत गायघाट में सात, नगर पंचायत मुंडेरवा में सात, नगर पंचायत बभनान में 12, नगर पंचायत हरैया में 14, नगर पंचायत कप्तानगंज में 15, नगर पंचायत रूधौली में 11 और नगर पंचायत भानपुर में 13 मतदान केंद्र हैं।

आयोग ने निष्पक्ष शांतिपूर्ण चुनाव के लिए गड़बड़ी की आशंका वाले मतदान केंद्रों के तीन प्रकार के संवेदनशील श्रेणी में चयनित करने का आदेश दिया है। आदेश के अनुसार, कम गड़बड़ी वाले केंद्रों को संवेदनशील ज्यादा गड़बड़ी की संभावना वाले मतदान केंद्रों को अतिसंवेदनशील और ज्यादा खतरे वाले केंद्रों को अतिसंवेदनशील प्लस के रूप में चयनित करने का आदेश दिया गया है।

## आयोग के निर्देश पर पांच सदस्यीय टीम केंद्रों को करेगी चिह्नित

आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने संवेदनशील मतदान केंद्रों को चिह्नित करने के लिए संबंधित एसडीएम के नेतृत्व में अधिकारियों के पांच सदस्यीय टीम गठित कर दी है। टीम में एसडीएम के साथ पुलिस के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। टीम के अधिकारियों को हर नगर निकाय के मतदान केंद्र की जांच करके विभिन्न श्रेणियों में चयनित करने के निर्देश दिए हैं।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-11-2022



सदर थाने में समाधान दिवस पर सुनवाई करते एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव।

# एसडीएम ने सदर व लोटन थाने पर की सुनवाई, निपटे दो मामले

**समाधान दिवस**

**08** मामलों में से दो का मौके पर निस्तारण हो गया

■ छह मामलों के निस्तारण को संबंधितों को सौंपा

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर एसडीएम प्रदीप कुमार ने सिद्धार्थनगर व लोटन थाना पर सुनवाई की। इस दौरान पेश राजस्व के आठ मामलों में से दो का मौके पर निस्तारण हो गया। लंबित छह मामलों के निस्तारण के लिए संबंधितों को सौंप दिया गया।

सदर थाना पर भीमापार के राम किशुन, महरिया गांव की कलावती व ओमप्रकाश के अलावा रोवापार गांव के राजाराम अपने फरियाद लेकर पहुंचे थे। सभी जमीन की पैमाइश न होने संबंधी थे। एसडीएम ने सुनवाई के बाद थाना के करीबी गांव भीमापार में राजस्व टीम को भेज कर तत्काल पैमाइश करा कर मामले को निस्तारित कर दिया। शेष तीन मामलों को संबंधितों को सौंपते हुए समय सीमा के अंदर निस्तारित करने को कहा। इस दौरान सीओ सदर अखिलेश वर्मा मौजूद रहे।

लोटन थाना पर भी चार ही मामले पेश हुए। सभी राजस्व से संबंधित थे। एक मामला पैमाइश से जुड़ा होने की वजह से उसे तत्काल टीम भेज कर निस्तारित करा दिया गया। बाकी मामलों को एसडीएम ने संबंधितों को सौंपते हुए निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रभारी देवनंदन उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## तीन थानों में एक भी मामले का निस्तारण नहीं

इटवा, हिन्दुस्तान संवाद। थाना समाधान दिवस के मामलों के निस्तारण में जिम्मेदारों की ओर से रुचि न लेने से फरियादियों का भी भरोसा टूट रहा है।

शनिवार को इटवा, मिश्रौलिया और त्रिलोकपुर थाने पर आयोजित समाधान दिवस में इसका नजारा साफ तौर पर दिखा। तीनों थानों पर सिर्फ 10 फरियादियों ने ही अपनी फरियाद लगाई लेकिन किसी भी मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। इससे उम्मीद लेकर आए फरियादी निराश होकर लौट गए। इटवा थाने पर इंस्पेक्टर बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां पर पांच फरियादियों ने अपनी फरियाद रखी। पर एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। इसी तरह मिश्रौलिया थाने पर एसओ घनश्याम सिंह के सामने सिर्फ दो शिकायतें आईं पर निस्तारण एक का भी नहीं हो पाया। त्रिलोकपुर थाने पर इंस्पेक्टर सूर्य प्रकाश सिंह की मौजूदगी में समाधान दिवस आयोजित हुआ। फरियादियों ने अपनी फरियाद रखी। पर मौके के हाकिमों ने एक भी मामले का निस्तारण नहीं कर पाए। इटवा थाने के समाधान दिवस का एसएसपी सिद्धार्थ ने निरीक्षण भी किया और रजिस्टर में लंबित मामलों का अवलोकन भी किया।

# धान की फसल काटने से रोक रहे दबंग

बेंवा। भवानीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर निवासी जाहिद अली ने शिकायती पत्र देकर गांव के ही कुछ दबंगों पर धान की फसल को काटने से रोकने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित ने कहा कि वासाचक गांव में उसकी जमीन है। पिछले 30 वर्षों से कृषि कार्य हो रहा है। वर्तमान में धान की फसल तैयार है। कुछ लोग बेवजह विवाद कर धान काटने से रोक रहे है। थानाध्यक्ष गौरव सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

# वाहन चालकों के सेहत की हुई जांच

**जासं, सिद्धार्थनगर:** यातायात माह के तहत शनिवार को वाहन चालकों के सेहत की जांच की गयी। मेडिकल कालेज के चिकित्सक डा. सीबी चौधरी व डा. रमेश कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन में स्वास्थ्य परीक्षण किया। चालकों के आंख, शुगर, बीपी आदि की जांच की गई। समस्याग्रस्त चालकों को उचित परामर्श दिया गया। यातायात निरीक्षक अमरेश यादव ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बिठाएं, बिना नंबर प्लेट लगे वाहन का प्रयोग न करें। नशे की हालत में गाड़ी न चलाने की अपील सभी से की।

# एनडीपीएस के आरोपी को दो साल की सजा

सिद्धार्थनगर। मोहाना पुलिस न्यायालय में पैरवी कर एनडीपीएस एक्ट के आरोपित अतीकुर्रहमान उर्फ वगेदू को दो साल की सजा कराने के साथ पांच हजार का जुर्माना भी लगवाया।

न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने शुक्रवार को गवाहों के बयान व पुलिस की ओर से प्रभावी पैरवी पर धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के आरोपित अतिकुर्रहमान उर्फ वगेदू पुत्र मोहर अली निवासी वनकसिया थाना मोहाना को दोषी मानते हुए दो साल की सजा सुनाई।

# साइबर सेल ने वापस कराए लोगों के 32 हजार रुपये

सिद्धार्थनगर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति से रिश्तेदार बन कर 89 हजार रुपया फ्राड कर मंगा लिया था। पीड़ित की शिकायत पर साइबर सेल ने खाता में शनिवार को 32956 रुपये वापस करा दिया।

सइबर सेल प्रभारी सुभाष यादव ने बताया कि रवि कुमार मिश्र निवासी मलवार छिताही थाना त्रिलोकपुर ने शिकायती पत्र देकर कहा था कि एक व्यक्ति ने फोन कर उनका रिश्तेदार बताते हुए बहुत जरूरी का हवाला देकर 89 हजार रुपया फोन पे से मंगा लिया था। बाद में पता चला कि उसके साथ फ्राड किया गया है। साइबर सेल प्रभारी ने बताया कि शिकायत के बाद फ्राड करने वाले का खाता ट्रेस कर उसके खाता में 32956 रुपया वापस करा दिया गया है।

# शिक्षा-सुरक्षा के संबंध में छात्र छात्राओं को किया जागरूक

सिद्धार्थनगर। बर्डपुर क्षेत्र के राजकीय हाईस्कूल बहोरवा की छात्र-छात्राओं ने शनिवार को महिला थाने का भ्रमण किया। इस दौरान मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिला थानाध्यक्ष मीरा चौहान व पुलिस कर्मियों ने शिक्षा और सुरक्षा के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। सभी को उपयोगी नंबरों के बारे में जानकारी देते हुए जरूरत पर इस्तेमाल करने की सलाह दी गई।

महिला थानाध्यक्ष मीरा चौहान ने बताया कि महिलाओं, युवतियों, किशोर-किशोरियों के साथ अपराध होते रहते हैं, इसके लिए कई तरह के हेल्प लाइन नंबर हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के नंबर का उपयोग कर मदद लिया जा सकता है। हेल्प लाइन से मिलने वाले सहयोग के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस ने छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवं सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य देवेंद्र श्रीवास्तव, मो. इमरान, रमापति, आदि मौजूद रहे।

# दवा की एजेंसी के नाम पर 50 हजार की ठगी

इटवा। मिश्रौलिया थाने के नागचौरी गांव निवासी अजय कुमार ने सीएमओ से लेकर सीएम तक शिकायती पत्र भेजकर इटवा निवासी एक कारोबारी पर दवा की एजेंसी दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये ठगी करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने बताया कि इटवा कस्बे के डुमरियागंज रोड पर अपना प्रतिष्ठान डालकर बिना रजिस्ट्रेशन के फर्जी तरीके से दवा का कारोबार कर रहे कारोबारी ने उसे अपने जाल में फंसा लिया है। आरोप लगाया कि कारोबारी ने दवा की एजेंसी का लाइसेंस दिलाने के नाम पर उससे 50 हजार रुपये की ठगी कर ली है। कारोबारी ने रकम लेने के कुछ दिन बाद उसे इटवा स्थित अपने प्रतिष्ठान पर बुलाया था। कहा था कि सीएमओ कार्यालय में तुम्हारे नाम से दवा की एजेंसी का रजिस्ट्रेशन करवा दिया हूं, जल्द ही तुमको दवा की एजेंसी का लाइसेंस सर्टिफिकेट मिल जाएगा। इसके बाद भी अभी तक उसे कोई लाइसेंस आदि नहीं मिला है। अब जब वह पैसे वापस करने का दबाव बना रहा तो वह कारोबारी उसे फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दे रहा है।

## एक नजर में

# थाना समाधान दिवस में चार मामले का निस्तारण

लोटन, सिद्धार्थनगर : शनिवार को लोटन कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में कुल छह मामले आये। इसमें एक मामला पुलिस से संबंधित और पांच मामला राजस्व से संबंधित रहा। उप जिलाधिकारी सदर प्रदीप कुमार यादव व प्रभारी निरीक्षक लोटन देवनंदन उपाध्याय ने नेतवर में भूमि से एक विवाद में टीम गठित करके मौके पर पैमाइश के लिए भेजा। इसका तत्काल मौके पर निस्तारण किया गया। (जासं)

# दवा की एजेंसी दिलाने के नाम पर 50 हजार की ठगी, शिकायत

**जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर :** मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम नागचौरी निवासी अजय कुमार ने उच्चाधिकारियों सहित मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में एक व्यक्ति पर दवा एजेंसी दिलाने के बहाने 50 हजार की ठगी करने संबंधित शिकायत की है।

शिकायतकर्ता ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिद्धार्थनगर, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार सहित मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि इटवा कस्बा निवासी एक व्यक्ति पर आरोप लगाया कि उनसे दवा की एजेंसी का लाइसेंस दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये लिए। इसके कुछ दिन बाद कहा कि आपका पंजीयन हो गया है। शीघ्र ही लाइसेंस मिल जाएगा। अभी तक लाइसेंस नहीं मिला है। शिकायतकर्ता ने उक्त व्यक्ति पर बिना लाइसेंस दवा की दुकान चलाने एवं प्रतिबंधित नशीली दवाओं की आपूर्ति करने का भी आरोप लगाया। पत्र में निष्पक्ष जांच करके आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई और ठगी का पैसा वापस दिलाने की मांग की।

# साइबर सेल ने वापस कराए 33 हजार

**जासं, सिद्धार्थनगर :** आनलाइन ठगी से बचने के लिए पुलिस की ओर से चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का असर नहीं दिख रहा है। हालांकि साइबर सेल ठगे गए लोगों की मदद करती नजर आ रही है। शनिवार को इसी क्रम में सेल ने जालसाजी कर ठगे गए 32956 रुपये वापस कराने में सफलता पाई है।

त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के मलवार ग्राम पंचायत के छितही निवासी रविकुमार मिश्रा ने शिकायत दर्ज करायी कि उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को रिश्तेदार बताते हुए फोन पे से अपने नंबर पर 89 हजार रुपये डलवा लिया। पूछताछ में पता चला कि पैसा ठगी कर ऐसे व्यक्ति के खाते में डलवा लिया जिसे वह जानते ही नहीं है। इसकी तत्काल शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। साइबर सेल ने जांच शुरू की। इसके पश्चात ठगे गए रकम से 32956 रुपये ही वापस कराने में सफल रही।

# भूमि संबंधित मामलों को जल्द निपटाएं : एएसपी

**जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर** : इटवा थाना समाधान दिवस का निरीक्षण करने पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने शनिवार को लंबित मामलों को देखा। आई शिकायतों की जानकारी ली। निर्देश दिए कि भूमि से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें पूरी निष्पक्षता से कार्य करें।

थाना समाधान दिवस में एएसपी ने कहा कि पैमाइश अथवा ऐसे भूमि वाद जो शीघ्र निस्तारित हो सकते हैं, उसको लंबित न किया जाए। राजस्व व पुलिस के लोग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। शिकायतें ऐसी निस्तारित करें, कि फरियादियों को लगे कि उनके साथ न्याय हुआ है। इस बीच थाने पर कुल पांच शिकायती पत्र प्रस्तुत हुआ। सभी राजस्व से संबंधित रहे। दो पैमाइश के वाद में संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई। शेष मामले जांच के उपरांत निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। त्रिलोकपुर थाने पर प्रभारी निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। राजस्व के चार मामले पेश हुए, जो पैमाइश व भूमि विवाद से संबंधित रहे। मौके पर किसी का निस्तारण नहीं हो सका।



त्रिलोकपुर थाने पर आयोजित समाधान दिवस में सुनवाई करते अधिकारी ● जागरण

- **अपर पुलिस अधीक्षक ने किया इटवा थाना समाधान दिवस का निरीक्षण**
- **तीन थानों में हुए कार्यक्रम में पहुंचे कुल 11 मामलें**

मिश्रौलिया में थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में दो फरियादी आए। यहां भी जांच के उपरांत निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए।

# लाइसेंस के नाम पर 50 हजार की ठगी का आरोप

इटवा। मिश्रौलिया थाने के नागचौरी गांव के एक व्यक्ति से दवा बिक्री का लाइसेंस दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने सीएमओ, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य और एसओ इटवा को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के नागचौरी गांव निवासी अजय कुमार का आरोप है कि इटवा कस्बे के डुमरियागंज मार्ग पर स्थित दवा की एजेंसी चला रहे एक व्यक्ति ने लाइसेंस दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये ले लिया है। आरोपी ने इटवा स्थित अपने दवा खाने पर बुलाकर कहा कि सीएमओ कार्यालय में तुम्हारे नाम से दवा की एजेंसी का रजिस्ट्रेशन करवा दिया हूं। वहां चले जाओ, शीघ्र ही तुम्हें लाइसेंस मिल जाएगा और तुम बेफिक्र होकर मेरे साथ नशीली एवं प्रतिबंधित दवाओं की सप्लाई करो। इसमें मैं तुम्हें तय धनराशि देता रहूंगा।

शिकायतकर्ता अजय कुमार ने शिकायती पत्र में इटवा थाने के एक सिपाही पर भी इस मामले में शामिल होने का आरोप लगाया है। उसने शनिवार को इटवा थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसओ विन्देश्वरीमणि तिवारी का कहना है कि मुझे मामले की जानकारी अभी नहीं है। पता करवाते हैं, इसके बाद जांच करके कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# वाहन चालकों की हुई जांच

**सिद्धार्थनगर।** यातायात जागरुकता माह के अंतर्गत शनिवार को पुलिस लाइंस में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में वाहन चालकों, मालिकों की जांच की गई। नेत्र, नाक, कान, गला रोग, ब्लड प्रेशर की जांच कर परामर्श दिया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. सीबी चौधरी व डॉ. रमेश वर्मा ने किया। इस मौके पर उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-11-2022

# वाहन चालकों की हुई जांच

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। यातायात माह नवम्बर 2022 के दृष्टिगत शनिवार को यातायात कार्यालय खलीलाबाद पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें वाहन चालकों/ मालिकों के आंख, नाक, कान व अन्य रोगों की जांच चिकित्सकों की टीम के द्वारा की गई। इसके साथ ही इन्हें मैपल एप के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीष सिंह भदौरिया के पर्यवेक्षण में यातायात माह नवम्बर 2022 के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव मय टीम द्वारा वाहन चालकों/ वाहन मालिकों हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र, नाक, कान, गला रोग, बीपी आदि का परीक्षण डॉ. मनोज कुमार, डॉ.एपी गुप्ता, डॉ. केशव विश्वकर्मा, हरिओम सिंह द्वारा करते हुए उचित सुक्षाव व उपचार किया गया। साथ ही वाहन चालकों/मालिकों को यातायात सुरक्षा हेतु बनाए गए मैपल एप के संबंध में जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव द्वारा सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न वैठने, विना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के साथ लोगों से अपील किया कि वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट वेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की गयी। इस अवसर पर उ.नि. भोला प्रसाद, हे.कां. अजय राय, हे.कां. सुरेन्द्र प्रसाद, कां. गिरिजेश यादव, कां. राममगन, कां. अजय पाण्डेय सहित अन्य सम्मानित जनमानस उपस्थित रहे।

# मनबढ़ों ने युवती को पीटा, पांच नामजद

**नाथनगर (एसएनबी)**। महुली थाना क्षेत्र के गालिमपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ मनबढ़ों ने एक युवती को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल युवती की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार को पांच लोगों के विरूद्ध बलबा, गाली और धमकी देने, मारपीट तथा तोड़फोड़ कर कीमती सामानों को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर घायल युवती को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के गालिमपुर गांव निवासी संध्या यादव ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर बीते दिनो गांव निवासी आशुतोष पुत्र हरि प्रसाद, आशुतोष की मां, आशुतोष की भाभी तथा आशुतोष का साला तथा गांव निवासी अनिल कुमार और प्रकाश उसके दरवाजे पर चढ़कर उसे भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। गाली देने का जब उसने विरोध किया तो उक्त सभी उसे भद्दी भद्दी गालियां और जानमाल की धमकी देतें हुए बंधक बनाकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं उक्त हमलावरो ने तोड़ फोड़ करते हुए मोबाइल और हैण्डपम्प सहित अन्य कई सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। युवती संध्या की तहरीर पर पुलिस ने उक्त सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 323, 504, 506, 427 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफत में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली पुलिस ने शनिवार को तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया साथ ही पूर्व में हुई एक चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा भी कर दिया। जानकारी के अनुसार गोरखपुर जिले के सिकरीगंज थानान्तर्गत पाकड़घाट हवेली निवासी मोहन प्रजापति पुत्र बालकिशुन बीते शुक्रवार को कर्नाटक से ट्रेन द्वारा खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर उतरा और खलीलाबाद मेंहदावल बाईपास पर घर जाने के लिए सवारी का इन्तजार कर रहा था। उसी दौरान एक ई रिक्शा पर सवार तीन युवक पहुंचे और नाथनगर पहुंचाने की बात कह कर मोहन प्रजापति को ई रिक्शा पर आगे की सीट पर बैठा लिया और उसका बैग ई रिक्शा की पीछे की सीट पर रख दिया। ई रिक्शा पर मोहन प्रजापति को लेकर तीनों युवक महुली थानान्तर्गत मैनसिर तिराहे पर पहुंचे और उसे ई रिक्शा से उतार दिए। मोहन प्रजापति को ई रिक्शा से उतारने के बाद तीनों युवक ई रिक्शा लेकर खलीलावाद चले गए। उसके बाद जब मोहन प्रजापति ने अपना बैग चेक किया तो बैग का चैन खुला नजर आया। भीतर देखने पर पता चला कि बैग में रखा मोबाइल फोन, नकदी और जरूरी कागजात बैग से गायब हो गया है। घटना के बाद मोहन प्रजापति महुली थाने पहुंचा और तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद तीनों सर्विलांश की मदद से पहचान की और शनिवार को खलीलावाद बरदहिया बाजार निवासी अरमान पुत्र कुतबुद्दीन, खलीलावाद के पठान टोला निवासी उजैफा उर्फ उज्जू पुत्र इश्तियाक अहमद तथा मगहर कस्बा निवासी ई रिक्शा चालक जीशान पुत्र खुर्शीद को ई रिक्शा समेत गिरफतार कर लिया।

# गुण्डा एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**धनघटा (एसएनबी)।** जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा जिला बदर किए जाने के बाद भी बेखौफ होकर घर पर निवास कर रहे एक गुण्डा एक्ट के अभियुक्त को धनघटा पुलिस ने शनिवार को गिरफतार करके जेल भेज दिया। गिरफतार गुण्डा एक्ट का अभियुक्त धनघटा थाना क्षेत्र के मुठही खुर्द गांव का निवासी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मुठही खुर्द गांव निवासी वीरेन्द्र शर्मा पुत्र लालचन्द शर्मा बीते दिनों क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा। वीरेन्द्र शर्मा के विरूद्ध धनघटा थाने में कई अपराधिक मुकदमें भी पूर्व में दर्ज है। वीरेन्द्र शर्मा के अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने के चलते बीते दिनों धनघटा पुलिस ने उसे उत्तर प्रदेश गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे पाबन्द करके रिपोर्ट जिलाधिकारी न्यायालय भेज दिया था जहां रिपोर्ट का परीक्षण पूरा होने के बाद जिलाधिकारी ने वीरेन्द्र शर्मा को छः मांह तक जिले से बाहर अन्य जिले में निवास करने की सजा बीते दिनों सुना दी थी। जिला बदर किए जाने की सजा जिलाधिकारी द्वारा सुनाने के बाद भी उक्त वीरेन्द्र शर्मा घर छोड़कर नहीं गया और घर पर बेखौफ होकर परिवार के साथ निवास कर रहा था। वीरेन्द्र शर्मा के घर पर निवास करने की सूचना मुखबिर द्वारा शनिवार को धनघटा पुलिस को मिली तो थाने के उपनिरीक्षक अनुज कुमार यादव हमराही पुलिसकर्मी राजन खरवार और राजेश कुमार के साथ उसके घर मुठही खुर्द छापेमारी किया और उसे गिरफतार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया।

# एडीजी की टीम ने पुलिसकर्मियों को दिए टिप्स

**मेंहदावल (एसएनबी)।** पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, पुलिस कर्मियों को संयम, धैर्य, निष्ठा, निष्पक्षता, सावधानी एवं सतर्कता के साथ कर्तव्य पालन करना चाहिए। बीट पुलिस अधिकारी (बीपीओ) को अपने निर्धारित कार्यो के अलावा सामाजिक कार्यो से भी ऐसी छवि बनानी है जिससे कि आम लोग पुलिस के साथ मित्रवत व्यवहार करें। ये बातें एडीजी जोन गोरखपुर से आई टीम के निरीक्षक विनोद कुमार राव ने कहीं। शनिवार को एडीजी जोन गोरखपुर की टीम द्वारा बीट पुलिस प्रणाली को मजबूत बनाने व बीट पुलिस अधिकारी (बी पी ओ) का निरीक्षण किया और कुछ आवश्यक सुझाव भी दिया। कहा कि बीट ड्यूटी के दौरान बीट पुलिस अफसरों को कई बार दुविधाजनक परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ सकता है। कभी सभ्य, सुशील व शिक्षित तो कभी अशिक्षित लोगों से सामना होता है। बच्चे, बूढ़े और महिलाओं के अलावा बदमाश, दुश्चरित्र व्यक्ति और शराबी, नशेड़ी भी मिलते हैं। अलग-अलग चरित्र के व्यक्तियों के संपर्क में आने पर पुलिस अफसर के व्यवहार में विचलन स्वाभाविक है। फिर भी बीट पुलिस अफसर को ड्यूटी के दौरान संयम, धैर्य, निष्ठा, निष्पक्षता, सावधानी एवं सतर्कता के साथ कर्तव्य पालन करना चाहिए।टीम में एसओ मेंहदावल रविन्द्र सिंह, उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, कां. सुनील कुमार यादव, कां. संजीव यादव, कां. नवतेज सिंह समेत अन्य बीट पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस : डीएम-एसपी से टूटी सड़कों व बिजली समस्या की शिकायत

**संतकबीरनगर-धर्मसिंहवा-मेंहदावल-बखिरा-धनघटा (एसएनबी)।** समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह और पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने जब लोगों की समस्याओं को सुनना शुरू किए तो क्षेत्र के रामचंद्र शुक्ल, कृपेश चन्द्र त्रिपाठी, अजीत निषाद आदि लोगों ने क्षेत्र की टूटी सड़कों, बिजली और स्वास्थ्य संबंधी शिकायत की। जिलाधिकारी ने जनता की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुना और विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निराकरण करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डीएम ने बताया कि आगामी तहसील समाधान दिवस का आयोजन नगर पंचायत धर्मसिंहवा के कम्पोजिट विद्यालय पर किया जाएगा जिसमें लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी।





थाना बखिरा में फरियादियों की समस्याएं सुनते उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी तथा महुली थाने में संयुक्त तौर पर फरियाद सुनते सीओ और तहसीलदार धनघटा।

इसी क्रम में जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल-थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर थाने पर आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए त्वरित निस्तारण कराया गया। जिसमें कुल 55 मामले प्रस्तुत हुए जिनमें से मात्र 05 मामलों का मौके पर निस्तारण हो सका। शेष 55 प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का यथा प्रतिष्ठा निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। थाना बखिरा में उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। थाना कोतवाली खलीलाबाद में आये 3 मामलों में 2 निस्तारित, थाना धनघटा में आये 15 मामलों में 1 निस्तारित, थाना मेंहदावल में आये 10 मामलों में 1 निस्तारित और थाना बेलहर कला में आये 8 मामलों में मात्र 1 निस्तारित हो सका। वहीं अन्य थानों में पर आये मामलों में निस्तारण की संख्या शून्य रही।

**थाना दुधारा में नहीं हो सका मामले का निस्तारण :दुधारा:** थाना दुधारा परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान राजस्व के दो तथा पुलिस का एक मामला प्रस्तुत हुआ। जिसमें किसी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। इस दौरान तहसीलदार सदर शेख आलमगीर, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दुबे, उ.नि. राम दरश यादव, शम्भू राम, प्रेम बहादुर यादव, राम अजोर, अब्दुल मुफीद, सिकंदर, रामचन्द्र श्रीवास्तव, राजाराम, वीरेन्द्र सिंह, उदयभान, संजय कुमार यादव, नेबूलाल, प्रान्ते सिंह, समीना बानो आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**धनघटा कार्यालय** के अनुसार जनसमस्यों के निस्तारण के लिए शनिवार को धनघटा तहसील क्षेत्र के धनघटा और महुली थाने पर सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। धनघटा थाने पर आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम धनघटा डा. रविन्द्र कुमार और प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने संयुक्त रूप से पहुंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई की। इस दौरान कुल 15 मामले पेश हुए जिनमें से 10 मामले राजस्व विभाग से सम्बन्धित तथा 5 मामले पुलिस विभाग से सम्बन्धित रहे। राजस्व विभाग से सम्बन्धित पेश सभी प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई करते हुए एसडीएम ने प्रार्थनापत्र का त्वरित और पारदर्शी समाधान कराने का निर्देश देते हुए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर मौके के लिए रवाना कर दिया। बाकी पुलिस से सम्बन्धित पेश पांच प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई करते हुए उसका समाधान कराने का लिखित आदेश सम्बन्धित क्षेत्र के उपनिरीक्षक को दिया गया है। इस दौरान राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित एक एक मामले का तत्काल समाधान भी करा दिया गया। इस दौरान चौकी प्रभारी बंसवारीगांव मनोज पटेल, चौकी प्रभारी पौली धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, चौकी प्रभारी लोहरौंया चन्द्रप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक अनुज कुमार यादव, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक विजय प्रताप सहित सभी पुलिसकर्मी और राजस्वकर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में महुली थाने पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में तहसीलदार धनघटा रत्नेश त्रिपाठी और सीओ धनघटा रामप्रकाश ने पहुंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई की।

इस दौरान कुल आठ मामले पेश हुए। पेश मामलों के समाधान के लिए तहसीलदार ने पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम मौके के लिए रवाना कर दिया है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र, वरिष्ठ उपनिरीक्षक दयानाथ राम, चौकी प्रभार मुखलिसपुर विवेकानन्द तिवारी, उपनिरीक्षक उदयभान मिश्र दद राय सहित सभी पुलिसकर्मी और राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

जिले के अधिकारियों ने तय शेड्यूल के हिसाब से पहुंचकर सुनीं समस्याएं, डीएम व एसपी ने थाना धर्मसिंहवा में जन सुनवाई की

# समाधान दिवस में पांच मामलों का ही निस्तारण

**आयोजन**

- धर्मसिंहवा थाने पर एक मामला राजस्व से संबंधित आया
- राजस्व निरीक्षक को पक्की पैमाइश को निर्देशित किया गया

संतकबीरनगर, हिटी। जिले के सभी जिम्मेदार अधिकारियों ने अपने तय शेड्यूल के हिसाब से थानों पर पहुंचकर वहां आने वाले पीड़ितों की फरियाद सुनी। डीएम व एसपी ने थाना धर्मसिंहवा पर जन सुनवाई की। जनपद में थाना समाधान दिवस पर शनिवार को कुल 55 मामले प्रस्तुत हुए।

इनमें से पांच मामलों का निस्तारण अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति में तत्काल कराया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए टीम गठितकर तय समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के आदेश दिए। डीएम प्रेमरंजन सिंह व एसपी सोनम कुमार ने मेंहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी के साथ थाना धर्मसिंहवा पर आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन सुनवाई किया।



धर्मसिंहवा थाने में आयोजित समाधान दिवस में सुनवाई करते विधायक, डीएम और पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार। • हिन्दुस्तान

**धर्मसिंहवा संवाद के अनुसार** समाधान दिवस में केवल एक मामला राजस्व से सम्बन्धित पहुंचा जिसको राजस्व निरीक्षक को पक्की पैमाईश के लिए निर्देशित किया गया। वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। इसके बाद वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध में फीडबैक भी लिया। थानाध्यक्ष धर्मसिंहवा अनिल कुमार, एसआई राम प्रवेश यादव, चौकी प्रभारी बौरव्यास अमित कुमार चतुर्वेदी, आदि लोग मौजूद रहे। जनपद के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों ने अपने सर्किल व थाने पर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना। प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए त्वरित निस्तारण कराया।

## मेंहदावल में आए 10 मामलों में से एक का निस्तारण

मेंहदावल संवाद के अनुसार मेंहदावल थाने पर शनिवार को प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस हुआ। इस दौरान दस फरियादियों ने शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें एक मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि फरियादियों को न्याय दिलाना प्राथमिकता है।

# पांच पर बलवा व बंधक का केस दर्ज

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम गालिमपुर निवासी युवती की तहरीर पर पुलिस ने गांव के आशुतोष पुत्र हरि प्रसाद, आशुतोष की माँ, भाभी तथा आशुतोष का साला अनिल व प्रकाश के खिलाफ बलवा, बंधक बनाने, गाली देने, मारपीट करने, मोबाइल क्षतिग्रस्त की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# महिला पर हमले का प्रयास, केस दर्ज

बखिरा। थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव में शुक्रवार की रात घर में सो रही एक महिला पर बगल के गांव के मनबढ़ युवक ने टंगुली व तेजाब से जानलेवा हमले करने का प्रयास किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# बौद्ध स्तम्भ पर हुए विकास कार्यों की होगी टीएसी जांच

धर्मसिंहवा, हिसं। धर्मसिंहवा बौद्ध स्तम्भ पर हुए विकास कार्यों की टीएसी जांच कराई जाएगी। यह निर्देश डीएम प्रेम रंजन सिंह ने बौद्ध स्तम्भ पर हुए विकास कार्यों की जांच करने के बाद दिया। ग्रामीणों ने यहां हुए निर्माण कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत की थी। ग्रामीणों की शिकायत को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी ने जांच का आदेश दिया है। टीएसी जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने पर सम्बंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

थाना समाधान दिवस में शनिवार को पहुंचे जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, पुलिस कप्तान सोनम कुमार और मेंहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी से ग्रामीणों ने धर्मसिंहवा के बौद्ध स्तम्भ क्षेत्र के हुए विकास कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत की। समाधान दिवस के बाद प्रेम रंजन सिंह, पुलिस कप्तान सोनम कुमार और मेंहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने नगर पंचायत धर्मसिंहवा के बौद्ध स्तम्भ क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्यों की स्थलीय जांच में बहुत सारी कमियां मिली। डीएम ने टीएसी जांच का आदेश दिए। कहना है कि धर्मसिंहवा बौद्ध स्तम्भ के विकास के लिए शासन द्वारा काफी बजट अवमुक्त किया गया था। लेकिन कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य करवाने में काफी लापरवाही बरती गई है।

## बौद्ध स्तूप के तौर पर विकसित होगा धर्मसिंहवा

जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने निरीक्षण के बाद कहा कि धर्मसिंहवा को बौद्ध स्तूप के रूप में विकसित किया जाएगा। धर्मसिंहवा में धम्म स्थल अपने आप में एक इतिहास समेटे हुए है। इसको पर्यटन विभाग द्वारा विकसित किया जाएगा। विकास में जो भी कमियां हैं उसको पूरा किया जाएगा। धर्मसिंहवा को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

# ई-रिक्शा चालक समेत तीन चोर दबोचे

- महुली थाना के मैनसिर के निकट का मामला
- मोबाइल संग एक हजार रुपये बरामद किए

नाथनगर, हिसं। महुली पुलिस ने शनिवार को खलीलाबाद के संजय टाकीज के निकट छापेमारी करके ई-रिक्शा चालक समेत तीन चोर को दबोचने में कामयाबी पाई है। पुलिस ने उनके पास से चोरी के मोबाइल के साथ एक हजार रुपया नगदी बरामद किया है। उनके खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर सम्बन्धित न्यायालय भेज दिया है।

उक्त चोरों ने शुक्रवार की रात को महुली थाना क्षेत्र के मैनसिर के निकट सवार यात्री का मोबाइल फोन, नगदी चोरी किया था। इस मामले में पीड़ित यात्री ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। इंस्पेक्टर सन्तोष कुमार मिश्रा ने बताया कि मोहन प्रजापति पुत्र बाल किशुन निवासी पाकड़घाट डेबरी थाना सिकरीगंज जिला गोरखपुर ने थाने पर तहरीर देकर ई-रिक्शा चालक समेत तीन अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था।

मोहन प्रजापति का आरोप था कि शुक्रवार को कनार्टक प्रदेश से ट्रेन से वह खलीलाबाद पहुंचा। बाईपास चौराहे पर वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान संतरे के रंग का ई-रिक्शा रुका। जिस पर पहले से ही तीन लोग बैठे थे। पुलिस के अनुसार नाथनगर तक छोड़ने की बात कहकर उसे अगली सीट पर बैठा दिया तथा कैरी बैग को पिछली सीट पर रख दिया। जिस पर दो अन्य युवक बैठे थे।

इंस्पेक्टर ने बताया कि लेकिन ई-रिक्शा चालक ने मैनसिर के पास रोक दिया। आगे नहीं बढ़ने की बात कहते हुए मोहन प्रजापति को उतार दिया। इसके बाद रिक्शा लेकर खलीलाबाद चले गए। थोड़ी देर बाद जब मोहन प्रजापति का ध्यान बड़े बैग पर गया। तो चैन खुला देख दंग रह गए।

# आधा दर्जन आरोपितों पर कसा शिकंजा

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने विभिन्न मामले में आधा दर्जन आरोपितों को दबोचकर उनके विरुद्ध कानूनी शिकंजा कसा। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दो और महुली थाना पुलिस ने दो आरोपितों को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया।

थाना मेंहदावल पुलिस ने 40 लीटर अवैध देशी शराब संग अर्जुन निवासी अमिलहवा तुलसीपुर, गुड्डू निवासी अमरडोभा, कन्हैया निवासी ठाकुरद्वारा, राधेश्याम निवासी शिवरही को गिरफ्तार कोर्ट में प्रस्तुत कर दिया।

# अपराध पर नियंत्रण को दिए टिप्स



मेंहदावल थाने पर पुलिसकर्मियों को टिप्स देती एडीजी जोन गोरखपुर की टीम।

**मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद।** एडीजी जोन गोरखपुर की टीम ने शनिवार को मेंहदावल थाने का निरीक्षण किया। बीट पुलिस को अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के टिप्स दिए। बीट पुलिस प्रणाली की मजबूती पर जोर देते हुए दायित्वों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस गोरखपुर जोन टीम के निरीक्षक विनोद कुमार राव, उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह तथा कांस्टेबल सुनील कुमार यादव की टीम ने प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह के साथ पहले थाने के अभिलेखों के रख-रखाव की व्यवस्था को देखा। साफ-सफाई व रिकार्डो को बेहतर तरीके से रखने का निर्देश दिया। इस दौरान टीम ने कहा कि बीट पुलिस प्रणाली का कार्य अपराधों पर अंकुश लगाना है। यह तभी सम्भव हैं जब हम जांबाजी और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली की शुरुआत के बाद किसी भी बीट पर अगर कोई अपराध होता है तो जिम्मेदारी उसकी होगी। बीट पुलिस अधिकारी प्रणाली के तहत बीट के सिपाहियों की जिम्मेदारी और महत्व बढ़ गया है। यह व्यवस्था क्षेत्र के अपराध के नियंत्रण के लिए की गई है। व्यवस्था के तहत क्षेत्र का सिपाही अपने बीट का पुलिस अधिकारी होगा।

# भुजैनी क्षेत्र में कायम है चोरों का आतंक, लगातार बढ़ रही हैं चोरियां

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में स्थित भुजैनी में इस समय चोरों का आतंक है। स्थिति यह है कि चोरों ने भुजैनी के स्कूल में लगातार तीन चोरियां कीं, यही नहीं एक ही रात में पांच खेतों से पंपिंग सेट भी चुरा लिये। चोरी की छोटी घटनाएं क्षेत्र में स्मैकियों के सक्रियता की आहट देती दिखाई दे रही हैं। भुजैनी के प्राथमिक स्कूल से चोरों ने शुक्रवार की रात में ताला तोड़कर तीन बड़े भगौने, दो गैस सिलेंडर व बर्तन चुरा लिया। दीपावली के बाद चोरों ने पैली में स्थित प्राथमिक स्कूल से चार भगौना, 90 थाली, 90 गिलास, दो खाली सिलेंडर व एक तवा भी चुरा लिया। भुजैनी में ही खेतों में से पांच पंपिंग सेट चुरा लिये। इसमें तीन पंपिंग सेट भुजैनी निवासी विश्वनाथ त्रिपाठी व भजुराम के थे तो दो पंपिंग सेट डड़वा के इसरार के थे। इनकी कीमत तकरीबन दो लाख रुपए बताई जाती है।

- भुजैनी के स्कूल में लगातार कीं तीन चोरियां, खेत से चुराए पांच पंपिंग सेट
- क्षेत्र में स्मैकियों के सक्रिय होने की आहट तो नहीं हैं चोरी की घटनाएं

"पुलिस लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही है। इस बीच कुछ चोरों को गिरफ्तार भी किया गया है। कुछ मामलों का पर्दाफाश हुआ है। पिछले दिनों जो भी चोरियां हुई हैं, उसका मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

**सर्वेश राय**, प्रभारी निरीक्षक, खलीलाबाद कोतवाली

**चोरों को रास आ रहे हैं स्कूल :** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में चोरों को स्कूलों में चोरियां रास आ रही हैं। पिछले 24 अक्टूबर को चोरों ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय दुघरा में ग्रिल काटकर नल की मुंडी, इलेक्ट्रिक मोटर की चोरी की थी।

# धर्मसिंह्वा का होगा विकास :डीएम

## समस्याओं के निस्तारण में मिली लापरवाही तो होगी कार्रवाई

जागरण संवाददाता, धर्मसिंह्वा, संतकबीर नगर: जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह और पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी के साथ धर्मसिंह्वा कस्बे में स्थित बौद्ध स्तूप का निरीक्षण किया। यहां पर कराए गए विकास कार्यों को देखा। धर्मसिंह्वा क्षेत्र को कैसे विकसित किया जाए इसको लेकर ग्रामीणों से वार्ता की। उन्होंने धर्मसिंह्वा क्षेत्र को विकसित करने का आश्वासन भी ग्रामीणों को दिया। इस दौरान विकास कार्यों में मानक विहीन कार्य कराए जाने का आरोप लगने पर उन्होंने जांच कराने का आश्वासन दिया।

धर्मसिंह्वा बौद्ध स्तूप का निरीक्षण करने के बाद जिलाधिकारी धर्मसिंह्वा थाने पर पहुंचे। यहां पर उन्होंने फरियादियों से वार्ता की तथा लोगों की समस्याएं जानी। एक-एक कर लोगों से उनकी समस्या जानकर उसका निस्तारण कराया। भूमि विवाद, महिला उत्पीड़न आदि के मामलों में उन्होंने विशेष संवेदनशीलता बरतने की बात कही। डीएम ने कहा कि समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही करने वाले अधिकारी कार्रवाई के दायरे में आएंगे। जो भी मामले थाने या तहसील पर आए उसका गुणवत्तापूर्ण निदान होना चाहिए। जिलाधिकारी ने लोगों से मेंहदूपार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की तैनाती करने को लेकर भी पहल करने की बात कही। उन्होंने उपजिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह को क्षेत्र में धान क्रय केंद्र बनाने का भी निर्देश दिया। डीएम ने धर्मसिंह्वा के जूनियर हाई स्कूल में पहुंचकर पठन-पाठन की प्रक्रिया देखी। शिक्षकों को बच्चों में संस्कार युक्त शिक्षा देने का निर्देश दिया। उन्होंने मध्याह्न भोजन आदि के बारे में भी जानकारी बच्चों व शिक्षकों से ली है। जिलाधिकारी ने लोगों से धर्मसिंह्वा कस्बे के सम्यक विकास को लेकर विशेष पहल करने की बात कही है। इस दौरान एसडीएम योगेश्वर सिंह, तहसीलदार निशा श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष अनिल कुमार, रामचंद्र शुक्ल, अमरीश पांडे, वीरेंद्र पांडे, विपिन शुक्ला, लल्लू त्रिपाठी, राजन ओझा, राजू पांडे सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



धर्मसिंह्वा बौद्ध स्तूप का निरीक्षण करने जाते विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसपी सोनम कुमार व अन्य अधिकारी ● जागरण

# पांच पर मारपीट का मुकदमा

जागरण संवाददाता, महुली, संतकबीर नगर: ग्राम गालिमपुर निवासी युवती की तहरीर पर पुलिस ने गांव के पांच आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

संध्या यादव ने थाने में दी गई तहरीर में लिखा है कि कुछ दिन पूर्व गांव के आशुतोष यादव ने उन्हें गाली देना शुरू कर दिया। मना करने पर उसने पीटकर घायल कर दिया और मोबाइल छीनकर कमरे का दरवाजा बंद करके बंधक बना दिया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि आशुतोष, आशुतोष की मां, भाभी तथा आशुतोष के साले अनिल व प्रकाश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

इन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इन पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क की पटरियों पर कब्जे से बढ़ी समस्या

जासं,संतकबीर नगर : मेंहदावल कस्बे में इन दिनों सड़क की पटरियों पर अवैध कब्जा होने के कारण लोगों को आवागमन करने में दिक्कत हो रही है। पटरी पर कब्जा होने के कारण मुख्यमार्ग काफी संकरे हो गए हैं। लोगों ने अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर कस्बे की पटरियों को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।



मेंहदावल थाने में पुलिस के कार्यप्रणाली की जांच करती एडीजी जोन गोरखपुर द्वारा भेजी गई टीम • जागरण

# एडीजी की गठित टीम ने परखी पुलिस की कार्यप्रणाली

**जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर :** गोरखपुर जोन के एडीजी द्वारा गठित पांच सदस्यीय कमेटी शनिवार को मेंहदावल थाने पर पहुंची। इस दौरान थाने की साफ-सफाई, सुंदरीकरण, बीट पुलिसिंग आदि की गुणवत्ता की परख की गई। पुलिस कर्मियों से व्यक्तिगत वार्ता कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों व शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में बरती जा रही सक्रियता आदि की जांच की। इस दौरान थाने की साफ-सफाई बेहतर मिलने पर टीम ने सराहना भी किया।

टीम की अगुवाई कर रहे निरीक्षक विनोद कुमार राय के नेतृत्व में पांच सदस्यीय कमेटी शनिवार को दोपहर 12 बजे मेंहदावल थाने पर पहुंची। टीम ने थाने का निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों से बीट पर मौजूद रहने व अपराध पर नकेल लगाने को लेकर तय किए गए गाइडलाइन के पालन के संदर्भ में भी वार्ता की गई। सभी पुलिसकर्मियों से उनके कार्य व्यवहार के बारे में पूछा गया। महिला हेल्प डेस्क पर पहुंचकर उसकी निगरानी की गई। थाना परिसर की साफ-सफाई की व्यवस्था देखी । मेस की व्यवस्था भी टीम के द्वारा देखी गई। पुलिस कार्यालय में पहुंचकर अभिलेखों का जायजा लिया गया। इसके साथ ही बीते कुछ समय में दर्ज किए गए मुकदमें, विवेचना के संदर्भ में भी पूरी जानकारी ली गई। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एडीजी जोन गोरखपुर के द्वारा गठित टीम ने थाने के वर्किंग की जांच की है। पुलिस थाने की सभी गतिविधियों की जांच पड़ताल कर पूरी रिपोर्ट एडीजी जोन को भेजने की बात कही गई है।



# कच्ची के साथ चार गिरफ्तार

मेंहदावल : पुलिस ने कच्ची के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया है। इस क्रम में शनिवार को मेंहदावल पुलिस ने 40 लीटर कच्ची के साथ चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दो स्थानों पर दबिश देकर चार आरोपितों के कब्जे से 40 लीटर कच्ची बरामद की गई है। जिसमें अर्जुन निवासी तुलसीपुर, गुड्डू निवासी अमरडोभा, कन्हैया निवासी ठाकुरद्वारा और राधेश्याम निवासी शिवरही शामिल हैं। आरोपितों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। (जासं)

# घर में घुसकर महिला पर हमला, मुकदमा दर्ज

बखिरा : रानीपुर गांव की महिला के घर में घुसकर युवक ने शुक्रवार की रात हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपित युवक पर शनिवार को मुकदमा दर्ज किया है। थाने में दी गई तहरीर में रानीपुर निवासी सुनीता पत्नी राम संवारे ने लिखा है कि 11 नवंबर की रात गांव के आकाश कुल्हाड़ी व तेजाब लेकर सीढ़ी के माध्यम से घर में घुस आए। उसने जान से मारने की नीयत से हमला किया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। (जासं)

# मोबाइल व नकदी के साथ तीन गिरफ्तार

**जासं, महुली :** खलीलाबाद के संजय टाकिज के निकट शनिवार को छापेमारी करके महुली पुलिस ने एक ई-रिक्शा चालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपितों के पास से चोरी की मोबाइल के साथ एक हजार रुपया नकदी बरामद हुआ है। आरोपितों ने शुक्रवार की रात मैनसिर के निकट ई-रिक्शा पर सवार यात्री का मोबाइल फोन व नकदी गायब किया था। थानाध्यक्ष महुली संतोष मिश्र ने बताया कि मोहन प्रजापति निवासी पाकड़घाट डेबरी थाना सिकरीगंज जिला गोरखपुर ने थाने पर तहरीर देकर ई-रिक्शा चालक समेत तीन अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। वह कर्नाटक से ट्रेन से खलीलाबाद पहुंचने के बाद ई-रिक्शा से वापस जा रहे थे। तीन लोग पहले से सवार थे। उन्हें नाथनगर तक छोड़ने की बात कहकर बैठाने के बाद ई-रिक्शा चालक ने मैनसिर के पास रोक दिया।

# बीपीओ को समझाया गया सोशल पुलिसिंग का फार्मूला

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। ड्यूटी के दौरान परिस्थितियां चाहे जैसी भी हो, पुलिस कर्मियों को संयम, धैर्य, निष्ठा, निष्पक्षता, सावधानी एवं सतर्कता के साथ कर्तव्य पालन करना चाहिए। बीट पुलिस अधिकारी (बीपीओ) को अपने निर्धारित कार्यों के अलावा सामाजिक कार्यों से भी ऐसी छवि बनानी है जिससे कि आम लोग पुलिस के साथ मित्रवत व्यवहार करें।

यह बातें शनिवार को एडीजी जोन गोरखपुर से आई टीम के निरीक्षक विनोद कुमार राव ने कहीं। टीम द्वारा बीट पुलिस प्रणाली मजबूत बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिया।

टीम ने कहा कि बीट ड्यूटी के दौरान बीट पुलिस अफसरों को कई बार दुविधाजनक परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ सकता है। कभी सभ्य, सुशील व शिक्षित तो कभी अशिक्षित लोगों से सामना होता है।



पुलिसकर्मियों को जगरुक करती एडीजी गोरखपुर की टीम। संवाद

## एडीजी गोरखपुर से आई टीम ने दिया मंत्र

बच्चे, बूढ़े और महिलाओं के अलावा बदमाश, दुष्चरित्र व्यक्ति और शराबी, नशेड़ी भी मिलते हैं। अलग-अलग चरित्र के व्यक्तियों के संपर्क में आने पर पुलिस अफसर के व्यवहार में विचलन स्वाभाविक है। इसके वाद भी भी बीट पुलिस अफसर को ड्यूटी के दौरान संयम, धैर्य, निष्ठा, निष्पक्षता, सावधानी एवं सतर्कता के साथ कर्तव्य पालन करना चाहिए।

इस दौरान टीम में उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह, सुनील कुमार यादव, एसओ रविंद्र सिंह, रत्नेश सिंह, संजीव यादव, अखिलेश पांडेय, नवतेज सिंह समेत बीट पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# मां-बेटे समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज

धनघटा। महुली क्षेत्र के गालीमपुर गांव निवासी युवती ने गांव के मां-बेटे समेत पांच लोगों के खिलाफ शनिवार को केस दर्ज कराया। आरोप है कि लोगों ने उसे अपशब्द कहते हुए मारापीटा और मोबाइल तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

गालीमपुर गांव निवासी संध्या यादव पुत्री हरिराम यादव का आरोप है कि एक नवंबर को गांव के ही आशुतोष यादव अपनी भाभी व मां, संतोष के साले अनिल व प्रकाश के साथ पहुंच कर उसे अपशब्द कहने लगे।

विरोध करने पर उसे मारने पीटने लगे। वीडियो बनाने पर मोबाइल छीन कर तोड़ दिए। हैंडपंप भी खराब कर दिये। इतना ही नहीं उपरोक्त लोग उसे कमरे में भी बंद क्रर दिए थे। एसओ संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि इस मामले में आशुतोष यादव, आशुतोष यादव की भाभी व मां एवं संतोष के साले अनिल व प्रकाश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# दहेज हत्या के सात आरोपी दोषमुक्त

संतकबीरनगर। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय काशिफ शेख ने दहेज हत्या के मामले में साक्ष्य के अभाव में एक ही परिवार के सात आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता जंग बहादुर सिंह और श्रीकांत श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित पिता रसीद अहमद ने अपनी बेटी साजिया रसीद की शादी कोतवाली क्षेत्र के मगहर कस्बा केलाबाग निवासी जव्वाद अनवर के साथ 26 फरवरी 2005 में की थी। शादी में ही बेटी की विदाई हुई थी। आरोप है कि ससुराली दहेज में एक लाख रुपये की मांग किए। आरोप है कि बेटी के ससुर सेराजुद्दीन ने फोन पर सूचना दिया कि उसकी बेटी बेहोश हो गई। लोग उसे खलीलाबाद ले जा रहे हैं। डॉक्टर ने जवाब दे दिया तो उसे गोरखपुर ले जा रहे थे। सहजनवां में साजिया रसीद की मौत हो गई।

पीड़ित पिता तत्काल मगहर गए और देखा कि बेटी की लाश पड़ी थी। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर 21 अप्रैल 2005 को ससुरालियों ने गला दबाकर बेटी की हत्या कर दी। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने पति जव्वाद अनवर, ननद सबाना परवीन, हसीना खातून, सास जुलेखा खातून, ससुर सिराजुद्दीन, जेठ सिराज अनवर और देवर अली अनवर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया।

विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ। 13 लोगों ने गवाही दी। जबकि 14 अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। चिकित्सकीय साक्ष्य में गला घोंट कर हत्या की बात सामने नहीं आई है। आरोप साबित नहीं होने पर कोर्ट ने एक ही परिवार के सभी सातों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। संवाद

# धर्मसिंहवा बौद्ध स्तूप स्थल को किया जाएगा विकसित

## पर्यटन विभाग तैयार कर रहा पांच करोड़ का प्रस्ताव, कुशीनगर, कपिलवस्तु, लुंबनी से धर्मसिंहवा को जोड़ा जाएगा

संवाद न्यूज एजेंसी

धर्मसिंहवा। पर्यटन विकास के दृष्टिकोण से नवसृजित नगर पंचायत धर्मसिंहवा स्थित बौद्ध स्तूप स्थल को विकसित किया जाएगा। डीएम और विधायक की पहल पर इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से करीब पांच करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इतना ही नहीं इसे बौद्ध परिपथ से जोड़ा जाएगा। जिससे यहां पर्यटक आ सकें।



बौद्ध स्तूप का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम, एसपी और विधायक। संवाद

धर्मसिंहवा के बौद्ध स्तूप तथा उसके इर्द-गिर्द जमीनों में बौद्ध कालीन पुरातत्विक अवशेष पड़े हुए हैं। किसानों को खेत की खुदाई में तमाम अवशेष जैसे मूर्तियां मृदभांड आदि मिले। स्थानीय प्रबुद्धजनों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से यहां विकास कार्य कराए जाने की मांग किया था।

पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ला, सांसद जगदंबिका पाल सहित अन्य लोगों ने यहां के विकास को लेकर सदन में पहल की थी, लेकिन विकास की योजना नहीं बन पाई। इसी बीच अगस्त 2020 में संरक्षण के अभाव में पुराना बौद्ध स्तूप बारिश के कारण ढह गया। इसके लिए पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल की पहल पर बौद्ध स्तूप स्थल के सुंदरीकरण का प्रस्ताव पास हुआ।

कार्यदाई संस्था जल निगम द्वारा 48 लाख रुपये की लागत से बौद्ध स्तूप को उसी स्वरूप में दोबारा खड़ा किया गया। इसके साथ ही अगल-बगल बाउंड्रीवाल व आरसीसी सड़क का निर्माण कराया गया। शनिवार को विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी, डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसपी सोनम कुमार ने बौद्ध स्थल का जायजा लिया। डीएम ने स्थानीय लोगों से यहां के ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी हासिल की। डीएम प्रेम रंजन सिंह ने बताया कि धर्मसिंहवा स्थित बौद्ध स्तूप को पर्यटन विकास के दृष्टिकोण से विकसित किए जाने की योजना तैयार हो रही है।

पर्यटन विभाग की ओर से पांच करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। बौद्ध स्तूप के जीर्णोद्धार के साथ ही बगल में स्थित पोखरे का भी जीर्णोद्धार होगा। अप्रोच मार्ग को दुरुस्त कराया जाएगा। इसके आसपास जो भी मंदिर है, उसका भी जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसमें खास बात यह है कि इसे बौद्ध सर्किट से जोड़ा जाएगा। कुशीनगर से धर्मसिंहवा और फिर सिद्धार्थनगर के कपिलवस्तु और नेपाल के लुंबिनी से जोड़े जाने की कवायद चल रही है। ऐसा होने पर यहां पर्यटकों का आकर्षण बढ़ेगा।

### विकास कार्यों की होगी टीएसी जांच : डीएम

डीएम प्रेम रंजन सिंह से स्थानीय लोगों ने बौद्ध स्थल निर्माण सहित ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जरिए बौद्ध स्तूप स्थल को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण में धांधली किए जाने का आरोप लगाया। स्थानीय लोगों का आरोप था कि करीब छह करोड़ की लागत से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जरिए आरसीसी एवं तारकोल की सड़क बनाई गई है, जिसमें मानकों की अनदेखी की गई है। इसके साथ ही बौद्ध स्तूप स्थल निर्माण कार्य में भी गड़बड़ी की गई। डीएम ने टीएसी जांच कराए जाने का निर्देश दिया।

# फर्जी ओबीसी सर्टिफिकेट जारी करने पर तहसीलदार व अन्य पर दर्ज होगा केस

## मुकदमे से बचाने के लिए हुआ खेल, कानूनगो और लेखपाल की भी संलिप्तता

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। मुकदमा से आरोपियों को बचाने के लिए अनुसूचित जाति के युवक का पिछड़ी जाति का प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया। विशेष न्यायाधीश एससी/ एसटी एक्ट दिनेश प्रताप सिंह ने इस मामले में दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश कोतवाली पुलिस को दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के नगवा निवासी संजय कुमार गोंड ने कोर्ट में अर्जी दी। कहा कि वह गोंड जाति से संबंध रखता है। जो अनुसूचित जाति में आता है। आरोप लगाया कि पूर्व में गांव के लवकुश चौरसिया व घनश्याम चौरसिया के खिलाफ मारपीट व एससीएसटी एक्ट के तहत कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी विवेचना कर पुलिस ने आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित कर दिया। मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। इसी मुकदमा से बचने के लिए आरोपी के पिता ने उसकी पिछड़ी जाति का प्रमाणपत्र जारी करा दिया।

### गोंड जाति का है युवक कूटरचित तरीके से कहार का बनवा दिया प्रमाणपत्र

संजय का कहना है कि चार अगस्त 2022 को तहसीलदार खलीलाबाद के जरिए भेजे गए पत्र से इसकी जानकारी हुई। पत्र में लिखा था कि नगवा निवासी हरिश्चंद्र ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र दिया है। आरोप लगाया है कि संजय कुमार गोंड ने पहले अनुसूचित जाति गोंड का प्रमाणपत्र जारी कराया और बाद में पिछड़ी जाति कहार का प्रमाणपत्र तहसीलदार खालीलाबाद के यहां से जारी कराया है।

संजय ने कोर्ट में चल रहे मुकदमे की नकल निकलवाया तो पता चला कि लवकुश चौरसिया व घनश्याम चौरसिया के पिता हरिश्चंद्र उर्फ रामचंद्र हैं। आरोपियों के पिता हरिश्चंद्र उर्फ रामचंद्र ने कोर्ट में चल रहे मुकदमे से बेटों को बचाने के लिए साजिश रची।

आरोप है कि जाली व फर्जी कूट रचना कर जनसेवा केंद्र प्रभारी अनुराग वर्मा स्टेशन पुरवा खलीलाबाद और तत्कालीन हल्का लेखपाल व कानूनगो तथा तहसीलदार की मिलीभगत से संजय कुमार गोंड का कथित पिछड़ी जाति का प्रमाणपत्र जारी कराया गया। उसी के आधार पर उसे नोटिस भेजी गई।

आरोप है कि षडयंत्र और साजिश के तहत फर्जी कूट रचना करके उसके आधार कार्ड व फोटो को अवैध तरीके से प्राप्त करके कहार जाति का प्रमाणपत्र पांच मई को जारी कराया गया। पीड़ित ने कोतवाली में सूचना दिया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। रजिस्टर्ड डाक से एसपी को सूचना दी, लेकिन यहां भी निराशा हाथ लगी। मजबूरी में पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली।

कोर्ट ने सुनवाई के बाद हरिश्चंद्र उर्फ रामचंद, अनुराग वर्मा, तत्कालीन लेखपाल, कानूनगो और तहसीलदार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना किए जाने का आदेश कोतवाली पुलिस को दिया है। 15 दिन में कार्रवाई से अवगत कराने का भी आदेश कोतवाली पुलिस को दिया है।

# मां-बेटे समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज

धनघटा। महुली क्षेत्र के गालीमपुर गांव निवासी युवती ने गांव के मां-बेटे समेत पांच लोगों के खिलाफ शनिवार को केस दर्ज कराया। आरोप है कि लोगों ने उसे अपशब्द कहते हुए मारापीटा और मोबाइल तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

गालीमपुर गांव निवासी संध्या यादव पुत्री हरिराम यादव का आरोप है कि एक नवंबर को गांव के ही आशुतोष यादव अपनी भाभी व मां, संतोष के साले अनिल व प्रकाश के साथ पहुंच कर उसे अपशब्द कहने लगे।

विरोध करने पर उसे मारने पीटने लगे। वीडियो बनाने पर मोबाइल छीन कर तोड़ दिए। हैंडपंप भी खराब कर दिये। इतना ही नहीं उपरोक्त लोग उसे कमरे में भी बंद कर दिए थे। एसओ संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि इस मामले में आशुतोष यादव, आशुतोष यादव की भाभी व मां एवं संतोष के साले अनिल व प्रकाश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया

# महिला पर हमला करने की कोशिश मुकदमा दर्ज

बखिरा। शुक्रवार की रात में घर में सो रही रानीपुर निवासी महिला के ऊपर युवक ने हमला करने की कोशिश की। महिला ने खुद का बचाव किया। ऐसा आरोप लगाकर शनिवार को महिला ने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर किया है।

पीड़ित सुनीता गोंड पत्नी रामसंवारे का आरोप है कि वह 11 नवंबर को घर में सो रही थी। आरोपी युवक घर के पिछले हिस्से से छत के सहारे चढ़कर घर में घुस गया। आरोप है कि टंगुली व तेजाब लेकर बेवजह उसके ऊपर हमला कर दिया। किसी तरह से अपनी जान बचाई। शोरगुल सुनकर ग्रामीण जुट गए व आरोपी युवक को पकड़ लिया। सूचना पर डायल 112 की पुलिस भी आ गई। इसके बावजूद आरोपी उसे अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। संवाद

# संपूर्ण समाधान दिवस के साथ लगेगी चौपाल

## 19 नवंबर को मेंहदावल तहसील में नहीं, धर्मसिंहवा नगर में आयोजित होगा कार्यक्रम, सभी अधिकारी रहेंगे मौजूद

संवाद न्यूज एजेंसी

**धर्मसिंहवा।** शनिवार को डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसपी सोनम कुमार और विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ले धर्मसिंहवा थाने में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। शिकायतकर्ताओं की भीड़ जुटी और उनकी समस्याएं निस्तारित नहीं होने की शिकायतें मिली। डीएम ने निर्णय लिया कि इस बार 19 नवंबर दिन शनिवार को मेंहदावल तहसील में संपूर्ण समाधान न होकर धर्मसिंहवा नगर में आयोजित होगा। इसके साथ ही चौपाल भी लगाया जाएगा। इस प्रयोग से यदि जनता को फायदा हुआ तो अन्य तहसीलों में भी ऐसा किया जाएगा।

थाना समाधान दिवस में डीएम के समक्ष पहली समस्या क्षेत्र के समाजसेवी रामचंद्र शुक्ल ने उठाई। उन्होंने स्थानीय स्तर पर धान क्रय केंद्र नहीं खुले होने की बात कही। डीएम को बताया कि यहां के काश्तकारों को धान बेचने के लिए लगभग 20 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। डीएम ने इसे गंभीरता से लिया और एसडीएम योगेश्वर सिंह को निर्देश दिया कि अभिलंब नगर पंचायत धर्मसिंहवा क्षेत्र में एक धान क्रय केंद्र खोलवाएं। कुछ लोगों ने सड़क के गड्ढा मुक्त किए जाने, पानी की टंकी बन जाने के बाद भी सप्लाई नहीं चालू होने की शिकायत दर्ज कराई।

डीएम प्रेम रंजन सिंह ने बताया कि धर्मसिंहवा नव सृजित नगर पंचायत है और सिद्धार्थनगर जिले की सीमा पर स्थित है। इस क्षेत्र में समस्याएं अधिक है। ऐसे में इस बार शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस मेंहदावल तहसील में न होकर धर्मसिंहवा नगर में आयोजित की जाएगी। इस दौरान चौपाल भी लगाया जाएगा। इसमें विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। किसी का विधवा, वृद्धा, दिव्यांग आदि पेंशन नहीं बना है तो बन जाएगा। जिला स्तरीय अधिकारी यहां उपस्थित रहेंगे और लोगों की समस्याएं मौके पर सुनेंगे। डीएम ने कहा कि यदि यह नया प्रयोग सफल हुआ तो अन्य तहसीलों में भी ऐसा किया जाएगा।

# 55 मामले आए, पांच का मौके पर निस्तारण

संतकबीरनगर। डीएम प्रेमरंजन सिंह व एसपी सोनम कुमार की मौजूदगी में शनिवार को थाना धर्मसिंहवा पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शतप्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जिले के थानों पर समाधान दिवस आयोजित हुए। जिसमें कुल 55 मामले आए, जिसमें से मौके पर पांच का निस्तारण किया गया।



संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम व अन्य। संवाद

धर्मसिंहवा में डीएम व एसपी ने निर्देश दिया कि राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए, जिससे आम जनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े।

इस दौरान राजस्व व पुलिस के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। एसपी सोनम कुमार ने बताया कि जिले के खलीलाबाद में पांच मामले आए, जिसमें दो मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया है।

इसी प्रकार धनघटा में 15 मामले आए, जिसमें एक का निस्तारण हुआ। दुधारा में तीन मामले आए, किसी का निस्तारण नहीं हुआ। महुली में सात, बखिरा में छह और धर्मसिंहवा में एक मामला आया, जिसके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

इसी प्रकार मेंहदावल में 10 मामले आए, जिसमें एक का निस्तारण हुआ, जबकि बेलहरकला में आठ मामले आए, जिसमें एक का निस्तारण हुआ। उन्होंने कहा कि जो मामले निस्तारित नहीं हुए है, उनके निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया है। संवाद



यातायात माह के अवसर पर मेंहदावल बाईपास पर वाहन चालकों की आंखों की जांच करते चिकित्सक। संवाद

# शिविर में 40 वाहन चालकों की आंखों की हुई जांच

संतकबीरनगर। यातायात माह के तहत शनिवार को मेंहदावल बाईपास स्थित यातायात कार्यालय पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस दौरान 40 वाहन चालकों के आंखों की जांच हुई। नाक, कान, गला व बीपी की भी जांच की गई।

यातायात निरीक्षक बृजेश यादव ने कहा कि डॉ. मनोज कुमार, डॉ. एपी गुप्ता, डॉ. केशव विश्वकर्मा और हरिओम सिंह ने चालकों के स्वास्थ्य की जांच की। उन्होंने बताया कि वाहन चालकों व मालिकों को यातायात सुरक्षा हेतु बनाए गए मैपल एप के बारे में जानकारी दी गई।

इसके साथ ही सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात कें नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नंबर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील किया गई। संवाद

# सात लोगों के खिलाफ मारपीट छेड़खानी का केस

संतकबीरनगर। बेलहर क्षेत्र के एक गांव में जमीन संबंधी विवाद में कुछ लोगों ने मां-बेटी को पीटा। आरोप है कि लोगों ने बेटी के साथ छेड़खानी की। इस मामले में पुलिस ने मारपीट, छेड़खानी का केस दर्ज किया है।

पीड़ित मां का आरोप है कि 26 अक्तूबर को विपक्षी उसकी जमीन पर अवैध कब्जा की फिराक में थे। विरोध करने पर उसे अपशब्द कहते हुए उसे मारे-पीटे। बीच बचाव में आई उसकी बेटी को भी मारे-पीटे। आरोप है कि बेटी के कपड़े फाड़ दिए और छेड़खानी की। थाने पर शिकायत करने पर जानमाल की धमकी दी। एसओ अमित कुशवाहा ने बताया कि सात आरोपियों के खिलाफ मारपीट, छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना से जो तथ्य सामने आएगा, आगे वैसी कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# साइबर सेल की मदद से तीन चोर गिरफ्तार

**धनघटा।** चोरी की घटना में वांछित तीन आरोपियों को शनिवार को महुली पुलिस ने साइबर सेल की मदद से गिरफ्तार कर लिया।

एसओ संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि चोरी की घटना में वांछित तीन आरोपियों को साइबर सेल की मदद से खलीलाबाद से शनिवार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपी अरमान निवासी बरदहिया भेली मंडी खलीलाबाद, उजैफा उर्फ उज्जू खान निवासी पठान टोला खलीलाबाद, जिशान निवासी चूड़ी फरोश मगहर कोतवाली के रूप में हुई। पकड़े गए तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। संवाद

# जिला बदर अपराधी को पकड़ा

**संतकबीरनगर।** धनघटा पुलिस ने शनिवार को जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार किया। एसओ केडी सिंह ने बताया मुठई खुर्द निवासी वीरेंद्र शर्मा को डीएम कोर्ट ने एक अक्तूबर को गुंडा घोषित करते हुए छह माह के जिला बदर किया था।

कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करके जिला बदर अपराधी छिप कर घर पर निवास कर रहा था। जिससे सूचना के आधार पर गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 13-11-2022

# डॉग स्क्वायड व एसओजी ने की जांच

**फालोअप**

बालपुर, संवाददाता। चौकीदार को बंधक बनाकर अज्ञात बदमाशों द्वारा नकदी व जेवरात लूट के मामले में एएसपी, सीओ व एसओजी ने डाग स्क्वायड टीम के साथ पहुंचकर शनिवार को मौकाए वारदात की पड़ताल की। लेकिन अभी तक पुलिस लुटेरों का सुराग लगाने में सफल नहीं हो सकी है। वहीं घटना से कुछ दूरी पर अज्ञात मोटरसाइकिल व गृहस्वामी के घर के सामान मिलने पर पुलिस की भृकुटी संदिग्धों पर टिक गई है।

थाना कटरा बाजार के अंतर्गत ग्राम छिटनापुर गांव निवासी अशोक कुमार मिश्रा पुत्र गनपति प्रसाद मिश्रा के घर हुई लूट घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस घटना से लोग पुलिस की कार्यशैली व प्रशासनिक क्षमता पर भी सवाल उठाने लगे। बड़ी घटना होने के कारण दूसरे दिन पुलिस के आला अधिकारी फारेंसिक व डाग स्क्वायड टीम के साथ मौके पर पहुंच कर घंटों जांच पड़ताल व लोगों से पूछताछ किया। इसके बाद सभी पुलिस अधिकारी गृहस्वामी अशोक कुमार मिश्रा के गांव धनुहा स्थित घर पर गये। वहां जांच पड़ताल करने के बाद पुलिस पुनः घटनास्थल पर लौट आई। जहां पर खोजी कुत्ते ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया जिसे पुलिस हिरासत में लेकर चली गई। थानाध्यक्ष चितवन कुमार ने बताया कि अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश होगा।

## मोटरसाइकिल से खुलेगा चोरी का राज

घटना के दूसरे दिन ही रात आठ बजे भाटन पुरवा जाने वाले मार्ग पर स्थित एक खंडहर मकान के बगल दो लोगों को दो बाइक खड़ी देख एक व्यक्ति ने उनसे जानकारी चाही तो दोनों भागने लगे । जिस पर उसने बाइक खींच लिया तो वह व्यक्ति बाइक व सामान छोड़कर दूसरी बाइक पर सवार होकर भाग गये। बाइक के साथ मिले बैग में रखे सामान को पीड़ित ने अपना होना बताया। चश्मदीद गृहस्वामी का रिश्तेदार बताया जा रहा है। पुलिस ने बरामद बाइक के नंबर की जांच किया तो वह मलिहाबाद लखनऊ का निकला। लुटेरों तक पहुंचने के लिए पुलिस अज्ञात बाइक को ही क्लू बनाकर जांच को आगे बढ़ा रही है।

# टावर टेक्नीशियन की पिटाई, आठ पर केस

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के झिलाही मार्ग पर स्थित तुर्काडीहा टावर टेक्नीशियन को रुपए के विवाद को लेकर आठ लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। एसओ चन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध बलवा सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

ग्राम पंचायत पूरेडाढू निवासी हर्षवर्धन टावर टेक्नीशियन ने थाने पर शिकायत की है कि शुक्रवार दोपहर को वह टावर पर काम कर रहा था, तभी शिवनरेश सिंह निवासी चौखट, राम मूरत सिंह निवासी सेहरिया, अब्दुल हसन, रमेश सिंह, आनन्द सिंह निवासी चौखट व तीन अज्ञात लोगों ने रुपये मांगने के विवाद को लेकर मारपीट की जिससे वह घायल हो गया।

# अवैध शराब बनाने में एक वर्ष की सजा

गोण्डा। अपर सत्र न्यायाधीश राज बहादुर रामदेव ने कच्ची शराब बनाने वाले आरोपी को एक वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अवनीश धर के अनुसार कोतवाली नगर में 10 मार्च अगस्त 2021 को उपनिरीक्षक परसपुर द्वारा आरोपी नफादीन पुत्र मोती हरिजन निवासी धनावा के विरुद्ध कच्ची शराब बनाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने आरोपी को कच्ची शराब बनाने के आरोपी को एक वर्ष की कैद की सजा सुनाई है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, केस

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरईपारा में शनिवार की सुबह दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट का कारण पुरानी रंजिश बताई जा रही है।

एक पक्ष के शिवचरन ने कहा कि दूसरे पक्ष के संजय, सुषमा, जैश्री व नीबर ने उसे गाली-गलौज देते हुए मारने-पीटने लगे। बीच-बचाव कराने पहुंचे सत्यनारायण, बिट्टू, सीतापती व गुडिया को भी चोटें आई हैं। दोनों पक्षों ने थाने पर शिकायत की है। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चोटिलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है।

## धानेपुर थाना क्षेत्र के मेहनौन निवासी युवक की गला दबाकर की गई थी हत्या

# 'अपनों' में ही कातिल ढूंढ रही पुलिस

**युवक हत्याकांड**

धानेपुर, संवाददाता। परदेस से लौटे युवक की गला दबाकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस अपनों में ही कातिल ढूंढने में जुटी हुई है। पुलिस ने मृतक के दो खास रिश्तेदारों समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। पुलिस इन लोगों की पूछताछ से मिली लीड के सहारे जांच आगे बढ़ाने में जुटी हुई है। हालांकि पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है लेकिन वह जल्द ही हत्या के खुलासे का दावा जरूर कर रही है।

- मृतक के दो रिश्तेदारों समेत चार लोगों से पूछताछ
- जल्द ही हत्या का खुलासा करने का दावा कर रही पुलिस

धानेपुर थाना क्षेत्र के मेहनौन गांव के रहने वाले युवक सुनील कुमार कश्यप की गला दबाकर हत्या कर शव को शव गांव के बाहर एक धार्मिक स्थल के बगल स्थित बाग में झाड़ियों के बीच फेंक दिया गया था। बीते 10 नवम्बर को शव बरामद किया गया। शव के बगल क्षतिग्रस्त अवस्था में पाए गए मोबाइल में छिपे कई राज की पड़ताल कर पुलिस खुलासे में जुटी हुई है। हत्या का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस के साथ ही सर्विलांस व एसओजी टीम भी जुटी हुई है।

### आशनाई का भी शक

पुलिस युवक हत्याकांड में आशनाई की मोटिव मानकर जांच आगे बढ़ा रही है। सूत्र बताते हैं कि युवक की मोबाइल में कुछ ऐसे तथ्य मिले हैं जो इस ओर इशारा कर रहे हैं।

धानेपुर थाना क्षेत्र के मेहनौन गांव का रहने वाला दो बच्चों का बाप सुनील कुमार कश्यप रोजी रोटी के सिलसिले में अपने पिता स्वामीनाथ के साथ ही लुधियाना में रहता था। बताया जाता है कि बीते 7 नवंबर को वह घर आया था और इसी दिन रात तकरीबन 8 बजे वह घर वालों को बगैर बताए मोबाइल से बात करते हुए घर से बाहर निकला और फिर लौट कर नहीं आया। अगले दिन सुनील की मां कुसुमा ने धानेपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बीते 10 नवंबर को गांव के बाहर ही एक बाग में झाड़ियों के बीच सुनील का शव पाया गया।

क्षेत्राधिकारी सदर विनय कुमार सिंह का कहना है कि युवक के हत्या का राज खोलने में धानेपुर पुलिस टीम के अलावा एसओजी व सर्विलांस की टीम लगी है। उन्होंने कहा कि पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग लगे हैं जिस पर पुलिस की ओर से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही हत्याकांड का खुलासा होगा और कातिल सलाखों के पीछे होंगे।

# जब एसडीएम और सीओ के सामने चले लात-घूंसे

**समाधान दिवस**

वजीरगंज, संवाददाता। महीने के दूसरे शनिवार को आयोजित हो रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम और सीओ के सामने ही लात-घूंसे चलने लगे। बताया जाता है कि डुमरियाडीह चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पेडराही निवासी राहुल मौर्य की शादी बहराइच जिले के एक गांव में हुई थी।

उसकी पत्नी का आरोप था कि उसका पति उसके बाद एक और औरत अवैध तरीके से रखता है। जिसकी शिकायत लेकर उसकी पत्नी अपने भाई के साथ समाधान दिवस में निस्तारण के लिए आई थी। एसडीएम और सीओ के सामने ही जीजा और साले में तू-तू-मैं-मैं के साथ लात घूंसा भी चलने लगा। आनन-फानन में मौजूद पुलिस फोर्स झगड़े को शांत कराने के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि समाधान दिवस में चौदह मामले आए थे। आठ मामले राजस्व विभाग औद छह मामले पुलिस विभाग के थे जिसमे दो मामलों का निस्तारण कर दिया गया है।

### समाधान दिवस में आए 14 मामले

रुपईडीह। स्थानीय कौड़िया बाजार थाने में समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी सदर ने की। समाधान दिवस में कुल 14 मामले आऐ, जिसमें पांच पुलिस विभाग के थे और शेष राजस्व विभाग से संबंधित थे। समाधान दिवस में अपनी फरियाद लेकर कटका राजस्व गांव के राम प्रकाश मिश्र ने अपना खेत कब्जा मुक्त कराने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं गौरवा जानीपुर के सहदेव जबरन सड़क पाट कर नाली बंद किए जाने का मामले की शिकायत दर्ज कराई,खैरी के ओमप्रकाश ने मोबाइल पर जानमाल की धमकी दिए जाने के की तहरीर दी। वरिष्ठ उपनिरीक्षक विद्यासागर पांडे ने बताया पांच मामले पुलिस विभाग के मौके पर निस्तारित कर दिए गए।

### नौ मामलों में तीन का निस्तारण

धानेपुर। धानेपुर थाने में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर कुल 9 मामले आए थे 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। शनिवार को धानेपुर थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी सदर विनय कुमार सिंह व तहसीलदार सदर परशुराम ने पहुंचकर आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनी और उसके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का मातहतों को निर्देशित किया । प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि समाधान दिवस में कुल नौ मामले आए थे । जिसमें 6 राजस्व व 3 पुलिस से संबंधित थे। पुलिस से संबंधित मामलों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया जबकि राजस्व से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व की टीमों का गठन किया गया है। बताया कि उसका भी समय बद्ध तरीके से निस्तारण कराया जाएगा।

# मामा व भांजी पर हुए हमले के मामले में मुकदमा दर्ज

करनैलगंज, संवादाता। बहनोई द्वारा मामा व भांजी पर हुए हमला मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला थाना कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत नारायनपुर माझा से जुड़ा है।

प्रकरण में रूबी यादव पत्नी माधवराज यादव निवासी ग्राम चिरहन पुरवा नरायनपुर माझा द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि गुरुवार की शाम करीब पांच बजे वह अपने मामा पिन्टू यादव उर्फ राज कुमार पुत्र कन्हैया लाल यादव निवासी सकरौरा पश्चिमी करनैलगंज के साथ अपने ससुराल जा रही थी। तभी रास्ते में विपक्षी पूनम पत्नी राकेश यादव, राकेश यादव पुत्र नरेश महंत तथा ननका देवी पत्नी गया प्रसाद उसके घर से 50 मीटर पहले ही हाथ में हंसिया व लाठी डंडा लेकर हमला बोल दिया और उसे व उसके मामा को मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं दर्ज मामले में पीड़िता ने आरोपियों पर ग्यारह सौ रुपए, बाइक, ड्राइविंग लाइसेंस छीनने के साथ जान माल की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# मोटर चोर गैंग का खुलासा चार आरोपी हुए गिरफ्तार

खोड़ारे, संवाददाता। पुलिस ने मोटरचोर गैंग का खुलासा किया है। उसने चोरी गए 12 विद्युत मोटर को बरामद कर चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से मोटर चोरी गिरोह के अन्य सदस्यों में भी हड़कम्प मचा हुआ है।

बताया जाता है कि चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए एक टीम उपनिरीक्षक छैल बिहारी, उपनिरीक्षक रामधारी दिनकर, मुख्य आरक्षी आत्मा सिंह, रामकुमार, आरक्षी दिलीप यादव, रुद्र प्रताप सिंह, स्वामीनाथ व कुंजधन की लगाई गई थी। टीम को मुखबिर खास की सूचना पर घारीघाट केशव नगर मार्ग पर बलुवा पुल के पास कुछ लोगों के छिपे होने की सूचना मिली मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेरा डालकर कई लोगों को पकड़ लिया।

पकड़े गए लोगों की निशानदेही पर

**12 विद्युत मोटर साहित अन्य सामान बरामद**

सेवई नाला के किनारे से दो बिजली के मोटर, केशव नगर पश्चिमी हरैयाघाट के पास सागौन की बाग के पास से चार मोटर व बलुआ तिराहे के पहले बनी पुलिया के पास से तीन बिजली के मोटर व घारीघाट चौराहे से तीन बिजली मोटर बरामद किया गया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी राजेश कुमार वर्मा निवासी केशव नगर ग्रांट, दुर्गेश कुमार मौर्य केशव नगर ग्रंट पश्चिमी, कन्हैया लाल वर्मा निवासी बकुई व दूजे निवासी केशव नगर पश्चिमी के विरुद्ध चोरी सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि चोरी की घटनाओं पर विराम लगाने के लिए लगातार प्रयास जारी है।

# चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

बभनान। थाना छपिया अंतर्गत दो अभियुक्तों अशफाक पुत्र आशिक अली निवासी ग्राम गया माफी व कुलदीप मिश्रा पुत्र राम नारायण मिश्रा निवासी ज्ञानी पुर थाना छपिया को उप निरीक्षक अश्वनी कुमार राय, हेड कांस्टेबल आशुतोष यादव, हरेंद्र गौड़ ने टायरवा बाजार के पास से गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी की साइकिल व तीन अदद मोबाइल बरामद हुआ है।

# स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। कोतवाली नगर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर सर्कुलर रोड के पास से आरोपी इरशाद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 ग्राम अवैध स्मैक/हेरोइन बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कोतवाली नगर में एनडीपीएस ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

# नशे की गोलियों के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। कोतवाली नगर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर पीपल तिराहे के पास से आरोपी सोनू उर्फ सलमान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 55 गोली अल्प्राजोलम बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

# दुर्घटना में दो लोग घायल, अस्पताल में भर्ती

गोण्डा। मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के अमरपुर गांव के निवासी 55 वर्षीय राधेश्याम मौर्या पुत्र लल्लन पैदल ही सामान खरीदने गया था। वह मूसेगंज चौराहे के पास खड़ा था। तभी तेज रफ्तार से आ रही बाइक की टक्कर लगने से घायल हो गया। वहीं कटरा बाजार थाना क्षेत्र के बनगांव गांव निवासी 35 वर्षीय सुरेश कुमार पुत्र संतराम मुकदमे की पैरवी करने न्यायालय आया था। न्यायालय से वापस घर जा रहा था कि पोर्टरगंज के पास बाइक से टकराकर घायल हो गया।

# लोक अदालत में 58 हजार 524 मुकदमे निपटे

## 22 लाख 77 हजार 970 रुपए अर्थदंड जमा कराये गए, 2 करोड़ 24 लाख 68 हजार 707 रु. मोटर प्रतिकर राशि दिलाई गई

**आयोजन**

**डा, विधि संवाददाता।** दीवानी कचहरी में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें वर्षों से लंबित मुकदमों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला जज बृजेन्द्र मणि त्रिपाठी ने किया।

लोक अदालत में विभिन्न वादों का निपटारा सुलह समझौता के आधार पर उन्तालीस अदालतों ने सुनवाई कर किया। जिला जज ने कहा कि लोक अदालत में निस्तारित होने वाले मुकदमों से सबसे ज्यादा फायदा यह है कि इसमें निर्णीत मुकदमों की अपील कहीं नहीं हो सकती। सरकार की मंशा है कि कम खर्चे में लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिले।



शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में अपनी फरियाद सुनाते वादकारी।

**इन अदालतों पर हुई सुनवाई :** जिला जज बृजेन्द्र मणि त्रिपाठी, एडीजे पूजा सिंह, नासिर अहमद, राजेश कुमार, सर्वजीत सिंह, डा दीनानाथ, कु आफसां, विशेष न्यायाधीश एस सी एस टी एक्ट, एडीजे अनामिका चौहान, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट चन्द्र मोहन चतुर्वेदी, विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट, एडीजे राजबहादुर रामदेव यादव, एडीजे पल्लवी अग्रवाल, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की डा अनुपमा गोपाल निगम, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रीता गुप्ता एडीजे एफटीसी नवीन विद्या भूषण पांडेय, एडीजे एफटीसी प्रथम जितेंद्र गुप्ता, एडीजे एफटीसी द्वितीय नितिन श्रीवास्तव, सीजेएम चिर कुमारित्य, सुश्री सुषमा, वीनस कुमार,, प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सौम्या मिश्रा, सत्य प्रकाश नारायन तिवारी, संदिश कुमार पासवान, सुश्री आंचल चंदेल, हर्ष आनंद, , सुश्री निधि वर्मा, रविन्द्र कुमार रावत, रविकांत, सुश्री सोनम गौतम ग्राम न्यायाधिकारी मनकापुर हर्ष आनंद द्वारा दो सौ चौबीस मुकदमे निस्तारित किए गए। वहीं 2400 रुपए अर्थदंड जमा कराए गए। इस मौके पर सभी बैंकों के जोनल व शाखा मैनेजर तथा पैनल अधिवक्ता विवेक मणि श्रीवास्तव, राजेन्द्र सिंह खुराना आदि मौजूद रहे।

### इन मुकदमों का हुआ निस्तारण

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विश्व जीत सिंह के अनुसार कुल 58524 मुकदमे निस्तारित किए गए और 2277970 रुपए अर्थदंड वसूलकर राजस्व कोष में जमा कराया गया। लोक अदालत में पारिवारिक, वैवाहिक मामलों, श्रम सम्बन्धी मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाओं, पराक्राम्य में लिखित अधिनियम धारा- 138, राजस्व वाद, चकबन्दी तथा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन संस्थित मामलों, फौजदारी, राजस्व, यातायात, शमनीय अपराधिक, नगर पालिका, स्टाम्प एक्ट, दीवानी वाद, लघु दाण्डिक वाद एवं अन्य सुलह समझौते के आधार पर होने वाले वादों का निस्तारण किया गया। दो करोड़ 24लाख 68 हजार 707 रुपए मोटर प्रतिकर राशि दिलाई गई।

**जब उबैदुल्ला ने ली राहत की सांस :** मोटर दुर्घटना के मामले में तहसील करनैलगंज के उबैदुल्ला ने बताया कि वह चार वर्ष से कचहरी का चक्कर लगाते थक गए। पैरवी समय व पैसा की बर्बादी हुई। लेकिन शुक्र है कि आज लोक अदालत के माध्यम इस झंझट से हमेशा के लिए फुर्सत मिल गई, कम से कम अब चैन से अपनी रोजी रोटी कमायेंगे और परिवार का पालन पोषण करेंगे। वहीं सदर तहसील के हवलदार उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के लिए चार वर्ष से दौड़ रहे थे जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से आज दौड़ भाग से फुर्सत मिल गई।

# झाड़ी में मिली नवजात बच्ची, भर्ती

**रगड़गंज, संवाददाता।** थाना तरबगंज क्षेत्र के आजाद नगर कस्बे से करीब पांच सौ मीटर दूरी पर शनिवार सुबह एक नवजात के रोने की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ लग गई। मामले की सूचना थाना प्रभारी तरबगंज ,सीएचसी बेलसर को दी गई। सीएचसी अधीक्षक सतपाल सोनकर मौके पर पहुंचे, उन्होंने बालिका को झाड़ी से निकलवा कर सीएचसी लाए जहां पर उपचार चल रहा है।

थाना तरबगंज के आजाद नगर कस्बे से निहालपुर जाने वाले संपर्क मार्ग पर करीब पांच सौ मीटर दूरी पर झाड़ी में एक नवजात के रोने की खबर मिली। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोग झाड़ी में बच्ची को ढूंढने में जुट गए। इसी बीच किसी व्यक्ति ने थाना प्रभारी तरबगंज मनोज कुमार पाठक को सूचना दे दी। मामले की जानकारी सीएचसी को भी दी गई। सीएचसी अधीक्षक सतपाल सोनकर ने मौके पर पहुंचकर नवजात बालिका को झाड़ी से ढूंढकर निकलवाया। सीएचसी लाकर उसके स्वास्थ्य की जांच करवाई। सीएचसी अधीक्षक सतपाल सोनकर ने बताया नवजात दो दिन की है। प्राथमिक जांच में बच्ची पूर्ण स्वस्थ है लेकिन अभी चौबीस घंटे तक बच्ची को स्वास्थ्य टीम की देख रेख में रखा जाएगा। वहीं एसओ मनोज पाठक ने बताया कि बच्ची मिलने की सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई है।

# समझौते से खत्म हुआ कर्ज तो चेहरों पर दिखी खुशी

## राष्ट्रीय लोक अदालत : 58,524 मामलों का निस्तारण

**संसू, गोंडा** : शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश ब्रजेंद्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता व राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी/अपर जिला जज डा. दीनानाथ की उपस्थिति में हुआ। लोक अदालत में 58 हजार 524 वाद निस्तारित किया गया। न्यायिक अधिकारियों ने 5335 वाद निस्तारित करते हुए 22 लाख 77 हजार 970 रुपये जुर्माना वसूला।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विश्वजीत सिंह ने बताया कि जिले के सभी विभागों के 53 हजार 189 वादों का निस्तारण कराते हुए सात करोड़ 43 लाख 15 हजार 505 रुपये समझौते की राशि तय की गई।

**समझौते से मिली राहत** : रानीबाजार इंडियन बैंक से राजीव शुक्ल ने 2008 में 3.5 लाख रुपये ऋण लिया था लेकिन, वह खर्च हो गया। ऋण की धनराशि को जमा करने का दबाव बना रहे अधिकारियों का डर उस समय खत्म हो गया जब उसने लोक अदालत में 1.55 लाख रुपये जमा कर दिए।

इसी तरह प्रधानमंत्री रोजगार योजना से 2009 मे 1.85 लाख रुपये ऋण लेने वाले बिफई लाल की भी मुश्किल हल हो गई । उन्होंने लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार 75 हजार रुपये जमा कर कर्ज से मुक्त पा ली। 2019 में पिपरा भिठौरा के सत्यप्रकाश का पिकप का चालान हुआ था। एक हजार रुपये के चालान में उन्हें केवल 600 रुपये जमा करने पड़े।



दीवानी कचहरी में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में लगी वादकारियों की भीड़ ● जागरण

## जांच के नाम पर परेशान करने वालों की तैयार होगी कुंडली

**संसू, गोंडा** : विभिन्न घटनाओं के मुकदमो की विवेचना को लंबित रख कर जांच के नाम पर निर्दोष लोगों को परेशान किए जाने की शिकायतें लगतार आ रही हैं। देवीपाटन मंडल के थानों में बिना कारण लंबित विवेचना की सूची डीआइजी तैयार करा रहे हैं। मुकदमो के लंबित होने के कारण के साथ विवेचकों काभी ब्योरा तैयार किया जा रहा है। पूछताछ व जांच के नाम पर बेगुनाह को थाने पर बैठाने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है।



उपेंद्र अग्रवाल, डीआइजी देवीपाटन मंडल

अक्टूबर में बहराइच जिला के देहात कोतवाली का एक मामला सामने आया। यहां के डा. दिनेश कुमार सिंह ने माफिया देवेंद्र सिंह उर्फ गब्बर के खिलाफ रास्ते की भूमि पर अतिक्रमण कर भवन निर्माण कराए जाने सहित अन्य आरोप में मुकदमा कराया। मुकदमे की विवेचना कर रहे उप निरीक्षक उमेश चंद्र सिंह ने अंतिम रिपोर्ट लगा दी। विवेचना में दर्शाया कि मुकदमा कराने वाला अब कोई कार्रवाई नहीं चाहता। डीआइजी ने जांच कराकर सतही विवेचना कर अंतिम रिपोर्ट लगाने वाले दारोगा को निलंबित करने का आदेश दिया। इसी तरह हरदी थाना में तैनात रहे दारोगा अभिषेक वर्मा ने अवैध खनन मुकदमे की विवेचना आठ माह तक बिना कारण लंबित रखा था।

## भूमि विवाद का बने अलग रजिस्टर निस्तारण का दर्ज हो ब्योरा

**एसपी ने समाधान दिवस में सुनी शिकायतें, थाना प्रभारियों को तीन दिनों के अंदर समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश**

**जागरण टीम, गोंडा** : थाना व समाधान दिवस में आने वालों भूमि विवाद के मामले अलग से रजिस्टर बनाकर दर्ज किया जाए। पुलिस व राजस्व विभाग की टीम मौके पर जाकर जमीन संबंधी विवादों का निराकरण कराए और उसका पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज करें। पीड़ितों का मोबाइल नंबर भी रजिस्टर में अंकित किया जाए।

यह निर्देश पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने सभी थाना प्रभारियों को दिए। शनिवार को थानों में आयोजित समाधान दिवस में कुल 247 शिकायतें आईं। इनमें से 43 का निस्तारण मौके पर किया गया। अन्य समस्याओं का निस्तारण तीन दिन में करने का निर्देश अधिकारियों ने दिए।

नगर कोतवाली में नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता ने पीड़ितों की शिकायतें सुनीं। यहां जमीन विवाद संबंधी सबसे अधिक शिकायतें आईं। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे।वजीरगंज : एसडीएम तरबगंज शत्रुघ्न पाठक, क्षेत्राधिकारी संसार सिंह राठी ने समाधान दिवस में समस्याएं सुनीं। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कुल 14 शिकायतें आईं। इनमें आठ राजस्व विवाद से संबंधी थीं। दो का निस्तारण किया गया है।

थाने पर आए कटरा जगदीशपुर के राम सजीवन मौर्य कहना है कि रास्ते का विवाद करीब छह माह से चल रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद भी निस्तारण नहीं हो सका। नियामतपुर के बहादुर चौहान ने कहा कि वर्ष 2006 में उसे भूमि का पट्टा मिला था। अभी तक कब्जा नहीं मिला। कई बार शिकायत करने के बाद भी उसकी समस्या का निराकरण नहीं हो सका। **नवाबगंज** : समाधान दिवस में कुल 28 शिकायतें आईं। इनमें से चार का मौके पर निस्तारण किया गया। सहायक चकबंदी अधिकारी जितेंद्र कुमार वर्मा व प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी सहित अन्य कर्मियों ने समस्याएं सुनीं। चौखड़िया निवासी कृष्ण कुमार ने कहा उसकी भूमि पर गांव के दबंग कब्जा कर रहे हैं लेकिन, लेखपाल कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

### यहां आई 18 शिकायतें

**कटरावाजार** : थाना समाधान में नायब तहसीलदार अनीस सिंह ने जन शिकायतें सुनीं। कुल 18 शिकायतें आईं। इनमें से एक का निस्तारण मौके पर किया गया।

**अपने जिले व प्रदेश की अन्य खबरें www.jagran.com पर पढ़ें**

# समाधान दिवस में सुनीं शिकायतें

गोंडा। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना धानेपुर परिसर में क्षेत्राधिकारी सदर विनय कुमार सिंह ने मामलों की सुनवाई।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि 9 शिकायती पत्र आए। तीन शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। वजीरगंज थाने में उप जिलाधिकारी शत्रोहन पाठक, क्षेत्राधिकारी संसार सिंह राठी ने मामलों की सुनवाई की। 14 में से दो का निस्तारण किया गया। तरबगंज में 13 में से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। संवाद

# मारपीट में बुजुर्ग की मौत चार लोगों पर मुकदमा

**संसू, दतौली (गोंडा)** : जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल बुजुर्ग की मौत हो गई है। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा किया है।

धुसवाखास के बृजेश कुमार ने मनकापुर कोतवाली में एफआइआर कराई है। बृजेश के मुताबिक शुक्रवार को गांव के ही संतराम की जमीन पर विजय कुमार निर्माण कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी थी। पुलिस के जाते ही विजय कुमार, सूरज प्रताप, नितीश व प्रदीप आ गए और पुलिस बुलाने को लेकर दरवाजे पर बैठे पिता शिवशंकर पर हमला बोल दिया, इससे वह घायल हो गए। आसपास के लोगों के आने पर हमलावर भाग गए। रात में बुजुर्ग की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि मृतक के पुत्र के तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या समेत विभन्न धाराओं में मुकदमा किया गया है।

# लेनदेन के विवाद में पीटा, आठ पर केस

**वजीरगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के तुर्काडीहा टावर के हेल्पर टेक्नीशियन को शुक्रवार दोपहर में रुपये मांगने के विवाद को लेकर आठ व्यक्तियों ने मारापीटा। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

हर्षवर्धन निवासी पूरेडाढू पूरेमोती ने दर्ज कराए केस में आरोप लगाया कि शुक्रवार दोपहर में टावर पर काम कर रहा था। तभी शिवनरेश सिंह उर्फ बब्बुल निवासी चौखट, राम मूरत सिंह निवासी सेहरिया, अब्दुल हसन, रमेश सिंह, आनन्द सिंह निवासी चौखट तथा तीन अन्य व्यक्तियों ने रुपये मांगने के विवाद को लेकर उसे मारापीटा। जिससे गंभीर चोटें आई हैं। मोबाइल तोड़कर नष्ट कर दिया । थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध बलवा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# दो पक्षों में मारपीट

**वजीरगंज (गोंडा)।** बरईपारा निवासी संजय कुमार गुप्ता ने थाने पर तहरीर दी है। कहा कि शनिवार सुबह 6 बजे पुरानी रंजिश के चलते भोले व शिवचरन ने अभद्रता करते हुए लाठी-डंडे से उसकी पिटाई कर दी।

वहीं दूसरे पक्ष के शिवसरन ने दी तहरीर में कहा कि झगड़े को लेकर नीबर, संजय कुमार, सुषमा, जयश्री ने अभद्रता कर लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। उसका बेटा सत्यनाम, बहू बिट्टू, सीतापति, गुड़िया बीच बराव कराने आए तो उनकी भी पिटाई कर दी गई । थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों का केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# अवैध कब्जा हटवाने की मांग

**वजीरगंज (गोंडा)।** नगवा की ग्राम प्रधान अंजू देवी ने उप जिलाधिकारी तरबगंज को पत्र देकर ग्राम पंचायत में गोशाला निर्माण के लिए चिन्हित जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। कहा कि कई लोगों ने कब्जा कर लिया है। आरोपी जान से मार डालने की धमकी दे रहे हैं। (संवाद)

# आपसी विवाद में मारपीट, केस दर्ज

**मनकापुर (गोंडा)।** आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने एक महिला के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया है।

क्षेत्र के ग्राम कुड़वा जंगली निवासी श्यामू ने दी तहरीर में कहा कि गांव की ही रहने वाली राम दुलारी आपसी विवाद को लेकर अभद्रता करने लगी। मना करने पर मारापीटा। मां विमला देवी बीचबचाव करने आई तो उनकी पिटाई कर दी। जिसमें दोनों लोगों को चोटें आई है।

वहीं, दूसरे पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने श्यामू व मां विमला के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज किया है। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# पिटाई का आरोप

**कटरा बाजार (गोंडा)।** थाना कटरा बाजार क्षेत्र के ग्राम पंचायत टेढ़ी की रहने वाली प्रीति सिंह ने 9 नवंबर को आयुक्त को शिकायती पत्र देकर घरेलू हिंसा की शिकार होने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व उसकी शादी हिंदू रीति रिवाज से बलजीत सिंह निवासी ग्राम पंचायत टेढ़ी के साथ हुई थी। 6 नवंबर को वह गांव आ रही थी। गांव पहुंची तो उसका पति चार लोगों के संग मिलकर उसे लाठी-डंडे से पीटा। (संवाद)

# अवैध शराब बनाने में दोषी को एक साल की सजा

गोंडा। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राजबहादुर रामदेव यादव ने अवैध शराब बनाने के कारोबार में लिप्त अभियुक्त को एक साल सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अवनीश धर द्विवेदी के अनुसार 12 मार्च 2021 को थाना परसपुर की पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम धनावा निवासी नफादीन को झिंगाही पुल के पास से शराब बनाते हुए पकड़ा और उसके पास से अपमिश्रित कच्ची शराब, यूरिया, नौसादर आदि बरामद किया था।

पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और पुख्ता साक्ष्य मिलने पर आरोपी नफादीन के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने आरोपी नफादीन को दोषसिद्ध किया। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राजबहादुर रामदेव यादव ने अभियुक्त नफादीन को एक साल का सश्रम कारावास व 10 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। संवाद

# चौराहों पर लगवाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

करनैलगंज (गोंडा)। जिले के सभी मुख्यमार्गों व चौक-चौराहों को कैमरे से लैस किया जाएगा। करीब 300 से अधिक स्थलों का चयन किया गया है। अपराध व अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने तैयारी शुरू हो गई है।

शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों, प्रमुख स्थानों, चौराहों, तिराहों पर आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने का आदेश जारी किया गया है। एसपी के पत्र पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिले के समस्त खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित जिम्मेदार लोगों को पत्र भेजकर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों के साथ -साथ ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख स्थलों पर जन सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगवाने की तैयारी में पुलिस, प्रशासन व विकास विभाग के अधिकारी व कर्मचारी लग गए हैं। (संवाद)

# 49 पुलिस कर्मी लाइन हाजिर, मिली चेतावनी

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** थानों में कई सालों से जमे पुलिस कर्मियों के साथ ही लापरवाह पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की गाज गिरी है। 15 थानों के 49 पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक ने थाने से लाइन में तैनाती की है। एसपी आकाश तोमर ने ऐसे पुलिस कर्मियों को चेतावनी दी है कि लापरवाही पर बड़ी कार्रवाई होगी।

शुक्रवार को डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल ने ऐसे पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जो काफी समय से एक ही थानों में जमे हैं या फिर उनकी शिकायतें आ रहीं हैं। पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए थे। जिसमें फर्जी मुकदमों के लिखाए जाने के साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी में लापरवाही बरते जाने पर कड़े तेवर अपनाए थे। पुलिस कर्मियों की मिलीभगत से अवैध कटान, खनन या विवाद किए जाने की बात सामने आने पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

पुलिस अधीक्षक ने पहले ही अपने स्तर से की गई समीक्षा में थानों की पुलिस को निर्देश दिए थे। इस कार्रवाई से पुलिस महकमें में खलबली मची है। वहीं थानों से आरक्षियों के लाइन हाजिर किए जाने के बाद अब बड़े फेरबदल की उम्मीद भी बढ़ गई है। पुलिस लाइन, डायल - 112, न्यायालय सुरक्षा में कई महीनों से ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों को उम्मीद है कि अब उन्हें थाने में तैनाती का अवसर मिल सकता है।

### 15 थानों पर की कार्रवाई, डीआईजी ने दिए थे लापरवाह व सालों से जमे पुलिस कर्मियों को हटाने का निर्देश

### पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को की कार्रवाई, थानों में मची खलबली

" - थानों से जिन पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है, वह तत्काल थानों से लाइन में कार्यभार ग्रहण करें। सभी थानाध्यक्षों से रिपोर्ट मांगी गई है।

**- आकाश तोमर,** पुलिस अधीक्षक

## इन्हें भेजा गया थाने से पुलिस लाइन

पुलिस अधीक्षक ने थानों में तैनात पुलिस कर्मियों में लाइन हाजिर किया है। जिसमें आरक्षी नागेन्द्र यादव, कमलेश यादव, सरवन मिश्रा, शैलेश कुमार, वीरेन्द्र कुमार, बरकत अली, विद्यासागर, धीरेन्द्र सिंह, अर्जुन साहू, राम अवतार यादव, रामजी शुक्ल, स्वामीनाथ, राकेश यादव, नवनीत शुक्ला, संतोष कुमार पांडेय, विशाल भारती, बृजेश कुमार, विवेक कुमार, रणजीत यादव, आशुतोष सिंह, गुड्डू कुमार, प्रवीण कुमार, जितेन्द्र कुमार राना, संदीप प्रजापति, अखिलेश यादव, आनंद यादव, बृजेश यादव, विवेक वर्मा, जफर हैदर, संजय यादव, लाल बहादुर, शेषनाथ यादव, हरिकेश यादव, चन्द्रगुप्त मौर्य, राजनारायन, पंकज कुमार गौड़, आशिष मिश्रा, इन्द्रजीत, सूरज यादव, वीरेंद्र यादव, रवि कुमार यादव, सूर्यभान यादव, चंदन कुमार गौड़, योगेन्द्र कुमार, रजत कुमार, आनंद कुमार, सुनील कुमार को लाइन हाजिर किया है। वहीं मुख्य आरक्षी ज्ञानदेव यादव को भी लाइन हाजिर किया है।

# फिर आए बदमाश, बाइक छोड़ भागे

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** कटरा बाजार क्षेत्र के छिटनापुर गांव में गुरुवार देर रात चौकीदार को बंधक बनाकर लूट की वारदात के चौबीस घंटे बाद ही शुक्रवार रात दोबारा बदमाशों ने गांव में धावा बोला। डकैती के बाद रात में रखवाली कर रहे ग्रामीणों ने रोका तो बदमाश बाइक व बैग छोड़कर भाग निकले। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची और बाइक व बैग थाने ले आई है। बाइक के सहारे पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है।

थाना कटरा बाजार क्षेत्र के छिटनापुर गांव में बालपुर-कटरा मार्ग स्थित अशोक कुमार मिश्र के घर में गुरुवार रात घुसे आधा दर्जन बदमाशों ने चौकीदार रामसागर के हाथ पैर बांधकर घर में रखी 70 हजार रुपये नकदी व चार लाख के गहने लूट लिए थे। बता दें कि बदमाशों ने चौकीदार को दोबारा आने की धमकी भी दी थी। इस वारदात के बाद गांव के लोग लाठी-डंडा लेकर शुक्रवार रात रखवाली कर रहे थे।

ग्रामीणों के मुताबिक, शुक्रवार देररात दो बदमाश अलग-अलग बाइकों से

## छिटनापुर गांव में चौकीदार को बंधक बना बदमाशों ने डाली थी डकैती

## लावारिस बाइक व बैग को ले गई पुलिस जांच में जुटी

आए। इसके बाद बाइक खड़ी करके गन्ने के खेत से एक बैग से सामान निकाल रहे थे। गांव वालों की नजर जब बदमाशों पर पड़ी तो रोकने का प्रयास किया।

तभी एक बदमाश तो बाइक समेत भाग निकला, जबकि ग्रामीणों से घिरा देखकर दूसरा बदमाश बाइक व बैग छोड़कर गन्ने के खेत में घुस गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गन्ने के खेतों में तलाश की, मगर पता नहीं चल सका। पुलिस बाइक व बैग को थाने ले आई है।

बताया जा रहा है कि बदमाश जो बैग छोड़कर भागे हैं। वह अशोक कुमार मिश्र के घर से लूटा गया था। बैग में कपड़ों के सिवा कुछ नहीं मिला। पुलिस बाइक के नंबर के सहारे बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। मामले में अशोक कुमार मिश्र ने थाना कटरा बाजार में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शनिवार सुबह अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सीओ करनैलगंज मुन्ना उपाध्याय व एसओजी टीम ने मौके पहुंची और गांव वालों से जानकारी ली। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बाइक के नंबर का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

## बाइक की चेचिस व इंजन से होगी तलाश

**गोंडा।** छिटनापुर गांव में शुक्रवार की देररात ग्रामीणों से घिरा देकर बाइक छोड़कर भागे बदमाशों की तलाश अब पुलिस बाइक पर मिले चेचिस व इंजन नंबर के सहारे करेगी। बाइक पर पंजीयन नंबर साफ नजर नहीं आ रहा है। फिलहाल बाइक का पंजीयन लखनऊ को होना बताया जा रहा है। नंबर प्लेट पर आधा नंबर ही है, यूपी 32 के बाद कौन सा नंबर लिखा है। ये साफ नजर नहीं आ रहा है। संवाद

# झाड़ी में मिली नवजात बच्ची

बेलसर (गोंडा)। आजाद नगर कस्बे के समीप झाड़ी में शनिवार को एक नवजात बच्ची पड़ी मिली। सूचना पर पहुंचे सीएचसी अधीक्षक व थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और बच्ची का लाकर सीएचसी में भर्ती कराया गया।

आजाद नगर कस्बे से निहालपुर जाने वाले रास्ते के पास झाड़ी में नवजात बच्ची के रोने की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ लग गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक व सीएचसी अधीक्षक सतपाल सोनकर मौके पर पहुंचे और बच्ची को लाकर सीएचसी में भर्ती कराया। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-11-2022

# चोरी की सात बाइक के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर, संवाददाता। तुलसीपुर पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास चोरी की सात मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। धरपकड़ व बरामदगी तुलसीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जरवा मार्ग स्थित नकटी नाला के निकट शुक्रवार दोपहर दो बजे हुई है।

कुछ महीनों से जिले में बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ी है। खास तौर पर तुलसीपुर, थाना कोतवाली देहात, हरैया सतघरवा, गैसड़ी व पचपेड़वा थाना क्षेत्र बाइक चोरों के निशाने पर है। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बाइक चोर गिरोह को पकड़ने के लिए एसपी नम्रता श्रीवास्तव, तुलसीपुर सीईओ कुंवर प्रभात सिंह व तुलसीपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह को विशेष रूप से सक्रिय किया था।

# जिले में आए 112 मामले 55 का निस्तारण हुआ

## समाधान दिवस

बलरामपुर, संवाददाता। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिले में सभी थानों पर मिलाकर 112 मामले आए, जिसमें से 55 का निस्तारण मौके पर किया गया। थाना कोतवाली नगर में उप जिलाधिकारी सदर राजेंद्र बहादुर के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 12 प्रार्थना पत्र के सापेक्ष छह मामले का मौके पर निस्तारण किया गया।

सदर एसडीएम ने बताया कि समाधान दिवस में 12 मामले आए थे, जिनमें से छह मामलों में दोनों पक्षों को बुलाकर निस्तारण करा दिया गया। शेष शिकायती पत्रों की जांच कराकर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर लेखपाल बच्चा राम, रोहित कुमार, नगर पालिका से राजेश गुप्ता, उप निरीक्षक स्वतंत्र गुप्ता, श्रवण चंद सिंह, पंकज कुमार पांडेय, नीरज तिवारी सहित कई अधिकारीगण मौजूद रहे। वहीं थाना देहात के समाधान दिवस में एएसपी नम्रता श्रीवास्तव को सावित्री ने अपनी फरियाद सुनाई। कहा कि उनकी दो बीसवा जमीन पर गांव के ही उदित नरायन ने कब्जा कर लिया है। एएसपी के निर्देश पर सम्बंधित लेखपाल व पुलिस टीम सावित्री के गांव पहुंची। पैमाइश कर सावित्री के हिस्से की जमीन उन्हें वापस दिलाई। बैठोले ने एएसपी को बताया कि गांव के ही कुछ लोग आए दिन गालियां देते हैं। मना करने पर जान से मारने की धमकी भी देते हैं। पांच लोगों को थाने लाकर पुलिस ने उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की। इसी तरह महराजगंज तराई के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने आठ मामले निस्तारित कराए। क्षेत्रीय लेखपाल व पुलिस टीम भेजकर दो स्थानों पर अवैध कब्जा हटवाया गया।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को थाना कोतवाली नगर की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि वादी मुकदमा के तहरीर पर तेंदुई निवासी गोविंद चौहान पुत्र धर्मराज चौहान के विरुद्ध दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी द्वारा की जा रही थी।

# मारपीट और चोरी में दो को गिरफ्तार किया

ललिया। हर्रैया थाना की पुलिस ने मारपीट करने के साथ चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी थाना निरीक्षक रमाकांत तिवारी ने बताया कि थाना वनकटवा गांव निवासी सहज राम व परसपुर कमदा गांव निवासी आरोपी जागबली को मारपीट के साथ चोरी के आरोप कार्रवाई की गई है।

# लोक अदालत में मामलों का निस्तारण हुआ

बलरामपुर। जनपद न्यायाधीश जिला विधिक प्राधिकरण अध्यक्ष लल्लू सिंह की अध्यक्षता में न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि फौजदारी, राजस्व, उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, वैवाहिक, भरण पोषण तथा अन्य प्रकार के वादों का निस्तारण कराया गया है।

# पेशकार न होने से बैरंग लौट रहे वादकारियों में आक्रोश

**संवादसूत्र, उतरौला (बलरामपुर) :** तहसीलदार न्यायालय में कई दिनों से पेशकार के न आने से बैरंग लौट रहे वादकारियों में आक्रोश है। अधिवक्ता संघ उतरौला महामंत्री गयासुद्दीन ने बताया कि 11 बजे तक कोई नोटिस चस्पा नहीं है, जिसके कारण वादकारियों को तिथि बताने में दिक्कत हो रही है।

कुछ शिकायतकर्ताओं ने बताया कि जमीन संबंधी विवाद को लेकर प्रार्थना पत्र देना है, लेकिन कोई लेने वाला मौजूद नहीं है। पिछले कई दिनों से समस्या बनी हुई है, जिसे लेकर अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा से मुलाकात कर समस्या सुलझाने का अनुरोध किया। लगातार कई दिनों से पेशकार न होने से न्यायालय बंद है। अधिवक्ताओं का कहना है कि पेशकार, तहसीलदार या कोई पीठासीन अधिकारी के रहने पर भी कार्यालय खुला रहना चाहिए। जिससे न्यायालय पर पत्रावली का अवलोकन और मुकदमे की तिथि देने के लिए खुला रहना चाहिए जबकि यह पूरी तरह से बंद है। तहसीलदार रामाश्रय ने बताया कि पेशकार की माता का देहांत हो जाने के कारण वह छुट्टी पर हैं।

# चोरी की सात बाइकों के साथ चार गिरफ्तार

## तुलसीपुर थाने की पुलिस ने पकड़ा बाइक चोर गिरोह निशानदेही पर जब्त किए गए वाहन

**संवाददसूत्र, बलरामपुर :** तुलसीपुर थाने की पुलिस ने बाइक चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है। चोरी की सात बाइकों के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान तुलसीपुर के सेखुइनिया कला निवासी जगदीश प्रसाद जायसवाल उर्फ संजय, विलोहा बनकसिया के संतोष कुमार, गनवरिया निवासी वहीद खान व गुलहरिया घाट के गुलशन जायसवाल उर्फ टाइगर के रूप में हुई है।

अपर पुलिस अधीक्षक नमिता श्रीवास्तव ने बताया कि वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रहीं हैं। इस पर शिकंजा कसने के लिए टीम गठित कर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तुलसीपुर थाना की पुलिस ने बड़ी सफलता हासिलत की है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जगदीश प्रसाद जायसवाल, संतोष कुमार, वहीद खान व गुलशन जायसवाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान चारों ने वाहन चोरी की बात स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर विलोहा गांव के पास कल्पनाथ के खेत में पुआल में छुपाकर रखी चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।



अन्य चार बाइकें नकटी नाला के आगे काशीराम मनकौरा जाने वाले मोड़ के पास से बरामद की गईं हैं। बाइकों की चोरी के मामले विभिन्न थानों में दर्ज थे। वाहन चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पकड़े गए बाइक चोरों की आपराधिक पृष्ठभूमि खंगाली जा रही है। सभी अभियुक्तों को न्यायालय रवाना किया गया है। पुलिस टीम में अतिरिक्त निरीक्षक विजय कुमार सिंह, उपनिरीक्षक उपेंद्र यादव, मूलचंद, हेड कांस्टेबल अमित कुमार गुप्त, रमेश प्रसाद, कांस्टेबल विजय कुमार पांडेय, उत्तम कुमार, अखिलेश भारती, आशीष कुमार, सुमित शर्मा, जय सिंह शामिल रहे।

बढ़ाओ शान...
आयुर्वेदिक



# बेसहारा जानवरों का आतंक

**सादुल्लाह्नगर :** बेसहारा जानवर के आतंक से किसान परेशान हैं। सड़कों पर बैठे रहने से दुर्घटनाएं हो रही हैं। हैं। सुकई वर्मा, राकेश जायसवाल, विनय कुमार, राजू मिश्र व अरविंद ने बताया कि रेहरा बाजार में नथईपुर कानूगो, विशुनपुर, अचलपुर चौधरी व राम्पुर अरना गांव में बेसहारा जानवरों से लोग परेशान हैं। (संसू)

# मेस का उद्घाटन, 50 चौकीदारों को बांटे ड्रेस

**संवादसूत्र, पचपेड़वा (बलरामपुर)** : थाना परिसर में 50 कुर्सियों के सुसज्जित माडल मेस का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने पूजा अर्चना कर किया।

उन्होंने कहा कि देवीपाटन मंडल का पहला मेस है, जो प्रभारी निरीक्षक आलोक राव के प्रयासों और जन सहयोग से 10 माह में तैयार किया गया है। इस मौके पर 50 चौकीदारों को ड्रेस व कंबल वितरित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी कुंवर प्रभात सिंह ने प्रभारी निरीक्षक ने लोगों के सहयोग की प्रशंसा की। समारोह में क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर आलोक कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज मझगवां आशीष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक नीरज सिंह, डा. इश्तियाक अहमद खान, कारसाज अहमद, डा. गयासुद्दीन खान, डा. जावेद व डा. सुनील यादव मौजूद रहे।

# 28429 वाद राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटे

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें फौजदारी, राजस्व, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, वैवाहिक व भरण-पोषण समेत कुल 28429 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया गया। जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद न्यायाधीश ने एक सिविल व दो फौजदारी वादों का निस्तारण किया। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण ने कुल 17 वादों का निस्तारण कर 64 लाख प्रतिकार धनराशि जारी करने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने 19 भरण पोषण एवं 10 एक वैवाहिक वादों का निस्तारण किया। तहसील विधिक सेवा समितियों में फौजदारी के 320 वाद, राजस्व के 545 वाद, प्री लिटिगेशन स्तर पर 25776 वाद एवं 491 बैंक वाद का निस्तारण किया गया।

# समाधान दिवस में सिर्फ आश्वासन से चला रहे काम

**बलरामपुर।** भीखपुर के इब्राहिम फरियाद लेकर कोतवाली देहात आए थे। उनका कहना था कि वह खेत की पैमाइश कराने के लिए परेशान हैं। तीन बार प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। मगर समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

कलंदरपुर के लालता प्रसाद का कहना था कि उनके खेत के बगल की ग्राम समाज की जमीन का एक व्यक्ति ने पट्टा करा लिया है। अब वह उनकी जमीन पर कब्जा कर रहा है। ये चंद मामले कोतवाली देहात में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में आए। यहां कुल 16 मामले आए, इसमें से तीन का ही मौके पर निस्तारण हुआ।

एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने यहां फरियादियों के समस्याओं की सुनवाई की। कहा कि राजस्व व पुलिसकर्मी मिलकर समस्या का निराकरण कराएं।

कोतवाली नगर में आईं चार में से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। गौरा चौराहा में आयोजित समाधान दिवस में कुल 12 मामले आए, इनमें से पांच का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सात शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को जिम्मेदारी दी गई है। (संवाद)

# चार वाहन चोर दबोचे, सात बाइक बरामद

**बलरामपुर।** पुलिस ने वाहन चोरों के गैंग का भंडाफोड़ कर चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की सात बाइक बरामद हुई हैं। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि तुलसीपुर इंस्पेक्टर अवधेश राज सिंह की टीम ने तुलसीपुर के सेखुइनिया कला निवासी जगदीश प्रसाद जायसवाल, विलोहा बनकसिया के संतोष कुमार, कर्बला के वहीद खान व गुलहरिया घाट के गुलशन जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर तुलसीपुर से चुराई गई पांच व कोतवाली देहात व गैसड़ी से चुराई गई एक-एक बाइक बरामद की है। एएसपी ने बताया कि पकड़े गए चारों आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। (संवाद)

# 1100 कर्मचारी कराएंगे निकाय चुनाव

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बलरामपुर।** निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। निकाय चुनाव में 1100 कर्मचारी लगाए जाएंगे। इसके लिए विभागों से कर्मचारियों का विवरण मांगा गया है। साथ ही मतदाता सूची को लेकर आई शिकायतों का भी परीक्षण किया जा रहा है।

बलरामपुर नगर पालिका परिषद में 25, उतरौला में 25, तुलसीपुर में 15, गैसड़ी में 15, पचपेड़वा में 16 वार्डों में चुनाव होना है। वार्डों का आरक्षण तैयार करके स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जा चुका है। सभी 96 वार्डों में मतदान के लिए 222 बूथ बनाए गए हैं। एक बूथ पर चार कर्मचारी नियुक्त किए जाने हैं। ऐसे में 888 कर्मचारियों की आवश्यकता होगी। अन्य कर्मचारी रिजर्व में रखे जाएंगे।

सीडीओ संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि चुनाव ड्यूटी के लिए विभिन्न विभागों के 1100 कर्मचारियों की फीडिंग कराई जा रही है। वहीं, मतदाता सूची को लेकर आई 5793 शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को लगाया गया है।

# बालिकाओं को आत्मरक्षा की दें जानकारी

**बलरामपुर।** एसपी कार्यालय में स्टूडेंट पुलिस कैडेट की बैठक आयोजित की गई। सीओ राधारमण सिंह ने कहा कि बालिकाओं को आत्मरक्षा की जानकारी दी जाय। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाय। बैठक में प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार यादव, नीलम गौड़, ज्ञान कुमार, सुजीत कुमार मौजूद रहे। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 13-11-2022

# 32 वादों का निपटारा, 29.37 लाख जमा हुआ

बहराइच, संवाददाता। राष्ट्रीय लोक अदालत में मंगलवार को डीएम के पटल पर 32 मामले रखे गए।

डीएम ने सभी मामलों से जुड़े अभिलेखों का परीक्षण कर उनका निपटारा किया। स्टांप कमी के मामलों को निपटाकर 29.37 लाख रुपये राजस्व में भी जमा कराया। वाद निस्तारित कराने के लिए वादकारियों की भीड़ परिसर में जुटी रही।

राष्ट्रीय लोक अदालत पर डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र के पटल पर 20 राजस्व, 11 स्टाम्प वाद व एक सरफेसी वाद कुल 32 वाद रखे गए। डीएम ने सभी वादों से जुड़े पक्षकार अधिवक्ताओं की दलीलों को सुना। वाद से जुड़े अभिलेखों को परीक्षण किया। उन्होंने स्टांप कमी के मामले को गंभीरता से लिया। इन वादों का निस्तारण कर उन्होंने 29,37, 251 की धनराशि को जमा कराया। लोक अदालत में नियत वादों में पक्षों के अधिवक्ता व जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) अजय शर्मा व विशेष अधिवक्ता (राजस्व) अतुल गौड़ मौजूद रहे।

## जला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत का किया शुभारंभ

बहराइच। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को जिला जज उत्कर्ष चतुर्वेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्ट अर्पित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। जिला जज ने प्रधान न्यायाधीश शेषमनी, चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र /विशेष जज सुरजन सिंह, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम प्रकाश पाण्डेय, विशेष जज राकेश कुमार, तृतीय अपर जिला एवं सत्र जज इंद्र प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# मुर्तिहा के दरोगा को लाइन हाजिर किया

बहराइच। एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने मुर्तिहा कोतवाली की अमृतपुर पुरैना पुलिस चौकी प्रभारी राधेश्याम यादव को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। दरोगा पर आरोप था कि एक पीड़ित पत्नी के साथ मंगलवार रात तहरीर लेकर पहुंचा, तो दरोगा ने उसकी पिटाई कर दी। पत्नी ने विरोध जताया तो उसे भी गालियां दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। हिन्दुस्तान ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

मुर्तिहा कोतवाली के अमृतपुर पुरैना निवासी मनोज कुमार पुत्र रमाकांत का गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हो गया था। पीड़ित इसकी तहरीर लेकर मंगलवार रात 11 बजे अमृतपुर पुरैना पुलिस चौकी पहुंचा, उसके साथ पत्नी भी थी। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस चौकी प्रभारी तहरीर पाते ही भड़क उठे। उन्होंने उसकी डंडे से पिटाई कर दी। पत्नी ने विरोध किया, तो उसे गालियां दी। वह वापस घर चला आया, बुधवार सुबह वह सीओ मिहींपुरवा कार्यालय पहुंचा। उसने दरोगा की अभद्रता की शिकायत की है।

# एसपी ने चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर किया

**संसू, मुर्तिहा/मिहींपुरवा** : पांच दिन पूर्व मुर्तिहा कोतवाली के अमृतपुर पुरैना निवासी मनोज कुमार अपनी पत्नी के साथ चौकी में तहरीर देने गए थे। इस दौरान चौकी इंचार्ज राधेश्याम यादव पीड़ित पर भड़क उठे। पत्नी के सामने ही उसको अपशब्द कहने लगे, जिसका दंपति ने विरोध किया। इससे नाराज चौकी इंचार्ज ने पीड़ित की पिटाई कर दी। घटना का किसी ने वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। एसपी ने चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया है।

# फंदे से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

## बौंडी गांव की घटना, एक सप्ताह से रह रहा था ननिहाल में पुलिस कर रही जांच

**संसू, बौंडी (बहराइच)** : ननिहाल आए एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटकता पाया गया। स्थानीय लोगों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है।

इलाके के कोदही गांव निवासी 24 वर्षीय गोविंद की बौंडी गांव निवासी हृदय पांडेय के यहां ननिहाल है। एक सप्ताह पूर्व वह अपने नाना के घर आया था। शनिवार को युवक जब घर पर नजर नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू की गई। इस दौरान कुछ ग्रामीण घाघरा नदी के स्पर नंबर दो की तरफ अपने खेत जा रहे थे। ग्रामीणों ने गोविंद का शव पीपल के पेड़ में साड़ी से लटका हुआ देखा। घटना की जानकारी होते ही ननिहाल के लोग भी मौके पर पहुंचे गए। सूचना मृतक के परिवारजन को दी गई। कुछ ही देर सभी मौके पर पहुंच गए। बेटे का शव फंदे से लटका देख परिवारजन में कोहराम मच गया।


ग्रामीणों की घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही बौंडी थाने के प्रभारी थानाध्यक्ष गोपाल तिवारी, एसआई राम आशीष यादव, सर्वदेव सिंह, विकास वर्मा के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। लोग दबी जुबान से युवक की हत्या की आशंका जता रहे हैं। प्रभारी एसओ ने बताया कि मृत युवक के पिता जगदंबा की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। उन्होने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण भी स्पष्ट हो जाएगा।



मृतक गोविंद (फाइल फोटो)



युवक का फंदे से लटका शव बरामद होने के बाद जांच करते पुलिसकर्मी ● जागरण



# नए सिरे से चिह्नित होंगी गब्बर की संपत्तियां

## माफिया पर मेहरबानी से भड़के डीआईजी, कार्रवाई का निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** प्रदेश में टॉप 50 की माफिया सूची में शामिल माफिया देवेंद्र सिंह (गब्बर सिंह) व उसके गैंग पर जिला पुलिस की खास मेहरबानी देख डीआईजी देवी पाटन मंडल भड़क उठे।

उन्होंने इस पर नाराजगी जताते हुए माफिया गब्बर व उसके गैंग से जुड़े लोगों की चल अचल संपत्तियों को नए सिरे से सत्यापित कर कुर्क करने का निर्देश एसपी को दिया। पुलिस उपमहानिरीक्षक उपेंद्र अग्रवाल बीते शुक्रवार को गोंडा में हुई मंडलीय समीक्षा में हिस्सेदारी कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि पूरा मामला हाई प्रोफाइल होने के कारण शासन स्तर पर इसकी नियमित तौर पर मानीटरिंग भी हो रही है। इसके बावजूद जिला पुलिस द्वारा माफिया गब्बर व उसके गैंग से जुड़े लोगों पर कार्रवाई को लेकर शिथिलता बरतना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा।

डीआईजी ने कहा कि शासन स्तर पर चिह्नित टॉप 50 माफियाओं पर की जा रही कार्रवाई से जुड़ी साप्ताहिक प्रगति आख्या भी अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था को भेजी जाती है। इसके बावजूद सूची में शामिल माफिया देवेंद्र सिंह उर्फ गब्बर के खिलाफ कुर्की की अपेक्षित कार्रवाई तो दूर जिला पुलिस अभी तक उसकी जिले व जिले से बाहर फैली अथाह संपत्ति तक चिह्नित तक नहीं कर पाई है।

### प्रदेश की टॉप 50 की माफिया सूची में देवेंद्र (गब्बर) का नाम



गब्बर सिंह का होटल। -संवाद (फाइल फोटो)

डीआईजी ने इस बात पर भी नाराजगी जताई की आरोपी के खिलाफ लंबित विवेचनाओं में भी लापरवाही बरती जा रही है।

उन्होंने इसमें तेजी लाने के साथ ही उसके गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों की भी पहचान कर उन पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीआईजी के इस सख्त रुख को देखकर माफिया गब्बर सिंह के गैंग से जुड़े सदस्यों से लेकर उसे सरंक्षण देने वाले सफेदपोशों में भी हड़कंप है।

एसपी केशव चौधरी ने बताया कि माफिया गब्बर के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। उसके साथ ही गैंग से जुड़े अन्य साथियों की चल अचल संपत्ति को भी नए सिरे से सत्यापित कर इसकी सूची बना कर उन्हें कुर्क कराए जाने की कार्रवाई भी जल्द ही होगी। गैंग से जुड़े किसी भी सदस्य को बख्शा नहीं जाएगा।

**लापरवाही पर निलंबित हो चुके दो दरोगा :** जिला पुलिस पर आरोप लगता रहता है कि वह जानबूझ कर गब्बर व उसके गैंग से जुड़े लोगों को बचाने की कोशिश करती है। जिले के कुछ अफसरों व सफेदपोश जनप्रतिनिधियों का संरक्षण मिलने के कारण ही माफिया गब्बर सिंह द्वारा जुटाई गई अकूत भू संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई भी काफी सुस्त है।

पुलिस अब तक माफिया गब्बर सिंह की संपत्ति में से 85 करोड़ की लागत से बना बंधन होटल व मैरिज लॉन व 25 करोड़ से बनी मार्केट की दुकानें ही कुर्क कर सकी है। गब्बर से जुड़े केस की विवेचना में जिला पुलिस के स्तर से बरती जाने वाली लापरवाही के कारण ही डीआईजी पूर्व में दो दरोगाओं पर कार्रवाई कर उन्हें निलंबित भी कर चुके हैं।

**श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर व अयोध्या तक मुकदमें :** मोहनमाफी गांव निवासी माफिया देवेंद्र सिंह उर्फ गब्बर सिंह जिला पंचायत सदस्य भी है। इसके खिलाफ 1992 से लेकर अब तक 47 मुकदमे दर्ज हैं। यह मुकदमे श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर व अयोध्या जिले से जुड़े अलग अलग पुलिस थानों में दर्ज है। इनमें कूटरचित दस्तावेज तैयार करके सरकारी जमीन पर कब्जा करने व गरीब लोगों को बंधक बनाकर जमीन की खरीद फरोख्त से जुड़े दर्जनों मामले शामिल हैं। अकेले पयागपुर थाने में ही गब्बर के खिलाफ छह मुकदमे हैं।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-11-2022

# पुलिस ने सुरक्षा का जायजा लिया

**श्रावस्ती।** अपराध व अराजकों से निपटने के लिए पुलिस लगातार रूटीन गश्त कर सुरक्षा का जायजा ले रही है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी क्षेत्राधिकारी, थाना व चौकी प्रभारियों ने क्षेत्र में पैदल गश्त किया। गश्त के दौरान पुलिस ने सुरक्षा का जायजा लिया। साथ ही व्यापारियों से बातचीत कर सुरक्षा की जानकारी ली। साथ ही उन्हें किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के दिखने या सुरक्षा संबंधी समस्या होने पर पुलिस को सूचित करने की सलाह दी।

### अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 5331 मामले निपटे

आयोजन



### पुलिस ने दुष्कर्म के दो वांछित गिरफ्तार कर जेल भेजे

# फरार आरोपित गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** गिलौला पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लेंगडी मोड़ के पास से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे घोरमा परसिया के दिनेश कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद न्यायालय के माध्यम से आरोपित को जेल भेज दिया। (वि.)

# जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**श्रावस्ती :** भिनगा नगर के हनुमानगढ़ी मुहल्ला निवासी राजेश कुमार ने एक व्यक्ति पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उन्हें लगातार दबंग लोगों की ओर से धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की है। (वि.)

# सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने का माध्यम लोक अदालत : जिला जज



दीवानी न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में लगे बैंकों के स्टाल पर जुटे वादकारी ● जागरण

**जासं, श्रावस्ती :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को दीवानी न्यायालय समेत सभी राजस्व न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। दीवानी न्यायालय में जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया। जिला जज ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आमजन को सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने का एक सशक्त माध्यम है। सभी लोग इसका लाभ उठाएं।

जिला जज ने कहा कि न्याय के इस महापर्व में सभी लोग सहभागी बनें। इस दौरान विभिन्न बैंकों की ओर से स्टाल लगाए गए थे। जिला जज ने सभी स्टालों का जायजा लेकर मामलों के निस्तारण की स्थिति जानी। इस दौरान सुलह-समझौते के आधार पर मामले निस्तारित किए गए। एडीजे अजय कुमार सिंह, एडीजे उमेश कुमार, एडीजे सुदामा प्रसाद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट करुणा सिंह, प्राधिकरण के सचिव मृत्युंजय श्रीवास्तव, सिविल जज अनिल कुमार, एडीएम डीपी सिंह, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, एलडीएम जीतेंद्र कुमार श्रीवास्तव, डीजीसी दिनेश कुमार शुक्ल, दयाराम मौजूद रहे।

# 47 शिकायतों में सिर्फ आठ निस्तारित

## समाधान दिवस : शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के दिए गए निर्देश

**जागरण टीम, श्रावस्ती :** भिनगा कोतवाली समेत सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजिन किया गया। कुल 47 प्रार्थना पत्र आए। इनमें से मौके पर सिर्फ आठ का ही निस्तारण हो सका। एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने सोनवा व गिलौला थाने में शिकायतें सुनीं। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनें व समय सीमा में निस्तारित कराएं।

एएसपी ने कहा कि समाधान दिवस में आईं भूमि विवाद की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए। राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण करें। समाधान दिवस में आईं छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करें। मौके पर जाकर निस्तारण कराएं।



गिलौला थाने में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते एएसपी प्रवीण कुमार यादव (दाएं) ● जागरण

क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार चौबे ने मल्हीपुर व सीओ महेंद्र पाल शर्मा ने इकौना थाने में शिकायतें सुनीं। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सतीश कुमार शर्मा ने सिरसिया थाने में आए फरियादियों की समस्याएं सुनी। गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण के लिए मातहतों को निर्देशित किया गया। सोनवा थाने में 10 शिकायतों में से तीन, मल्हीपुर थाने में छह में से एक, गिलौला थाने में आठ में से तीन, सिरसिया थाने में तीन में से एक शिकायत का निस्तारण किया गया है। भिनगा कोतवाली में छह व इकौना में 14 शिकायतें आईं। यहां एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। श्रावस्ती थाने में तो एक भी शिकायत नहीं आईं।

# 65 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने शनिवार को विभिन्न चेक पोस्ट व बैरियर पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न चेकपोस्टों पर वाहनों की जांच कर 65 वाहनों का ई-चालान किया। वहीं पुलिस ने 1,29,100 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)

# शांति भंग के आरोप में 14 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने शुक्रवार रात अभियान चला कर चौदह लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

# दुष्कर्म के दो वांछित अभियुक्त पकड़े गए

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने शुक्रवार रात गश्त के दौरान दुष्कर्म मामले में वांछित मेढ़किया निवासी छोटकऊ उर्फ राजू को गिरफ्तार कर लिया। वहीं गिलौला पुलिस ने भी लेगडीगूलर मोड़ के पास से दुष्कर्म के आरोप में वांछित घोरमापरसिया के मजरा मठा निवासी दिनेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)

# शक्ति मोबाइल ने किया जागरूक



इकौना में महिलाओं व छात्राओं को जागरूक करती महिल पुलिस। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें स्वस्थ वातावरण देने के लिए जिले में मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को महिला पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल ने जगत जीत इंटर कॉलेज इकौना, अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज भिनगा सहित अन्य स्थानों पर जाकर महिलाओं व युवतियों को जागरूक किया।

जगतजीत इंटर कॉलेज इकौना में आयोजित चौपाल के दौरान शक्ति मोबाइल टीम में शामिल महिला आरक्षी संज्ञा भारती ने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके लिए उन्हें सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज भिनगा में आयोजित चौपाल के दौरान अर्जिता यादव ने मौजूद महिलाओं व युवतियों को पंपलेट वितरित कर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चिकित्सा सहायता के लिए 108, पुलिस कंट्रोल नंबर 112 व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि के बारे में जानकारी दी।

वहीं सीताद्वार में महिला आरक्षी सोनी देवी ने मौजूद महिलाओं से कहा कि यदि आपको किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने जाने पर कोई अनजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्प लाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त कर सकती है।

# कागजों पर हटा कब्जा, मौके पर बरकरार

## समाधान दिवस में आए 148 मामलों में सिर्फ 26 का निपटारा

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिले के तहसीलों व थानों में आयोजित होने वाला समाधान दिवस सिर्फ औपचारिकता बन चुका है। जिससे शासन की मंशा पर पानी फिर रहा है।

यहां आने वाले फरियादियों को न्याय के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। जबकि अधिकारी जांच के बिना ही मामले को निस्तारित दिखा रहे हैं। यही कारण है कि अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए फरियादियों को थाना, ब्लॉक व तहसील से लेकर जिला व प्रदेश का चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

ऐसा ही कुछ शनिवार को भी देखने को मिला। जब थानों में आयोजित समाधान दिवस में कुल 148 मामले आए। इनमें से मात्र 26 मामले ही निस्तारित हुए। यहां आने वाले ज्यादातर फरियादियों ने बताया कि वह कई बार आ चुके हैं, लेकिन उनके मामलों का निस्तारण नहीं हुआ।



रिसिया थाने में आयोजित समाधान दिवस में फरियाद सुनते अधिकारी। -संवाद

### तहसीलदार ने भेज दी गलत रिपोर्ट

**केस-1**

इकौना के ग्राम रमनगरा के मजरा पकड़िया में खलिहान की भूमि पर कब्जा को लेकर राजेश कुमार शुक्ला ने थाना, तहसील सहित डीएम से कई बार शिकायत की थी। इसके बावजूद कब्जा नहीं हटा। जबकि इस मामले की आईजीआरएस पर शिकायत के बाद तहसीलदार इकौना ने इस भूमि पर कब्जा न होने की गलत रिपोर्ट भेज दी।

### धान नहीं काटने दे रहे विपक्षी

**केस-2**

भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भिट्ठी बनकटवा निवासिनी पानकली उर्फ रूपरानी पत्नी गुलाब खेत में लगी धान की फसल को काटना चाहती है। जिसे तिलकपुर के मजरा मझगवां निवासी कुछ लोग लाठी-डंडे के बल पर काटने नहीं दे रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि उसे मारा पीटा भी गया। लेकिन लगातार शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### नहीं छोड़ रहे कब्जा

**केस-3**

भिनगा के ग्राम भीखपुर तराई निवासिनी गुलशन पत्नी बशीर का आरोप है कि उसकी कृषि भूमि की पैमाइश के बाद सीमांकन की कार्रवाई की गई थी। जिस पर विपक्षियों ने 15 दिन में कब्जा हटा लेने की बात कही थी। जिसे न हटा कर अब विपक्षी नींव खोद कर दीवार बनाना चाहते हैं। जिसकी कई शिकायत के बाद भी कब्जा नहीं हटाया जा रहा है।

### शिकायत के बाद भी नहीं मिल रहा न्याय

**केस-4**

भिनगा के हनुमानगढ़ी निवासी राजेश कुमार को नगर के ही एक व्यक्ति ने मारा पीटा था। जिसकी शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में सुलह करवा दिया था। अब विपक्षी पीड़ित से पैसों की मांग कर रहा है। ऐसा न करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जिसकी शिकायत के बाद भी उसे न्याय नहीं मिल रहा है। यही हाल भिनगा के सत्ती चौरा निवासी मोहम्मद उमर का भी है। जिसका लिखित समझौता होने के बावजूद विपक्षी उसकी भूमि से कब्जा नहीं छोड़ रहे है। दोनों पीड़ित न्याय के लिए भटक रहे है।